स्वदेश TODAY digital
रांची, गुरुवार
09.05.2024
वर्ष : 09, अंक : 127, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया
www.swadeshtoday.com

हिन्दी दैनिक
# स्वदेश टुडे
देश की आवाज



जनजातीय समाज के बीच कराए जा रहे मतांतरण रोकना सबसे बड़ी...
3

@swadeshtoday | @swadesh_today | swadesh_today | swadesh today | @swadesh_today | 8092174888 | 9031730388

## NEWS IN Gallery

### हाई कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर लगा जुर्माना किया माफ

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट ने याचिका में त्रुटि दूर किये बिना हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन करने पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर पूर्व में लगाये गये 1,25,000 के जुर्माने को बुधवार को माफ कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने अर्जुन मुंडा पर लगाये गये जुर्माना की राशि माफ करने का आग्रह कोर्ट से किया था, जिसे कोर्ट ने मान लिया। साथ ही कोर्ट ने रांची में बीजेपी के सचिवालय मार्च मामले में धुर्वा थाने में दर्ज एफआईआर मामले में अर्जुन मुंडा सहित 27 आरोपितों पर पीड़क कार्रवाई पर रोक 25 जुलाई तक बरकरार रखी है।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली** : टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सीनियर क्रू मेंबर के सामूहिक छुट्टी पर चले जाने से अपनी 80 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइन को मंगलवार देर रात से बुधवार सुबह तक इंटरनेशनल और घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। कंपनी ने पैसेंजर्स को पूरा रिफंड वापस देने का ऐलान किया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि बड़ी संख्या में चालक दल के सदस्यों के बीमार होने के कारण छुट्टी पर चले जाने से कुछ उड़ानों में देरी हुई हैं, जबकि कुछ रद्द कर दी गयी है। एयरलाइन ने कहा कि पर्याप्त केबिन क्रू मेंबर नहीं होने के कारण कोच्चि, कालीकट और बेंगलुरु सहित अन्य फ्लाइट्स को रद्द करना पड़ा है। एयरलाइन ने इस अप्रत्याशित व्यवधान के लिए अपने मेहमानों से माफी मांगते हुए खेद जताया है। कंपनी ने कहा कि उड़ानें रद्द होने से प्रभावित पैसेंजर्स को या तो एयरलाइन से पूरा रिफंड मिलेगा या वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी उड़ान री-शेड्यूल्ड कर सकेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने की भारतीय चुनाव प्रणाली की तारीफ, कहा –

# हमने ऐसा उत्सवपूर्ण चुनाव कभी नहीं देखा

- भारत की चुनाव व्यवस्था देखने आये फिलीपींस और श्रीलंका के दल ने साझा किये अनुभव

एजेंसी



**भोपाल** : भारतीय चुनाव व्यवस्था का अवलोकन और अध्ययन करने के लिए पांच मई को भोपाल आये फिलीपींस और श्रीलंका के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को निर्वाचन सदन भोपाल में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से मुलाकात की। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने 5 से 7 मई तक निर्वाचन की प्रत्येक प्रक्रिया के अवलोकन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि महात्मा गांधीजी के देश में लोकतंत्र यहां के लोगों के दिलों में जिंदा है। भारतीय चुनाव को एक पर्व की तरह मनाते हैं। हमने ऐसा उत्सवपूर्ण चुनाव कभी नहीं देखा। लोकतंत्र की मजबूती के लिए यहां के हर मतदाता की आस्था और उसकी अभिव्यक्ति अभिभूत कर देने वाली है। हमने तीन दिनों में बहुत कुछ देखा, समझा और सीखा। इस आनंदपूर्ण चुनाव प्रणाली से हमें प्रेरणा मिली है। हम अपने देश में भारतीय निर्वाचन व्यवस्था की सभी अच्छी व्यवस्थाओं को लागू करने की अनुशंसा करेंगे।

श्रीलंका के प्रेसीडेंशियल कमीशन ऑफ इन्क्वायरी टू मेक रिकमंडेशन्स फॉर इलेक्शन लॉ रिफार्म्स के कमीशन मेंबर सुंथारम अरूमैनायाहम ने बताया कि मतदान के दिन हमने देखा कि निर्वाचन में नियुक्त हर व्यक्ति बखूबी अपना काम कर रहा था। कोई भी दूसरे के काम में दखल नहीं दे रहा था। मतदाता बड़े धैर्य के साथ अपनी बारी के इंतजार में खड़े थे। सभी मतदान केंद्रों में मतदान की शानदार व्यवस्थाएं थीं। श्रीलंका की कमीशन मेंबर निमालका फर्नांडो ने कहा कि भारत की निर्वाचन व्यवस्था अभिभूत कर देने वाली है। हम बेहद प्रभावित हैं और श्रीलंका में भी ऐसे ही चुनाव की व्यवस्था के लिए अनुशंसा करेंगे।

### फिलीपींस के कमीशन ऑन इलेक्शन्स की डायरेक्टर ने बताया चकित करनेवाला

**फिलीपींस** के कमीशन ऑन इलेक्शन्स की डायरेक्टर सेलिया बी. रोमेरो ने कहा कि हमने मतदान सामग्री वितरण से लेकर मतदान पूरा होने तक की सभी प्रक्रियाओं को करीब से देखा। यह एक चकित कर देनेवाला अनुभव था। ईवीएम में हर अभ्यर्थी का नाम, उसका दल, उसकी फोटो और उसके चुनाव चिन्ह का भी प्रदर्शन किया गया था। यहां मतदाता को अपनी पसंद के उम्मीदवार की पहचान करने और उसे चुनने का बेहद सरल और सहज माध्यम उपलब्ध कराया जाता है। यह एक अनुकरणीय व्यवस्था है।

सैम पित्रोदा के बयान पर पीएम मोदी का हमला, बोले –

# शहजादे के अंकल ने रंग के आधार पर देश के लोगों का किया अपमान

एजेंसी

**वारंगल** : सैम पित्रोदा के कथित रूप से नस्लीय टिप्पणी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस व राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि शहजादे (राहुल गांधी) के फिलोसोफर अंकल (सैम पित्रोदा) ने मेरे देश की जनता को चमड़ी के रंग के आधार पर देश के लोगों का अपमान कर रहे हैं। यह अपमान देश नहीं सहेगा और मोदी तो बिल्कुल नहीं करेगा। शहजादे को इसका जवाब देना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यही वजह है कि कांग्रेस के लोग रंग के आधार पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को हराना चाहते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के वारंगल में सभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा - कांग्रेस झूठ की कितनी बड़ी मास्टर है तेलंगाना से बेहतर कौन जानेगा। कांग्रेस ने अपनी सबसे बड़ी नेता के जन्मदिन से पहले किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया था। इन्होंने झूठ बोला या नहीं?



अब ये लोग 15 अगस्त तक अपने वादे टाल रहे हैं ताकि लोकसभा का चुनाव खत्म हो जाये फिर वे अपने हाथ ऊपर कर दें...क्या ये आपसे धोखा नहीं है?...ये लोग सनातन को गाली देने वाले लोग हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा - बीआरएस की सच्चाई भी एससी, एसटी और ओबीसी समाज को धोखा देने की है। बीआरएस ने 2014 में आपसे वादा किया था कि वो सरकार में आयी तो दलित मुख्यमंत्री बनायेंगी। बीआरएस ने दलित बंधु योजना के नाम पर भी आपका भरोसा तोड़ा...यही बीआरएस है जिसने तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाते हुए मुस्लिम आईटी पार्क बनाने की बात कही थी।

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा - दुनिया में हर तरफ अस्थिरता है, अशांति है, संकट है। ऐसे में क्या देश की कमान गलत हाथों में दी जा सकती है? पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा - कांग्रेस के 'शहजादा' जब से राफेल का मुद्दा बंद हुआ, उन्होंने पिछले पांच वर्षों में हर समय 'पांच उद्योगपतियों' के बारे में बात करना शुरू कर दिया...बाद में उन्होंने 'अंबानी-अडानी' कहना शुरू कर दिया, लेकिन चुनाव की घोषणा के बाद उन्होंने 'अंबानी-अडानी' को गाली देना बंद कर दिया। मैं उनसे पूछना चाहता हूं - शहजादा ये बतायें कि अंबानी-अडानी से कितना माल उठाया है। यह समझौता हुआ है कि आपने रातों-रात 'अंबानी-अडानी' को गाली देना बंद कर दिया।

# रांची–रामगढ़ टोल गेट पर इनोवा से पकड़ाया 46 लाख

**रामगढ़** : रामगढ़-रांची टोल गेट के पास पुलिस द्वारा बनाये गये चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक इनोवा कार से लगभग 46 लाख रुपये बरामद किये गये हैं। चेकनाका पर मौजूद दंडाधिकारी अवधेश कुमार ने इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी। सूचना पर थाने पहुंची सेल टैक्स डिपार्टमेंट की नोडल पदाधिकारी अनीता थेल्मामिंज ने बताया कि बरामद रकम 10 लाख से अधिक थी, इसलिए इनकम टैक्स डिपार्मेंट जांच कर रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

**बंद होने के बावजूद मिले 2000 के 21 नोट : जां**च के दौरान स्टेटिक स्क्वाड टीम ने



4590500 रुपये बरामद किये हैं, उसमें 2000 के 21 नोट शामिल हैं। गौर करने वाली बात यह है कि 2000 के नोट वर्तमान समय में चलंत नहीं है। इसके बावजूद वह पैसे कहां से ले गये इसकी जांच हो रही है। इसके अलावा 9097 नोट 500 रुपये के हैं। स्टेटिक स्क्वाड टीम ने तत्काल इसकी सूचना फ्लाइंग स्क्वायड टीम को दी।

# थैलेसीमिया से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी : अपूर्व चंद्रा

एजेंसी

**नई दिल्ली** : केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने बुधवार को कहा कि थैलेसीमिया से बचाव के लिए जागरुकता जरूरी है। सही समय पर इसकी रोकथाम करके ही इस बीमारी के बोझ को कम किया जा सकता है। अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपूर्व चंद्रा ने कहा कि इस बीमारी से निपटने के लिए समय पर पता लगाना और रोकथाम सबसे प्रभावी रणनीति है। देश में थैलेसीमिया के लगभग एक लाख मरीज हैं, हर साल लगभग 10 हजार नये मामले सामने आते हैं। अपूर्व चंद्रा ने कहा कि



अभी भी बहुत से लोग इस बीमारी से अनजान हैं कि इसे कैसे रोका जा सकता है। यह जरूरी है कि इस क्षेत्र के सभी हितधारक थैलेसीमिया पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान में सहयोग करें।

वित्त मंत्री का आंकड़ों के साथ राहुल गांधी को करारा जवाब, कहा –

# पीएसयू को कांग्रेस ने बिगाड़ा, हमने संवारा

एजेंसी

**नई दिल्ली** : केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के दावों का खुलकर जवाब दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा - कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की ओर से बार-बार यह दावा किया गया कि वर्तमान सरकार के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) को खत्म किया जा रहा है और वह अव्यवस्था के शिकार हो गये हैं, यह 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' का एक उदाहरण है, क्योंकि इसको लेकर जो तथ्य सामने हैं, वह तो बहुत अलग तस्वीर दिखाते हैं।

उन्होंने आगे लिखा - कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के तहत सार्वजनिक उपक्रमों को नुकसान हुआ। जिन सार्वजनिक उपक्रमों को पहले यूपीए सरकार के तहत उपेक्षित किया गया था उसका मोदी सरकार के कार्यकाल



में पुनरुत्थान हुआ। पीएम मोदी के नेतृत्व में पीएसयू फल-फूल रहे हैं। इसके साथ ही इनके स्टॉक प्रदर्शन में भी पर्याप्त वृद्धि हुई है। वहीं, सरकार के प्रयासों से इनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद मिली और निवेशकों का विश्वास भी इसमें बढ़ा है। इसके साथ ही सरकार की तरफ से बुनियादी ढांचे के विकास, बिजली, लॉजिस्टिक्स आदि पर ध्यान देने से रेलवे, सड़क, बिजली, धातु, निर्माण, भारी उपकरण निर्माण आदि में सार्वजनिक उपक्रमों को सीधे लाभ हुआ है।

उन्होंने कहा मोदी सरकार की पहल से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को यूपीए के समय पैदा हुए बैंकिंग संकट से उबरने में मदद मिली है। पीएसबी में एनपीए दशक के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत पर आ गया है और मुनाफा रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। मोदी सरकार के तहत सार्वजनिक उपक्रमों के कामकाज और वित्तीय स्थिति में आये परिवर्तन के लिए वित्त वर्ष 2013-14 और 2022-23 के बीच की तुलना जरूरी है। 31 मार्च, 2023 तक सभी सीपीएसई की टोटल पेड-अप कैपिटल 5.05 लाख करोड़ थी। जबकि, वित्त वर्ष 2013-14 में यह 1.98 लाख करोड़ रुपये थी यानी कि अब यह उस समय के मुकाबले 155 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि पीएसयू के बेहतर प्रबंधन के कारण पिछले तीन वर्षों में इनके शेयर की कीमतों में जबरदस्त वृद्धि हुई है।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

## आम सूचना

लोकसभा निर्वाचन -2024 के सफल संचालन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के कार्यालय में राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। यही व्यवस्था सभी जिलों में भी की गयी है।

### राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष

TOLL FREE
Tel.: 0651-2440020/ 0651-2440022/ 0651-2440023/ 0651-2440024
Toll Free Number No.- 1800-331-1950, Voter Helpline Number- 1950

### जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 06572-221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूंटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श आचार संहिता /निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपर्युक्त दूरभाष /टॉलफ्री नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

# इस बार दिन भर मतदान

PR No. 324585 (Election) 24-25

# चाय की चुस्कियों के साथ पक्ष-विपक्ष के लोग कर रहे हैं हार-जीत के दावे



**स्वदेश संवाददाता**

**खूंटी :** चाय भी बड़ी दिलचस्प चीज है। हालांकि चाय को दोस्ती और मान-सम्मान का प्रतीक माना जाता है, पर यह भी राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। जब किसी विषय या उद्देश्य पर चर्चा करनी हो, तो चाय की चुस्कियां इसमें काफी सहायक सिद्ध होती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2012 में इसे राजनीतिक रूप दे देते हुए इसे चाय पर चर्चा का नाम दिया। लोकसभा चुनाव को लेकर इस समय पूरे देश में सियासी माहौल गर्म है। हम जहां भी नजर घुमाएंगे, चाय की गुमटियों, होटलों पर विभिन्न राजनीतिक दल के लोग चाय पर चर्चा करते हुए नजर आ जाएंगे। पहले तो सिर्फ भाजपा ही चाय पर चर्चा करती थी, लेकिन अब विपक्ष ने भी इस अभियान की शुरूआत कर दी है। चाय पर चर्चा के दौरान पक्ष-विपक्ष यदि दोनों मिल जाएं, तो राजनीतिक चर्चा का माहौल और मजेदार हो जाता है। खूंटी संसदीय क्षेत्र की बात करें, तो भाजपा की ओर से चाय पर चर्चा के दौरान मोदी सरकार की उपलब्धि धारा 370, तीन तलाक, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, आर्थिक नीति, विदेश नीति आदि प्रमुख मुद्दे हैं। वहीं विपक्ष बेरोजगारी, सीएनटी एक्ट, पलायन, संविधान बदलने जैसे मुद्दों को हवा दे रहा है। तोरपा के प्रसिद्ध मुखिया होटल में बुधवार को चाय की चुस्कियां लेते हुए मोदी सरकार के कार्यों का बखान कर रहे थे। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संतोष जयसवाल कहते हैं कि यह कोई गली-नाली का चुनाव नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता और देश के भविष्य के निर्माण का चुनाव है। भाजपा नेता कहते हैं मोदी सरकार के दस साल की उपलब्धियों को देखें और कांग्रेस के 60 साल के शासनकाल को, अंतर साफ पता चल जायेगा। इस बार काम केंद्र सरकार की उपलब्धियों और उसकी योजनाओं को लेकर भाजपा चुनाव मैदान में उतरी है और इसी के आधार पर हम इस बार चार सौ पार के आंकड़े को छू पायेंगे। भाजपा के ही रामाशीष महतो और धर्मेंद्र कुमार कहते हैं कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं है, इसलिए लोगों को संविधान बदलने, सीएनटी एक्ट को खत्म करने जैसे बिना मतलब की बातों को लेकर बरगला रहा है, जबकि सच्चाई है कि मोदी सरकार तीसरी बार सत्ता में आयी, तो न संविधान बदलेगा और न ही किसी की जमीन छीनी जायेगी, लेकिन इंडी गठबंधन के नेता लोगों को खासकर आदिवासियों को इस मामले को लेकर भयभीत कर रहे हैं और उन्हें बरगला रहे हैं, पर विपक्ष की यह चाल कभी सफल नहीं होगी, क्योंकि सभी को पता है कि न तो संविधान कों बदला जा सकता है और न ही आदिवासियों की जमीन छीनी जायेगी। भाजपा नेताओं ने कहा कि विपक्ष के नेता बतायें कि मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल के दौरान किस आदिवासी की जमीन लूटी गई और संविधान में क्या संशोधन हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा के दस साल के कार्यकाल के दौरान ने देश में सांप्रदायिक दंगे हो रहे हैं और न ही पाकिस्तान हम पर हमला करने की हिम्मत कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी ही देश के विकास की गारंटी है। इसकें विपरीत कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव कैसर खान और वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिव शंकर साहू कहते हैं कि भाजपा प्रत्याशी और केंद्री यमंत्री अर्जुन मुंडा अपने पांच साल की उपलब्धियां बतायें, कि केंद्र में जनजातीय मामलों और कृषि मंत्री रहते उन्होंने खूंटी के विकास के लिए क्या किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अर्जुन मुंडा को तो क्षेत्र के लोगों ने देखा तक नहीं है। इस बार खूंटी संसदीय क्षेत्र की जनता भाजपा को सबक सीखाने का मन बना चुकी है।

## NEWS IN Gallery

### सिल्ली पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार



**सिल्ली:** सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार के दिन गश्ती के दौरान सुबह करीब 10 बजे गुप्त सूचना के आधार पर पतराहातू रोड में अवैध शराब का परिवहन करते हुए विजय प्रजापति उम्र 29 वर्ष पिता सुकु प्रजापति ग्राम पतराहातू थाना सिल्ली जिला रांची को अवैध प्रीमियम व्हिस्की 12 बोतल एवं बडवाईजर कैन बियर 48 बोतल विधिवत जप्त किया गया। बताते चले कि इस संदर्भ में सिल्ली थाना कांड संख्या 38/24 धारा 272/273 भादवि एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रसर कार्रवाई हेतु उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार मोदी, हवलदार विद्या प्रसाद एवं आरक्षी बटेश्वर टुडू शामिल रहे।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में समर कैंप का शुभारंभ



**खूंटी :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में समर कैंप का शुभारंभ बुधवार को किया गया। मौके पर झारखंड के फुटबॉल कोच रोशन मिंज, फुटबॉल रेफरी एसोसिएशन के मंगल मिंज वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट और पूर्व नेशनल वॉलीबाल खिलाड़ी माणिक बोस उपस्थित थे। रोशन मिंज ने कहा कि इन शिविरों में छात्र बिना किसी हिचकिचाहट के प्रशिक्षकों से सवाल पूछ रहे हैं। विद्यार्थी के डर को निकाल कर उन्हें मजबूत व निडर बनाया जा रहा है। छात्रों में विश्वास पैदा करने में यह समर कैंप कारगर साबित होगा। बच्चे लोक कला भी सीख रहे हैं। माणिक बोस ने कहा कि समाज में हमेशा से अभावग्रस्त रहे अनाथ, बालश्रम से मुक्त कराए गए बच्चों को खेल और पढ़ाई के माध्यम से उन्हे मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास सभी के लिए अनुकरणीय है।

### एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज मामलों के निष्पादन के लिए हाई कोर्ट में सुनवाई

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर बुधवार को सुनवाई हुई। मामले में निदेशक अभियोजन कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए।
कोर्ट ने उनसे पूछा कि निचली अदालत में एमपी-एमएलए के मामलों में यदि अदालत से वे रिहा कर दिए गए हैं, तो इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में क्रिमिनल एक्विटल अपील दाखिल की गई है या नहीं। एमपी-एमएलए के कितने मामलों में रिहाई के बाद ऊपरी अदालत में क्रिमिनल एक्विट्टल अपील दायर की गई है।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने किया जनसंवाद, कहा -

# हमारा देश नफरत से नहीं मुहब्बत से बढ़ेगा आगे

**स्वदेश संवाददाता**



**खूंटी :** लोकसभा चुनाव होने में महज कुछ ही दिनों का समय बचा है। ऐसे में खूंटी लोकसभा से इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने भी जनसंपर्क तेजी से करना शुरू कर दिया है। बुधवार को विभिन्न दर्जनों गांवो में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उनके साथ पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपने जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा पैदल ही लोगों के बीच पहुंचे। जहां उनका जगह-जगह फूलमाला से स्वागत किया गया। कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने बताया कि लोगों का जमसमर्थन भी मिल रहा है। वह जरूर जीत दर्ज कर खूंटी का प्रतिनिधित्व सांसद में करेंगे व खूंटी लोकसभा के विकास में अपनी महती भूमिका निभाएंगे। कालीचरण मुंडा ने मुरहू, हांसा, बांधटोली, घाघरा, सारिदकेल और गोवा,इन्दिपीड़ी, सैको, सिरूम, बारूपिडी, जोजोहातू, लान्दुप, सारलें, जिउरी, डाउडीह, गिडूग, बिचागुटू, सेरेगडीह, आदि क्षेत्रो में जनसंपर्क कर मतदाताओं से प्यार, स्नेह, सहयोग, आशीर्वाद व समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि नेता नहीं बल्कि बेटा बनकर क्षेत्र की सेवा करने हेतु आपके बीच आया हूं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है। आप लोगों के द्वारा मिल रहे अपार स्नेह व आशीर्वाद से मुझे हौसला मिल रहा है। इसके लिए मै आपका आभारी हूँ। उन्होने आगे कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। इसलिए देश की संपत्तियों को बेचा जा रहा है। आज अगर लोग जागरूक नहीं हुये तो कल पूरे देश को इससे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। भाजपा केवल नफरत की सियासत करती है उसे देश के विकास से कोई मतलब नहीं है। हमारा देश नफरत से नहीं बल्कि मुहब्बत से आगे बढेगा। भाजपा की उल्टी गिनती प्रारम्भ हो गयी है। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन 150 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पायेगी। नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार ने युवाओं को बेरोजगार बना दिया है। भाजपा ने दस वर्ष पहले युवाओं को रोजगार देने, महंगाई कम करने का वादा कर सरकार में आयी थी। लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। इस बार जनता लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण को बचाने के लिए हाथ छाप में बटन दबाकर मतदान करे।

# स्कूलों के फीस रूपी लूटतंत्र पर रोक लगायेंगे : धर्मेंद्र तिवारी

- **भांति-भांति के ले रहे हैं फीस, पढ़ाई है गायब**
- **गुणी शिक्षक विश्वविद्यालयों की लालफीताशाही के कारण अध्यापन से हैं वंचित**



**रांची :** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और रांची लोकसभा के प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने कहा है कि वह शिक्षा को प्रोत्साहित करेंगे, प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाएंगे और ट्यूशन फीस, बस फीस, लेबोरेटरी फीस, फील्ड विजिट फीस, स्पोर्ट्स फीस के नाम पर अभिभावकों से चल रही लूट को हर हाल में रोकेंगे। यहां जारी एक बयान में धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि निजी स्कूलों को जिम्मेदार बनाया जाएगा। अधिकांश स्कूल अपने नाम को भुना रहे हैं। भांति-भांति के फीस लिये जा रहे हैं और पढ़ाई गायब। यह उनका अहम एजेंडा है कि पढ़ाई के नाम पर जो धन वसूली का खेल खेला जा रहा है, उसे रोका जाए। श्री तिवारी ने कहा कि ट्यूशन फीस, बस फीस, लेबोरेटरी फीस, फील्ड विजिट फीस, स्पोर्ट्स फीस के नाम पर हर माह बच्चों से सैकड़ों रुपये लिये जा रहे हैं। इससे बचना चाहिए। स्कूल कभी भी प्राफिट कमाने के लिए नहीं खोला जाता। यह अध्ययन केंद्र होता है, जहां गुजारा भर फीस लेने में कोई बुराई नहीं। लेकिन अगर स्कूल बिजनेस सेंटर बन जाएंगे तो बच्चों का होगा क्या। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की स्थिति भी ठीक नहीं है। कहीं बच्चे नहीं तो कहीं शिक्षक नहीं। शिक्षक भी लापरवाही बरतते हैं। अपने अधिकार की बात तो करते हैं, कर्तव्य की बात भी उन्हें करनी चाहिए। पैसा भरपूर चाहिए लेकिन क्लास लेने के नाम पर छुट्टी ले लेते हैं। सेशन टाइम से नहीं है। ऑल इंडिया एक्रीडेशन के लिए जो शिक्षा की गुणवत्ता होनी चाहिए, वह झारखंड के कतिपय विश्वविद्यालयों में तो है ही नहीं। शिक्षकों का रोना लेकर लोग बैठे रहते हैं। जो योग्य लोग हैं, वह सड़कों पर चप्पल घिस रहे हैं। वो मूलतः लालफीताशाही के कारण अध्यापन से वंचित कर दिये गये हैं। श्री तिवारी ने कहा कि अगर रांची की जनता ने उन्हें मौका दिया तो वह पूरा प्रयास करेंगे कि केंद्रीय विद्यालयों की तर्ज पर सरकारी और निजी स्कूलों का सिस्टम हो जाए। जैसे केंद्रीय विद्यालयों में गुणी शिक्षक होते हैं, फीस की कोई मारा-मारी नहीं होती, हर घंटी मनोयोग से पढ़ाई होती है,

## घर से टुलू मशीन की चोरी पुलिस ने चोरों को पकड़ा



**बुढ़मू :** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में चोरी करने वाले चोरों को ठाकुरगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। समरसेबल, टुलू मशीन और स्टेपलाइजर चोरी करने वाले ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के पतरातू निवासी जुलफान अंसारी, भेलवाटांड़ निवासी मोईन अंसारी और खरकूटोली निवासी तौफीक आलम को ठाकुरगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बरौदी निवासी निर्मल महतो के दिये गए आवेदन के अनुसार 7 मई को निर्मल के घर से जुलफान अंसारी अन्य चोरों के साथ मिलकर घर का ताला तोड़कर स्टेपलाइजर और टुलू मशीन चोरी कर लिया. आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने छापामारी करते हुए जुलफान को गिरफ्तार किया और जुलफान के निशानदेही पर मोईन और तौफीक को गिरफ्तार किया और चोरी किया हुआ टुलू पंप, समरसेबल, स्टेपलाइजर और चोरी करने में प्रयोग किया गया बाइक को भी बरामद किया। छापामारी दल में ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार एवं थाना के दिलीप कुमार, प्रधान किस्कू, दमियानुश टोप्पो, हेमंत कुमार यादव, अशोक कुमार और सोमेश्वर भगत शामिल थे।

## लोस चुनाव को लेकर अमर बाउरी ने किया क्षेत्र का दौरा

**स्वदेश संवाददाता**



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बुधवार के दिन आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सिल्ली क्षेत्र का दौरा किया। सिल्ली पहुंचते ही बीजेपी के कार्यकताओं ने विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं ने उनको ग्राम विकास हाई स्कूल के समीप माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात सिल्ली के नायक टोला में जनसभा को संबोधित किया। सभा का संचालन विनय महतो धीरज ने किया। अपने संबोधन में लोगों के बीच उन्होंने कहा कि मोदी का सपना को साकार करना है। आप अपना बहुमूल्य वोट देकर मोदी के हाथों को मजबूत करें। मोदी जी दलित और गरीबों का उत्थान के लिए हमेशा आगे रहते हैं। बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास के लिए चिंतित रहते हैं। विपक्षी को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार विकास विरोधी है। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्रियों के आदमियों के पास से अवैध रुपए बरामद हो रहे हैं यह सारे रुपए जनता की है। सभा का समापन मंडल अध्यक्ष विनोद साहू ने किया। इसी क्रम में संत शिरोमणि रविदास के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। तदोपरांत कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का रोड शो या संजय सेठ का जनसभा में अपार जन समर्थन मिल रहा है और पुनः संजय सेठ सांसद चुने जाएंगे। अबकी बार 400 सीट जीतकर हम लोग फिर से तीसरी बार मोदी सरकार बनाएंगे। लोग गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर 2019 में राज्य में ठगबंधन की सरकार बनी उसकी स्थिति क्या है किसी से छिपी नहीं है। लगभग तीन दिनों से झारखंड में नोटों की गड्डी का चर्चा चल रहा है। यह घटना काफी शर्मसार है। कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति की है। इस मौके पर विधानसभा सहसंयोजक शंकर भगत, सोनहातू मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोईरी , राहे मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो, बारेंदा मंडल अध्यक्ष मनोज महतो, अमित महतो समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड में मनाया गया अपनापन दिवस




**स्वदेश संवाददाता**

**रांची :** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड में हर साल 7 मई को 'अपनापन दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह दिन एमिटी यूनिवर्सिटी, झारखंड के माननीय चांसलर डॉ. अतुल के. चौहान का जन्मदिन बड़े उत्साह के साथ मनाता है। यह दिन उस प्यार और सम्मान की भी याद दिलाता है जो कैंपस समुदाय संस्थान को देता है और हमारे श्रद्धेय संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. अशोक के. चौहान के आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त करता है।अपनेपन के अद्भुत दिन पर, डॉ. अशोक के. श्रीवास्तव, कुलपति, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने तहे दिल से शुभकामनाएं दीं, ₹आइए हम सर्वशक्तिमान से प्रार्थना करें कि वह हमारे चांसलर सर को अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद दें और उन्हें सफलता की अद्वितीय ऊंचाइयां प्रदान करें।उस दिन को मनाने के लिए, कैंपस समुदाय 'गौ सेवा' करने के लिए 'कबीराज डेयरी फार्म' का दौरा करने के लिए एक साथ आया, जहां गायों को हरी पत्तेदार सब्जियां और गुड़ का प्रसाद दिया गया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने खेत के मेहनती श्रमिकों के बीच भोजन के पैकेट भी वितरित किए।इसके बाद, उस दिन, 'रूबी ओल्ड एज होम' का दौरा किया गया, जहां उन्होंने फल वितरित किए और बुजुर्गों को अपने जीवन के अनुभवों और भावनाओं को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया, और प्यारे चांसलर सर के लिए उनका आशीर्वाद मांगा।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम** || सभी पोलिंग आधिकारियों को किया गया प्रशिक्षित

# त्रुटि रहित चुनाव कराना मतदानकर्मियों की जिम्मेवारी : डीईओ

**स्वदेश संवाददाता**



**खूंटी :** लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा 60-खूंटी एवं 59-तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त पार्टी वाइज सभी पोलिंग आधिकारियों के लिए बुधवार को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान के दिन मतदान केंद्र पर और मतदान के बाद की प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्य और दायित्वों से अवगत कराया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि चार चरणों में संपन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से आप सभी को चुनाव कार्य की तमाम प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया है। आशा की जाती है कि आप सभी अपने कार्यों में दक्ष होकर त्रुटिरहित चुनाव कार्यों का निष्पादन करेंगे। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को सुबह छह बजे तक बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर स्थित डिस्पैच सेंटर पर पहुंचने का निर्देश दिया, ताकि मतदान कर्मियों को समयानुसार कलस्टर एवं मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा डिस्पैच सेंटर से प्रस्थान करने से लेकर कलस्टर एवं मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। आप सभी भयमुक्त होकर अपने कार्य और दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि डिस्पैच सेंटर से प्रस्थान करने के बाद किसी भी मतदानकर्मी को निर्धारित कलस्टर एवं बूथ के सिवाय कहीं भी रुकने की इजाजत नहीं है। उपायुक्त ने मतदानकर्मियो को निर्देशित किया कि मतदान के दिन पूर्वाह्न पांच बजे संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर निर्धारित समय पर मतदान आरंभ कराने की प्रक्रिया को सावधानी के साथ पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियाजना निदेशक, आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप द्वारा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं के संबंध में बताया गया।

### भाजपा ने गोविंदपुर मंडल में चलाया जनसंपर्क अभियान



**खूंटी :** लोकसभा चुनाव में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी अरूण चंद्र गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा और मातृशक्ति कार्यकताओं ने बुधवार को हकेला ग्राम में रैली निकाली गई और ग्रामीणों के साथ संवाद कर अर्जुन मुंडा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अरूण चंद्र गुप्ता ने कहा कि नरेंद्र मोदी ही ऐंसे प्रधानमंत्री हैं, जो हर समय गांवों और ग्रामीणों के विकास की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए खूंटी से अर्जुन मुंडा को भारी मतों से विजयी बनायें। मौके पर मातृशक्ति और ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में शत प्रतिशत वोट करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संतोष जयसवाल, शिव कुमार केसरी, श्याम सोनी, राम लखन सिंह, गजेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, सीमा देवी, दिलीप सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान

**स्वदेश संवाददाता**



**खूंटी :** लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को खूंटी प्रखंड में विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ मारंगहातू में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी, खूंटी ने ग्रामीणों से मिलकर उन्हें मतदान कर लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर ग्रामीणों को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।
मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण कर मतदान के महत्व, मतदान की तिथि, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए क्या क्या सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी आदि संबंधित सूचना हैं, जिसे आमजनों के बीच वितरण किया गया।

# झामुमो-कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचारियों को दे रही संरक्षण : बाबूलाल मरांडी

● भाजपा ने झारखंड सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को प्रदेश की झामुमो-कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है, उसे बचने का काम कर रही है। सत्ता में शामिल लोगों की तिजोरी तक भ्रष्टाचार का पैसा पहुंच रहा है। मरांडी ने कहा कि इनके मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के यहां से छापे में 35 करोड़ रुपये मिले हैं। ऐसे में मंत्री और सचिव के यहां छापा मारने पर कितने रुपये मिलेंगे, इसका अनुमान लगा पाना भी मुश्किल है।
हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में आरोप पत्र जारी करते उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता पर बैठे लोग राज्य को लूटने और कमाने में लगे हैं। कांग्रेस और झामुमो की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस शुरू से झारखंड और झारखंडवासियों की विरोधी रही है। विधायक सीपी सिंह ने बताया कि भाजपा की ओर से जारी 28 पन्ने के आरोप पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार का जिक्र है। साथ ही हेमंत सरकार पार्ट 2 (चंपाई सरकार) के कारनामों का भी जिक्र किया गया है। राज्य सरकार द्वारा किए गए वादे और उसके हकीकत को बयां किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोप पत्र में भ्रष्टाचार को उठाया गया है। इसमें बताया गया है कि कांग्रेस के सांसद के विभिन्न ठिकानों से 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है। बालू, कोयला, पत्थर का अवैध खनन, जमीन की लूट, शराब घोटाले ने झारखंड को कलंकित किया है। आजाद भारत में किसी राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा खुद के नाम पर खनन पट्टा लेने से राज्य पहले ही कलंकित हुआ है। राज्य में स्टेट स्पॉन्सर्ड करप्शन है। भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारी, दलाल, बिचौलिये तक संलिप्त हैं। ईडी की छापामारी में पूजा सिंघल के करीबियों के यहां करोड़ों रुपये बरामद हुए। सेना की जमीन तक को नहीं छोड़ा गया।



## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री कल मनोहरपुर, कुरडेग और चैनपुर में जनसभा को करेंगे संबोधित



**रांची :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 10 मई को झारखंड आएंगे। इस दिन वे खूंटी लोकसभा, लोहरदगा लोकसभा और सिंहभूम लोकसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। विष्णु देव साय पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित मणिपुर मैदान में 10:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी, भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा, पश्चिम सिंहभूम के जिला अध्यक्ष संजू पांडे, सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव भी मौजूद रहेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री खूंटी लोकसभा के गताडीह बगीचा, प्रखंड मैदान करडेग में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, जिला अध्यक्ष (खूंटी) चंद्रशेखर गुप्ता, जिला अध्यक्ष सिमडेगा लक्ष्मण बड़ाईक भी मौजूद रहेंगे। साय गुमला के गुमला जिले के चैनपुर के छतरपुर बगीचा मैदान में 2:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह, प्रत्याशी समीर उरांव, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, गुमला जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू भी मौजूद रहेंगे।

# मुख्यमंत्री ने झाप्रसे के सात अधिकारियों पर कार्रवाई करने के दिए आदेश

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के सात अफसरों पर विभागीय कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इनमें तीन अधिकारी सेवानिवृत्त हो गये हैं। सभी अधिकारियों पर उनके पदस्थापन काल में अलग-अलग मामलों पर गड़बड़ी करने के आरोप में कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है। इन जिलों के लिए उपायुक्तों ने प्रपत्र क गठित कर सरकार को रिपोर्ट भेजा था, जिसकी प्रथम दृष्टया जांच में आरोप प्रमाणित पाये गये। सारा मामला मुख्यमंत्री के समक्ष भेजा गया, जिसके बाद रिटायर आईएएस अधिकारी कमल जॉन लकड़ा को आरोपों की जांच के लिए जांच संचालन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। सभी अधिकारियों से आरोपों के मामले में जवाब-तलब भी किया जायेगा। इस संबंध में बुधवार को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।




## इन अधिकारियों पर होगी विभागीय कार्रवाई

- रविन्द्र कुमार सिंह, सेवानिवृत, झाप्रसे, तत्कालीन भू-अर्जन पदाधिकारी, चतरा।
- जयदीप तिग्गा, झाप्रसे, तत्कालीन जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा।
- रविशंकर, सेवानिवृत, झाप्रसे, तत्कालीन संयुक्त सचिव सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जलसंसाधन विभाग झारखंड।
- लखी राम बास्के, झाप्रसे, तत्कालीन विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी-03, मानगो शिविर, आदित्यपुर, सम्प्रति उप सचिव योजना एवं विकास विभाग।
- जितेंद्र कुमार देव, झाप्रसे, तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी, पाकुड़।
- मुकुंद दास, सेवानिवृत, झाप्रसे, बीडीओ, गुमला।
- संदीप बक्शी, झाप्रसे

## पोलिंग पार्टियों का सेकेंड और माइक्रो आब्जर्वर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया

**रांची :** लोकसभा चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियों का सेकेंड और माइक्रो आब्जर्वर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया। बुधवार को समाहरणालय में निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में रैन्डमाइजेशन किया गया। रांची लोकसभा क्षेत्र के सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची, कांके, तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों (पीठासीन पदाधिकारियों) और माइक्रो आब्जर्वर का रैन्डमाइजेशन किया गया।

## कांग्रेस नेताओं ने रांची लोकसभा सीट से इंडी को जीत दिलाने का लिया संकल्प




स्वदेश संवाददाता

**रांची :** लोकसभा चुनाव को लेकर रांची जिला कांग्रेस कमेटी के जिला पदाधिकारियों की एक बैठक कांग्रेस भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के साथ रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने कहा कि देश की राजनीतिक स्थिति भयावह है। यह सिर्फ एक आम चुनाव नहीं, बल्कि देश के संविधान बचाने का चुनाव है। देश की सामाजिक समरसता को बचाए रखने का चुनाव है। इसीलिए सभी नेताओं को गांव-गांव जाकर कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय और पच्चीस गारंटी से संबंधित कार्ड को प्रत्येक घर तक पहुंचाना होगा। बैठक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पदाधिकारियों ने सुझाव दिये। साथ ही यह भी संकल्प लिया कि रांची लोकसभा में आईएनडीआईए की जीत हर हाल में सुनिश्चित करनी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र के स्थापित नेता हैं। आप इस चुनावी युद्ध में जोर-शोर से लग जाएं। देश को बचाने के लिए कांग्रेस के एक-एक नेता को पंचायत एवं बूथ स्तर पर जनसम्पर्क अभियान चलाकर जनता को जागरूक करना होगा।

### लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्रों की 4डी कैमरे से वेबकास्टिंग

# जीपीएस ट्रैकिंग के माध्यम से ईवीएम का आवागमन करने वाले वाहनों पर रखी जायेगी नजर

स्वदेश संवाददाता

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्रों पर 4डी कैमरे के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ केंद्रीय निर्वाचन आयोग के स्तर से मॉनिटरिंग की जानी है। इस बार के मतदान में मतदान केंद्र के अंदर एवं बाहर दोनों ओर के फीड पर विभिन्न स्तरों से मॉनिटरिंग की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट के लिए गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जिलों में निर्वाचन संबंधित चल रही तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।



### वाहनों का ससमय भुगतान कर कार्य मुक्त करें

रवि कुमार ने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान ससमय करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें। वाहन के प्रबंधन में सभी जिलों के पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। किसी प्रकार के संशय की स्थिति में मुख्यालय में गठित वाहन प्रबंधन कोषांग से विमर्श कर निर्णय लें। उन्होंने कहा कि वाहनों के प्रबंधन में इस बात का ध्यान रखें कि निर्वाचन के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी सुगमता से बहाल रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चालकों की खुराकी, पेट्रोल पम्प मालिकों को एडवांस पेमेंट, वाहन मालिकों को एडवांस पेमेंट आदि विषयों पर जिलों में किये जा रहे कार्य को लेकर वाहन प्रबंधन की समीक्षा की। साथ ही इन सबका वीएमएस पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर इवीएम पहुंचाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाकर इसकी मानिटरिंग करने एवं संधारण गृह में इवीएम के संधारण के उपरांत ही जीपीएस को हटाने का निर्देश दिया।

### सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन बुधवार को एक भी नामांकन नहीं किया गया। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। रवि कुमार ने बताया कि सातवें चरण के लिए सात मई को नामांकन के पहले दिन तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसमें राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (सुरक्षित) से एक और गोड्डा से दो लोगों ने नामांकन किया था। हालांकि, दुमका से नामांकन का खाता खुलना अभी बाकी है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 112 करोड़ 92 लाख के सामान और नकदी जब्त किये जा चुके हैं।

## जनजातीय समाज के बीच कराए जा रहे मतांतरण रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता : विनोद बंसल




स्वदेश संवाददाता

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा कि इस पवित्र भूमि में जनजातीय समाज के बीच कराए जा रहे मतांतरण के प्रयास को रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए लोकतंत्र के इस महापर्व में राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए शत प्रतिशत मतदान कर सभी नागरिक अपने राष्ट्रधर्म का पालन करें। विनोद बंसल बुधवार को विहिप के झारखंड प्रांत की बैठक में बोल रहे थे। बैठक रांची एयरपोर्ट रोड स्थित ग्रीन एकर होटल के सभागार में विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत की अध्यक्षता में हुई। मौके पर विहिप के क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल और क्षेत्र सहमंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने परिषद के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष विश्व हिंदू परिषद अपने 60 वर्ष पूर्ण कर षष्टिपूर्ति वर्ष मनाने जा रही है। प्रत्येक पंचायत में समितियां बने तथा समितियां के माध्यम से हिंदू समाज के बीच सेवा, सुरक्षा और संस्कार के लिए होने वाले कार्यों को गति मिले। इस दौरान प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया 12 मई से 19 मई तक सभी प्रखंडों में सीता नवमी का कार्यक्रम 1000 स्थान पर मनाने की योजना है। जून माह में परिषद शिक्षा वर्ग, बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्गों, का आयोजन 5 जून से 15 जून तक गिरिडीह के मधुबन एवं लोहरदगा में किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद द्वारा सेवा की दृष्टि से रक्तदान शिविर, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, संस्कारशाला तथा वर्तमान समय में गर्मी को देखते हुए कई जिलों में प्याऊ के माध्यम से पानी पिलाने का काम परिषद के कार्यकर्ता कर रहे हैं। षष्टि पूर्ति वर्ष में प्रांत में 5000 पूर्ण समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बजरंग दल के जरिये कई प्रखंडों में बलोपासना केंद्र, दुर्गा वाहिनी के जरिये शक्ति साधना केंद्र संचालित किया जा रहा है। साथ ही सत्संग गोरक्षा, धर्म प्रसार आदि के कार्य संपूर्ण झारखंड में चलाए जा रहे हैं। प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति पर गर्व कर सके इस दृष्टि से श्रीराम का चरित्र का ज्ञान सभी को हो। इसके लिए विश्व हिंदू परिषद विद्यालय स्तर पर रामायण ज्ञान परीक्षा का आयोजन करेगी । साथ ही बैठक में उपस्थित होने के लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

## निश्चित हार को देख कर मोदी एवं उनके नेता हो गए हैं दिशाहीन : झामुमो

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में तीसरे चरण के मतदान के साथ ही आधा चुनाव संपन्न हो गया है, जो रिपोर्ट आ रही है, उसके अनुसार मोदी और भाजपा चुनाव हार रहे हैं। पहले से मुद्दाविहीन मोदी और उनके नेता अब और दिशाहीन हो गए हैं।




भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश के दुराचारी, आरोपितों और भ्रष्टाचारियों को पहले टिकट दिया और अब उनके लिए मोदी घूम-घूम कर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी सरना धर्म कोड पर क्यों नहीं बोलते हैं। अनाप-शनाप बोलकर क्यों झारखंड का माहौल खराब कर रहे हैं।

## हाई कोर्ट से बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश और अर्जुन मुंडा सहित अन्य भाजपा नेताओं को राहत बरकरार

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, ढुल्लू महतो, कुशवाहा शशि भूषण, समरी लाल, नवीन जायसवाल के अलावा बिरंची नारायण सिंह, सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, रविंद्र कुमार राय, यदुनाथ पांडेय, शिवशंकर उरांव, अमित कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, ललित ओझा, रमेश कुमार सिंह, कामेश्वर सिंह, उमेश कुमार, नीलम चौधरी, अमित कुमार मंडल, अशोक कुमार बड़ाईक, आरती कुजूर आदित्य प्रसाद, सिद्धू माझी, शत्रुघ्न सिंह को बड़ी राहत मिली है।

## सीईओ ने #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर हैशटैग अभियान की सफलता पर जताया आभार




स्वदेश संवाददाता

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के कार्यालय द्वारा #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर हैशटैग अभियान ट्रेंड में रहा। इस अभियान में सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला सूचना जनसम्पर्क पदाधिकारी के स्तर पर सभी स्वीप कार्यक्रमों का डिजिटल कंटेंट तैयार कर सात मई को शाम छह से आठ बजे के बीच अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किए गए। इसके अलावा सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूलों के सोशल मीडिया हैंडल से भी स्कूल के बच्चों द्वारा किये गए मतदाता जागरुकता के कार्यों जैसे, अपने अभिभावकों को पत्र, पोस्टर आदि के डिजिटल रूप को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। इस दौरान सभी जिले में हुए अबतक के स्वीप कार्यक्रम जैसे, प्रभातफेरी, मैराथन आदि की तस्वीरें भी सोशल मीडिया हैंडल्स से साझा की गईं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के नेतृत्व में किये गए सभी जिलों के प्रयास से कैम्पेन सफल रहा। इसे लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभियान से जुड़े सभी मतदाताओं, पदाधिकारियों, कर्मचारियों, सोशल मीडिया के इंफ्लुएंसर, मीडिया के प्रतिनिधियों, निर्वाचन के लिए सभी जिलों में गठित मीडिया सेल के कर्मियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के प्रति मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित इस सफल अभियान में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर लाखों की संख्या में पोस्ट हुए। इस तरह के अभियान से सोशल मीडिया से जुड़े मतदाताओं को जागरूक करने में सहायता प्राप्त होती है।

**राजनीति** | झारखंड की राजनीति में लहलहाएगी वंश-विरासत और परिवार की फसल

# राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की लड़ाई लड़ रहीं बेटियां और पत्नियां

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** अक्सर देखा जाता है कि राजनेताओं की राजनीतिक विरासत को उनके बेटे ही संभालते हैं लेकिन झारखंड में नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। यहां राजनेताओं की बेटियां और पत्नियां उनकी राजनीतिक विरासत को संभाल रही हैं। इनमें कल्पना सोरेन, अनुपमा सिंह, अन्नपूर्णा देवी, सीता सोरेन, जोबा मांझी, गीता कोड़ा, निर्मला देवी, अंबा प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की और यशस्विनी सहाय जैसे नाम प्रमुख हैं। ये पिता या पति की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की लड़ाई लड़ रही हैं। इसकी शुरूआत बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद के साथ हुई। पिता योगेंद्र साव के जेल जाने के बाद बेटी अंबा प्रसाद ने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। शिल्पी नेहा तिर्की भी पिता बंधु तिर्की की राजनीतिक विरासत को संभाल रही हैं। इस कड़ी में यशस्विनी सहाय का नाम भी आता है जो पिता सुबोधकांत सहाय की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए चुनावी मैदान में हैं। यह अलग बात है कि बेटियों के चुनावी मैदान में कूदने के कई कारण और परिस्थितियां बनीं। योगेंद्र साव के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी निर्मला देवी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ीं। जनता ने निर्मला देवी का साथ दिया और वह विधायक बनीं लेकिन कई आपराधिक मामलों में फंसने की वजह से निर्मला देवी को भी जेल जाना पड़ा। ऐसे में उनकी बेटी अंबा प्रसाद को 2019 के विधानसभा चुनाव में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाना पड़ा। अंबा चुनाव जीत कर परिवार की राजनीतिक विरासत को बचाने में सफल रहीं। इसी तरह बंधु तिर्की को कोर्ट से सजा मिलने के बाद विधानसभा की सदस्यता खत्म हो गई। उन्होंने राजनीतिक विरासत बचाने के लिए बेटी शिल्पी नेहा तिर्की को मांडर विधानसभा क्षेत्र में हुए उप चुनाव में खड़ा कर दिया। शिल्पी भी चुनाव जीत गईं। इस बार झारखंड से लोकसभा चुनाव लड़ने में पत्नियां भी पीछे नहीं हैं। दिवंगत दुर्गा सोरेन की पत्नी और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को परिवार में सम्मान नहीं मिला तो भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा ने दुमका से सीता सोरेन को उतारा है। कांग्रेस ने विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को धनबाद से टिकट दिया है। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पहले ही पार्टी कमान संभाल चुकी हैं। वे गांडेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव लड़ रही हैं। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को भाजपा ने सिंहभूम से प्रत्याशी बनाया है। इनके अलावा अन्नपूर्णा देवी और जोबा मांझी समेत कई अन्य महिलाएं भी राजनीति में पति की राजनीतिक विरासत संभाल रही हैं।



### कल्पना सोरेन ने गांडेय से राजनीतिक जीवन की शुरूआत की

झारखंड के सबसे बड़े राजनीतिक परिवारों में से एक सोरेन परिवार में शादी के 18 वर्ष गुजारने के बाद कल्पना सोरेन की गांडेय से राजनीति में एंट्री हुई। वह गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी हैं। कल्पना सोरेन की राजनीति में एंट्री पति हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद हुई थी। वह इंडी गठबंधन की मुंबई, दिल्ली व रांची में रैली में पार्टी की तरफ से सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। हेमंत सोरेन के बाद वह पार्टी की सबसे लोकप्रिय चेहरा हैं, जिससे पार्टी कार्यकर्ता को ऊर्जा मिलती है। पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में वह गिरीडीह में मौजूद थीं।

### अनुपमा सिंह ने धनबाद से की राजनीतिक जीवन की शुरूआत

झारखंड के दिग्गज राजनीतिक घराने से ताल्लुक रखने वाली अनुपमा सिंह धनबाद से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में राजनीतिक जीवन की शुरूआत कर रही हैं। इसी साल जनवरी में जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर झारखंड में थे, तो विधायक पति जयमंगल सिंह के हैदराबाद प्रवास के दौरान उनकी पत्नी अनुपमा सिंह ने न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए मोर्चा संभाल लिया था। राहुल गांधी धनबाद और बोकारो के जिस रास्ते से गुजरे अनुपमा सिंह पूरे रास्ते उनके साथ रहीं। इसी समय से उनके चुनाव लड़ने की अटकलें शुरू हो गईं। अनुपमा सिंह के पति तो कांग्रेस के विधायक हैं ही। उनके दिवंगत ससुर राजेंद्र सिंह बिहार और झारखंड के बड़े मजदूर नेता रहे हैं। वो बेरमो सीट से छह बार विधायक रहे। दोनों राज्यों की सरकारों में कैबिनेट मंत्री भी रहे। बहरहाल, अब यह देखना दिलचस्प होगा की राज्य की जनता किस-किस की राजनीतिक विरासत पर मुहर लगाती है।

**NEWS IN Gallery**

### पुलिस ने लेखराज टाइगर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पत्थलगडा :** थाना पुलिस ने मारपीट के आरोप में बजरंग दल जिला सह संयोजक पत्थलगडा बाजार टांड़ निवासी लेखराज टाईगर व प्रभात कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में चतरा जेल भेज दिया, प्रदीप लाल के द्वारा दिये गए आवेदन में यह आरोप लगाया गया है कि लेखराज व उनके पुत्र प्रभात के बीच अफीम कारोबार को लेकर मार पीट कि घटना घाटी वहीं लेखराज कि मां सरिता देवी ने भी आवेदन देकर प्रभात कुमार श्रीवास्तव पर छेड़छाड़ व उनके बेटे लेखराज के साथ मार पीट व घर के पास लगे मोटरसाईकिल को तोड़ फोड़ का आरोप लगाया है, थाना प्रभारी आलोक रंजन ने बताया कि लेखराज व प्रभात के बीच कई बार मार पीट हुई है घटना से संबंधित दोनों पक्षों के द्वारा आवेदन प्राप्त होने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में चतरा जेल भेज दिया गया है उन्होंने बताया कि लेखराज टाईगर को पूर्व में बड़ा बाजार थाना हजारीबाग से एनडीपीएस एक्ट में न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है,तथा इनके विरुद्ध विशेष शाखा झारखंड रांची से ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करने कि सूचना प्राप्त है।

### दोस्त से मिलने गये युवक का शव रेलवे लाइन से मिला

**पलामू :** जिले के पड़वा दोस्त से मिलने गए मेदिनीनगर के युवक की बीसफुटा के समीप बैजनाथ सेवा आश्रम के सामने रेलवे लाइन से शव मिला है। युवक की पहचान अरविंद कुमार के पुत्र राहुल कुमार (24) के रूप में हुई है। राहुल बजाज शोरूम में पिछले पांच वर्षों से कार्य करता था। घटनास्थल के समीप से ही उसकी बुलेट मोटरसाइकिल बरामद हुई है मोबाइल नहीं मिला है। परिजनों ने हत्या और प्रेम प्रसंग से इनकार किया है। सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेलवे लाइन से डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है। पिता अरविंद कुमार ने घटना की पूरी जानकारी दी। पिता के अनुसार मंगलवार को हर रोज की तरह बजाज शोरूम में काम के लिए निकला था। इसके बाद उसने पिता से फोन पर यह कहा कि मैं दोस्त के यहां जा रहा हूं। वह पड़वा किसी दोस्त से मिलने जा रहा है। रात 9 बजे उससे अंतिम बार बात हुई थी। घर लौट के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि कुछ देर में घर लौट जाएंगे, लेकिन रात को नहीं लौटा। सुबह के समय कुछ चरवाहों ने रेलवे लाइन पर शव देखकर इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर डेड बॉडी की पहचान की। घटनास्थल से मोटरसाइकिल पैन कार्ड पर पर्स आदि बरामद किया गया है। किसी ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने की संभावना जताई गई है।

# बीते 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया : तेजस्वी



**पलामू :** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को पलामू जिले के छत्तरपुर उच्च विद्यालय के मैदान में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा नीत एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते 10 वर्षों के शासनकाल में झूठ के सहारे राज किया है। मोदी 2014 में गरीबी और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार में आए लेकिन उन्होंने एक भी वादा पूरा नहीं किया। उनका एकमात्र मकसद हिंदू-मुस्लिम कर देश की सत्ता पर राज करना रह गया है। तेजस्वी ने कहा कि मोदी ने इस बार 400 पार का नारा दिया है, जो महज एक जुमला है। उन्होंने पीएम मोदी के 2014 में दिए गए भाषण के कुछ अंश भी सुनाए और कहा कि इनमें एक भी पूरा नहीं किया गया। मोदी ने सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया है। तेजस्वी ने कहा कि यदि केंद्र में उनके गठबंधन की सरकार बनी तो गरीब घर की बेटियों को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये और पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। साथ ही प्रतिवर्ष एक करोड़ लोगों को नए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी उनके किए गए वादे के तहत पांच लाख लोगों को बिहार में रोजगार उपलब्ध कराया गया। वह भी सरकारी रोजगार मिला। तेजस्वी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी विरोध में बोलने वालों को सीबीआई और ईडी से डराने की कोशिश करते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मामलों में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके विरुद्ध भी 50 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं लेकिन वह लालू प्रसाद यादव के बेटे हैं। ना लालू प्रसाद यादव झुका है और ना लालू का बेटा झुकेगा। साथ ही कहा कि जेल से उन्हें डर लगेगा जो डरते हैं। हमारे तो भगवान ही जेल में पैदा हुए थे। इसलिए हम जेल से नहीं डरते। इस बार चार जून को देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश साहनी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सिर्फ खरीद-फरोख्त में विश्वास रखते हैं और उनके पास अडानी-अंबानी जैसे लोग मौजूद हैं। उनके चार विधायकों को वह खरीद कर बिहार में सरकार में शामिल कर लिए। इस बार पिछड़े और दलित लोगों ने मन बना लिया है कि वे नरेन्द्र मोदी की सरकार को सत्ता से हटा देंगे।

## लोस चुनाव में संविधान को बचाने की है लड़ाई : आलमगीर आलम

स्वदेश संवाददाता



**लोहरदगा :** इंडी गठबंधन ने बुधवार को शहरी क्षेत्र के जामा मस्जिद के समीप चुनावी सभा का आयोजन किया। सभा के मुख्य अतिथि आलमगीर आलम ने कहा कि संविधान को बदलने तथा संविधान को बचाने की लड़ाई चल रही है। सरकार आमजनों की समस्याओं के निदान के लिए बनती हैं ना कि पूंजीपतियों का कर्जा माफ करने के लिए। इंडी गठबंधन संविधान को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास कर रही है। आलमगीर ने कहा कि हिंदुस्तान की खूबसूरती गंगा जमुनी तहजीब है लेकिन भाजपा ने नफरत की राजनीति करते हुए समाज को बांटने का काम किया है। राज्य में बनी कांग्रेस, झामुमो तथा राजद की गठबंधन सरकार बेहतर कार्य कर रही है। आदिवासियों को सरना धर्म कोड देने का प्रस्ताव और ओबीसी को आरक्षण देने सहित अन्य कार्य किया लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार ने सभी बिल को वापस कर दिया। निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा पर इशारों-इशारों में प्रहार करते हुए कहा कि पार्टी से बगावत करते हुए कोई चुनाव नहीं जीत सकता है। केवल इंडी गठबंधन के जीत का अंतर कम करने का काम करेगा। आने वाले चार सालों में 20 लाख अबुवा आवास देने को लक्ष्य रखा गया है। संविधान को बचाने के लिए गंगा जमुनी तहजीब कायम करना होगा। भाजपा की नफरत की राजनीति को मोहब्बत से तोड़ देंगे।

## सिल्ली पुलिस ने अवैध बालू लदे चार हाइवा और एक टर्बो किया जब्त

**सिल्ली :** वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के आदेशानुसार मिली गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली रणवीर सिंह के निर्देशन में सिल्ली थाना प्रभारी के द्वारा एक टीम गठित कर अवैध बालू के खिलाफ छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में रेकी करने वाले अजहरुद्दीन पिता सलाउद्दीन ग्राम चितरपुर थाना रजरप्पा जिला रामगढ़ को पुलिस के द्वारा विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा परिवहन करते हुए बालू लदा चार हाईवा एवं एक टर्बो को पकड़ा गया। सभी गाड़ियों को पकड़ कर सिल्ली थाना लाया गया एवं कांड संख्या 37/24 धारा 379/414/34 भा द वि के तहत केस दर्ज करते हुए टिपन कुमार पिता माथुर महतो, राजेश महतो पिता कुलेश्वर महतो, मूलचंद बेदिया पिता स्वर्गीय मंगल बेदिया, कुलदीप मुंडा पिता स्वर्गीय महेंद्र मुंडा, अजहरुद्दीन पिता सलाउद्दीन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## विवादित भूमि की मापी के दौरान दो पक्ष में मारपीट, नौ घायल



**हंटरगंज :** हंटरगंज के जबड़ा गांव में मंगलवार को जमीन मापी के दौरान दो पक्षों में घटे मारपीट की घटना में नौ लोग घायल हो गए। घायलों में रंजीत कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, अमन कुमार, विवेक कुमार, किरण देवी, अनिल सिंह, निवास सिंह, शोभा देवी, सुषमा देवी है। घायल रणजीत सिंह ने बताया कि उसके घर के समीप एक विवादित भूमि का मापी कराया जा रहा था। भूमि के मापी रणजीत सिंह और दूसरे पक्ष के धर्मेंद्र सिंह के उपस्थिति में कराया जा रहा था। रणजीत सिंह के द्वारा जमीन की मापी पर आपत्ति दर्ज किया गया और उसका सरकारी अमीन से माफी करने की बात कहा गया। लेकिन धर्मेंद्र सिंह और उसके परिजनों के द्वारा इसी मापी पर जबरण पिलर गाडे जाने लगा। जिसका विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट की घटना घटी। सभी घायलों को हंटरगंज अस्पताल लाया गया और सभी का इलाज कराया गया। दोनों पक्षों के द्वारा हंटरगंज थाना में आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने तीन नक्सली बंकर किये ध्वस्त, भारी मात्रा में डेटोनेटर बरामद

स्वदेश संवाददाता



**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम में भाकपा माओवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। मंगलवार रात पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान के क्रम में जिले के गोईलकेरा और टोंटों थाना क्षेत्र के राजबासा जंगल के पास से 350 पीस डेटोनेटर समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ता के सहायता से सभी डेटोनेटर को विनिष्ट कर दिया गया है। साथ ही टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम रेरदाकोचा, दिरिबुरी तथा राजाबासा के समीप जंगली क्षेत्र से तीन नक्सल बंकर नष्ट किया गया है साथ ही अभियान के दौरान 340 नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर , 10 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, तीन वॉकी-टॉकी सेट, एक पिस्टन रॉड के साथ रिकॉइल स्प्रिंग,एक गोला-बारूद पाउच (कोबरा पैटर्न), चार नक्सलियों की नोटबुक, एक पीएलजीए कपनी ट्रिल बुक, एक मार्कस लेनिन-मॉइजम बुक, 15 युद्ध कला युद्ध क्राफ्ट बुक, एक कानू चटर्जी की जीवनी, एक किंडल बुक रीडर, एक कलाई घड़ी, एक लेंस क्लीनर, तीन स्विच, एक वायर कटर, एक एफएम रेडियो, एक कैरी बैग और पॉलीथीन शीट, एक झारखंड वॉयस बुक, दो पेंसिल सेल, एक स्मॉल बैग, पांच एलईडी लाइट्स बरामद किया गया है।

## तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार चोरी की पांच बाइक बरामद



- थाना प्रभारी के नेतृत्व में किया गया कई मामलों का उद्भेदन

स्वदेश संवाददाता

**चतरा :** जिले की इटखोरी थाना पुलिस ने चोरी की पांच बाइक के साथ तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में धनबाद निवासी अमर भुईयां, हजारीबाग निवासी सचिन कुमार यादव और छोटन कुमार उर्फ जोगो शामिल हैं। चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि ईटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नगवां गांव के सोनू कुमार के घर के बरामदे में खड़ी दो बाइक चोरी कर लेने से संबंधित मामला पांच मई को दर्ज कराई गई थी। इस मामले में डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में गठित टीम ने हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के सरदारपुर स्थित होटल से पांच चोरी की बाइक के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। तीनों ने वारदात में संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी इटखोरी सूर्य प्रताप सिंह, विजय कुमार सिंह, रविकान्त सिंह, कृष्णा कुमार तिवारी, मो. सब्बास आलम और गौरव कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## दो अपराधी जिला बदर, 9 अपराधियों को हर दिन लगानी होगी थाने में हाजिरी

**रामगढ़ :** रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने एक बार फिर अपराधियों पर कानून का शिकंजा कसा है। बुधवार को उन्होंने दो अपराधियों को जिला बदर कर दिया। साथ ही नौ अपराधियों को हर दिन थाने में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया है। इससे पहले भी कई अपराधियों को जिला बदर किया जा चुका है। थाने में हाजिरी लगाने वाले अपराधियों की सूची भी लंबी होती जा रही है। डीसी ने बताया कि वैसे अपराधियों जोकि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी, कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं। जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में कार्रवाई की गई है।

**इन अपराधियों को थाने में लगानी होगी हाजिरी**

अपराध कर्मी अमित साहू उर्फ. जूली पतरातू बस्ती पतरातु, दीपक रजक न्यू मार्केट पतरातू, राजू सिंह बिना टॉकीज के समीप, रवि ठाकुर मुर्पा मांडू, जागो मांझी बांदा टोला पिपरा जरा गोला, नियत अली उर्फ भोलू गोलपार रामगढ़, बीरचंद मांझी पिपराजरा गोला, सागर सोनकर उर्फ राजा गोलपार रामगढ़, नसीम अंसारी गोला को आगामी 3 महीने के लिए प्रतिदिन 10:00 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजिरी लगाने हेतु आदेश दिया गया है।

**इन अपराधियों को चुनाव तक छोड़ देना होगा जिला**

इसके अलावा विधि व्यवस्था, लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 2 कुख्यात अपराधी चंद्रमा ठाकुर जयनगर पतरातु, एवं पवन ठाकुर जयनगर पतरातु के विरुद्ध कार्रवाई हुई है। चुनाव प्रक्रिया तक जिले से बाहर रहना होगा।

## एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब बिक्री के आरोप में 21 भेजे गये जेल, 24 नौकरी से बर्खास्त



**पलामू :** पलामू उत्पाद की ओर से लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगने के बाद और इससे पहले की गई कार्रवाई में बड़ी उपलब्धि हासिल की गयी है। उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि विभाग जेएसबीसीएल द्वारा सभी अंचलों में संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों में नियमानुसार शराब बिक्री कराने के लिए तत्पर है एवं स्थिति को भी नियंत्रण में रखे हुए हैं। किसी भी दुकान में एमआरपी से अधिक मूल्य पर मदिरा बिक्री की जाती है तो तत्काल कार्रवाई करने के लिए तीन उत्पाद पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है। अब तक की गई कार्रवाई में 21 लोगों को जेल भेजा गया है, जबकि 24 को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। उन्होंने आम लोगों से इस संबंध में किसी प्रकार की शिकायत के लिए उत्पाद अंचल अवर निरीक्षक के मोबाइल नंबर 6201235079 9199894550 एवं 7004403729 एवं उनके मोबाइल नंबर 7992245087 पर भी सूचना देने की अपील की है, ताकि शिकायत का निवारण किया जा सके। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगने के बाद अब शराब निमार्ता एवं चोरी छिपे व्यापार करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है। अब तक 122 अभियोग दर्ज किए गए हैं तथा 3206 लीटर अवैध चुलाई शराब, 88650 किलोग्राम जावा महुआ, 7827.95 लीटर अवैध निर्मित विदेशी शराब, 250 लीटर स्प्रिट, चार अवैध शराब बनाने वाली फैक्ट्री, शराब बनाने के समान जैसे विभिन्न ब्रांडों के लेबल, रैपर, होलोग्राम, ढक्कन, पैकिंग, शराब पैक करने की खाली बोतल, विदेशी शराब में प्रयुक्त होने वाले कैरामेल जब्त किए गए हैं। अरुणाचल प्रदेश एवं पंजाब राज्य में बिक्री होने वाली अंकित लेबल के साथ विदेशी शराब जप्त की गई है, जिसकी कीमत करोड़ों रुपए आंकी गई है। इसमें शामिल 13 अभियुक्तों को जेल भेजा गया है तथा 108 के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की उपलब्धियां के बारे में भी जानकारी दी।

**सुनवाई** | नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर हुई सुनवाई

# 30 डिसमिल जमीन पर बनाया जायेगा पुलिस टीओपी



**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में प्रधान सचिव, गृह विभाग वंदना दादेल कोर्ट में वर्चुअली उपस्थित हुईं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके की 30 डिसमिल जमीन पर पुलिस टीओपी बनाया जायेगा। दादेल ने कोर्ट को बताया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के 6.4 एकड़ जमीन पर चहारदीवारी के संबंध में निर्णय लेने के लिए प्रधान सचिव हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन सक्षम हैं। इसमें गृह विभाग की भूमिका नहीं है। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को बाउंड्री वॉल के संबंध में प्रधान सचिव, हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन से इंस्ट्रक्शन लेकर शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई 13 जून निर्धारित की है। बीते मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पास पुलिस आउटपोस्ट निर्माण के लिए एक करोड़ 62 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है। लॉ यूनिवर्सिटी के 6.4 एकड़ क्षेत्र में बाउंड्री वॉल बनाने के संबंध में अभी कोई प्रस्ताव नहीं है। इसपर कोर्ट ने नाराजी जताते हुए बुधवार को प्रधान गृह सचिव को तलब किया था। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के पुलिस पोस्ट के लिए 30 डिसमिल जमीन सरकार ने मुहैया कराई गई है, तो उसपर पुलिस पोस्ट का निर्माण क्यों नहीं कराया जा रहा है। उसके बगल में बिजली सब स्टेशन का निर्माण तो कर दिया गया है लेकिन इसे ऑपरेशनल नहीं किया गया है वहां बिजली क्यों नहीं दी जा रही है।

### हाई कोर्ट में राजेश राय की जमानत अर्जी पर आंशिक सुनवाई

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई। मामले में इंडिक्योर से जवाब दाखिल करने के लिए फिर से समय की मांग की गई। कोर्ट ने ईडी को जवाब के लिए एक और मौका देते हुए अगली सुनवाई 15 मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा था कि बरियातू की चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की जमीन की क्या प्रकृति है? इसका मूल रैयत कौन है? कोर्ट ने अनुसंधान में जितने भी इससे संबंधित रिकॉर्ड आए हैं उसे शपथ पत्र के माध्यम दाखिल करने का निर्देश दिया था। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में राजेश राय, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया गया है। ईडी ने जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी।

**परसौनी बूथ आजीविका की दीदियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान**

## मताधिकार का प्रयोग करेंगे लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा : गुड़िया कुमारी

स्वदेश संवाददाता



**इटखोरी :** इटखोरी प्रखंड के सभी बूथों पर स्वीप के माध्यम से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव के निदेर्शानुसार आजीविका संकुल संगठन के दीदियों के द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है । इसी क्रम में प्रखंड के परसौनी विद्यालय के बूथ पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान आजीविका की दीदियों ने रंगोली बनाकर व मेहंदी लगाकर जागरूकता फैलाया । स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए लोगों से घर से बाहर निकलकर अपनी पूरी ईमानदारी, निष्ठा से अपने मतदान का प्रयोग करने के लिए अपील की गयी ।चाहे वो 80 वर्ष से ऊपर के व्यक्ति हों या दिव्यांग हों या फिर 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हों, वह किसी भी दशा में मतदान का प्रयोग अवश्य करें । इस दौरान सभी सीएलएफ की दीदी के नेतृत्व में संकुल कार्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता, अभिभाषण, रंगोली बनाकर, बैनर-पोस्टर के साथ जागरूक करने के नए-नए तौर तरीकों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया । इस मौके पर जेंडर सीआरपी गुड़िया कुमारी ने कहा कि मतदान करना हर व्यस्क भारतीय नागरिक का अधिकार है। लोकतंत्र में सीधी सहभागिता का अवसर आपको प्रदान करता है। जितने लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। दुनिया के अन्य लोकतंत्र के लिए मिसाल बनेगा। उन्होंने सोशल मीडिया के प्रभाव की चर्चा करते हुए कहा कि लोग यहां सिग्नेचर करें और सेल्फी प्वाइंट के पास सेल्फी खिचवाकर सोशल मीडिया में डालें ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान के प्रति जागरूक हों। मतदाताओं की संख्या अधिक से अधिक बढ़े। युवा ही देश के कर्णधार हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में उनकी सहभागिता जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अभियान से युवा मतदाता आकर्षित होंगे। इस मौके पर आजीविका संकुल संगठन की दीदियां उपस्थित थी ।

NEWS IN Gallery

### कोडरमा जिले में वज्रपात से दो लोगों की मौत



**कोडरमा :** जिले में वज्रपात की दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना मंगलवार देर शाम सतगावां थाना अंतर्गत ढाब में हुई, जहां वज्रपात से संजय राजवंशी (45 ) की मौत हो गयी। मंगलवार देर शाम आंधी और बारिश के बाद वज्रपात ने घर के पास बैठे संजय राजवंशी को अपनी चपेट में ले ले लिया। उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी घटना में चंदवारा थानान्तर्गत पिपराही में मंगलवार की देर शाम बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में मो गुलाम रसूल (30) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार वह खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान वज्रपात होने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। बुधवार को पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### लोहरदगा में डैम में नहाने गये युवक की डूबकर मौत

**लोहरदगा :** किस्को प्रखंड क्षेत्र के बानपुर बंजारी डैम में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान बानपुर निवासी सत्य प्रकाश उरांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक डैम में नहाने गया था। इस दौरान वह डूब गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य किस्को पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों से मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

### खेत में मिला छात्रा का शव, हत्या की आशंका

**धनबाद :** धनबाद में 12वीं क्लास की एक छात्रा का शव खेत में मिला है। छात्रा के शव मिलने की ही जगह से कुछ दूरी पर गांव के रहने वाले एक युवक विशाल रजवार घायल अवस्था में बेहोशी की अवस्था में पाया गया। घटना की सूचना पर बरवाअड्डा थाना की पुलिस और डीएसपी शंकर कामती मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए है। घटना के सम्बंध में बताया जा रहा है की बरवाअड्डा पोलाइडीह के रहने वाले हरी प्रसाद महतो की पुत्री निशा कुमारी जो गांव के ही एक स्कूल में 12वीं में पढ़ती थी। वह घर से स्कूल जाने को बोल निकली थी। जब काफी देर बाद तक वह घर नहीं पहुंची, तो परिवार के लोगों ने उसको ढूंढना शुरू किया। इसी बीच उन्हें सूचना मिली की गांव के पास खेत में एक लड़की का शव मिला है। इसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतका के माता-पिता लक्ष्मी देवी और हरी प्रसाद ने बेटी की हत्या का शक जाहिर करते हुए पुलिस से मामले की जांच की मांग की है। वहीं घटनास्थल पर ही घायल और बेसुध मिले विशाल रजवार को पुलिस ने इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच भेज है। साथ ही लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सामान्य प्रेक्षकों ने डिस्पैच सेंटर और रिसिविंग-काउंटिंग सेंटर का किया निरीक्षण

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो :** गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल (डिस्पैच सेंटर) का निरीक्षण किया। मौके पर 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव, निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सभी विधानसभा क्षेत्र के सहायक निवार्ची पदाधिकारी (एआरओ), संबंधित कोषांगों के वरीय नोडल/नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। निरीक्षण क्रम में 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल (डिस्पैच सेंटर) में ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग को लेकर की गई तैयारी/योजना के संबंध में निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी से जानकारी ली। निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम-वीवीपैट कमीशनिंग के संबंध में बताया। इससे पूर्व, उन्होंने डिस्पैच सेंटर से ईवीएम - वीवीपैट/सामग्री प्राप्त करने के लिए मतदान कर्मियों के लिए अलग - अलग बनाएं गए पंडालों की जानकारी दी। उन्होंने प्रेक्षकों को वाहन पार्किंग प्लान से भी अवगत करवाया।

सामान्य प्रेक्षकों ने डिस्पैच सेंटर में संचालित सामग्री कोषांग का भी जायजा लिया। इस दौरान मतदान कर्मियों के लिए तैयार हो रहे सामग्री पैकेट को देखा। निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान कर्मियों के लिए तैयार हो रहे पाकेट में सफल मतदान संचालन को लेकर जरूरी सामग्रियों के साथ मेडिकल कीट, सुखा खाद्य सामग्री/पेय पदार्थ आदि भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर दोनों प्रेक्षकों ने संतोष व्यक्त किया।

06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक ने डिस्पैच सेंटर में विधानसभावार स्थापित स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था/सीसीटीवी कैमरा आदि का जायजा लिया। आगे, दोनों प्रेक्षक चास के बाजार समिति स्थित गोदाम (रिसिविंग सेंटर एवं काउंटिंग सेंटर) का निरीक्षण किया। निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से रिसिविंग सेंटर (ईवीएम प्राप्त केंद्र) एवं काउंटिंग सेंटर (मतगणना केंद्र) के संबंध में बताया। भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता ने रिसिविंग सेंटर एवं काउंटिंग सेंटर को लेकर चल रहें कार्यों को ससमय पूरा कर लेने की बात कहीं। मौके पर पोस्टल बैलेट की मतगणना को लेकर चिन्हित भवन का भी प्रेक्षकों द्वारा जायजा लिया गया। इसके अलावा मीडिया सेंटर, निवार्ची पदाधिकारी कक्ष/प्रेक्षक कक्ष/राजनीटिक पार्टी प्रतिनिधि कक्ष आदि को लेकर चर्चा की और जरूरी दिशा - निर्देश दिया। इस अवसर पर निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार,सामग्री कोषांग की वरीय नोडल पदाधिकारी सह डीपीएलआर मेनका, सहायक निवार्ची पदाधिकारी गोमिया सह एसी मो. मुमताज अंसारी,सहायक निवार्ची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निवार्ची पदाधिकारी चंदनकियारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, ईवीएम कोषांग के वरीय नोडल मो. सफीक आलम, ईवीएम कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी पियूष, प्रेक्षक कोषांग के शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। इधर, 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु ने सामाहरणालय समीप स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती विजया जाधव से ईवीएम फस्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) के संबंध में जानकारी प्राप्त की। ईवीएम कोषांग के पियूष ने ईवीएम झ वीवीपैट से संबंधित कार्यों की जानकारी दी। उधर, 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार ने सूचना भवन स्थित एमसीएमसी कोषांग/मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न अखबारों में प्रकाशित खबरों एवं टीवी चैनलों पर प्रसारित समाचारों की निगरानी को लेकर किए जा रहें कार्यों/व्यय कोषांग के समर्पित प्रतिवेदन की जानकारी ली और व्यवस्था पर संतोष जताया। व्यय प्रेक्षक ने कैंप वन स्थित राज्य कर आयुक्त कार्यालय में संचालित व्यय अनुश्रवण कोषांग का भी निरीक्षण किया। विधानसभा क्षेत्रवार अंकेक्षण टीम द्वारा अब तक किए गए कार्य संबंधित अभिलेखों की जांच कर प्रचार, सभा, रैली, जुलूस आदि के माध्यम से किए जा रहें चुनाव प्रचार के खर्चों का अंकेक्षण कर दैनिक प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। गठित एसएसटी/ एफएसटी/ वीएसटी/वीवीटी को गंभिरता से दायित्व निष्पादन का निर्देश दिया।

## व्यय प्रेक्षक ने मिर्धा चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण



स्वदेश संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार द्वारा बुधवार को बोकारो स्थित पश्चिम बंगाल राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत मिर्धा चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि छोटे-बड़े सभी वाहनों की जांच करें। अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब इसकी सूचना दें। वाहन जांच पंजी का भी सही से संधारण करें। इस दौरान व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार ने पिंड्राजोरा थाना में तैनात उड़न दस्ता दल (एफएसटी) में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं कर्मी को सभी प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए निर्देशित किया।

## राशन दुकान से मिले भारी मात्रा में शराब और बीयर



**रांची :** खलारी थाना पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और बीयर बरामद किया है। बरामद शराब में 54 पीस बीयर, 28 पीस केन बीयर और छह पीस विदेशी शराब शामिल है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर खलारी के डकरा स्थित सुभाष नगर के एक राशन दुकान में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान शराब बरामद किया गया। लेकिन आरोपित सुमन साहू फरार हो गया।

## वाहन दुर्घटना से संबंधित वादों की आगामी विशेष लोक अदालत को लेकर हुई बैठक



स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के तत्वाधान में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा पदाधिकार बोकारो अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को वाहन दुर्घटना से संबंधित वादों की आगामी विशेष लोक अदालत में अधिकतम निरस्तारण हेतु एक बैठक आयोजित हुई। जिसमे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो, लगभग 22 बीमा कंपनियों के राज्य स्तरीय पदाधिकारी अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह, अशोक कुमार पाल, राजीव मालवीय, डी के मिश्रा, संजीव ओझा, विकास तापारिया, प्रमोद कुमार सिंह, आर के शशि एवं इन्दु कुमारी उपस्थित रहे। इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सचिव महोदय जिला विधिक प्राधिकार बोकारो श्री अनुज कुमार न 2 ने बताया कि इस बैठक के तहत वाहन दुर्घटना से संबंधित वादों का अधिकतम निरस्तारण आगामी विशेष लोक अदालत 8 जुन 2024 को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

## चुनाव आयोग के जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का प्रेक्षक ने दिया निर्देश

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह ने बुधवार को सहायक व्यय प्रेक्षकों और लेखा जांच दल के साथ बैठक की। मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला सभागार में आयोजित बैठक में व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह के जरिये चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी सहायक व्यय प्रेक्षक परमिशन लेटर के अनुरूप यथाशीघ्र जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह ने वीएसटी से नियमित तौर पर रिपोर्ट अपडेट लेने और शैडो रजिस्टर के रखरखाव एवं संधारण में नियमितता बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी एवं अन्य कर्मियों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करते हुए सभी कार्यों का निष्पादन



### फुलवरिया गांव के लोगों ने लिया वोट बहिष्कार का निर्णय

**कोडरमा :** कोडरमा नगर पंचायत वार्ड नं एक स्थित फुलवरिया गांव के लोगों ने कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। यहां के लोगों ने गांव में एक वोट बहिष्कार का बोर्ड भी लगाया है। इसमें लिखा है बिजली, पानी और रोड नहीं तो वोट नहीं। वहीं गांव के लोगों का कहना है कि हर चुनाव के समय नेता आते हैं और बड़े-बड़े वादे कर चले जाते हैं। यहां के मुख्य मुद्दे हैं आजादी के बाद से आज तक हमारे गांव में बिजली नहीं पहुंची है। यहां बिजली पोल, ट्रांसफार्मर और तार लगा हुआ है फिर भी बिजली नहीं पहुंच पाई है। इसलिए हम लोग वोट बहिष्कार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि चुनाव के समय नेताओं को हमारे गांव की याद आती है, उसके बाद सभी भूल जाते हैं। पिछली बार चुनाव में भी यही आश्वासन मिला पर जीतने के बाद सांसद अन्नपूर्णा देवी एक बार भी गांव नहीं आईं।

## बोकारो में कल सभा को संबोधित करेंगे राजनाथ

स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** लोकसभा चुनाव के तैयारी जोर-शोर से जारी है, अपने अपने प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन करने के लिए राज्य के अलावा केंद्र के मंत्री दौरा कर रहे हैं, काई जनसभा और बैठक आयोजित किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री के बाद अब देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में सभा को संबोधित करने बोकारो आने वाले हैं 10 मई को, राजनाथ सिंह हवाई मार्ग से बोकारो एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां से वे सेक्टर 2 दुर्गा पूजा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी तैयारी जोरों पर की जा रही है। सभा को लेकर पंडाल का निर्माण कार्य चल रहा है।पंडाल निर्माण कार्य की देखरेख भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय की अगुवाई में की जा रही है ।



मीडिया को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि देश के रक्षा मंत्री और भाजपा के लोकप्रिय नेता राजनाथ सिंह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे।इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो और बोकारो के विधायक बिरंचि नारायण उनके साथ मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह के बोकारो आगमन से भाजपा के कार्यकताओं और नेताओं के बीच जोश भरने का काम करेंगे और लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील करेंगे ।

## कोयला खदान में हुआ विस्फोट, तीन कर्मी घायल

**धनबाद :** जिले के निरसा स्थित ईसीएल के मुगमा क्षेत्र अंतर्गत लखीमाता कोलयरी के भूमिगत खदान में बुधवार के अहले सुबह एक बड़ा विस्फोट हुआ। इसमें कई कोलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आनन फानन में घायल कर्मियों को ईसीएल प्रबंधन ने अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी स्थिर बताई जा रही है। लखीमाता कोलियरी के कोल कर्मियों ने बताया कि बीती रात उक्त खदान में कोयला निकालने के लिए बारूद के कुल 45 विस्फोट किया जाना



था, माइनिंग अधिकारी के द्वारा खदान के भीतर 45 विस्फोट कर इसकी सूचना संबंधित कार्यालय में दिया, लेकिन बुधवार की सुबह जब उक्त खदान की उसी स्थान पर तीन कोल कर्मी ड्रिल करने पहुंचे और जैसे ही उन्होंने ड्रिल मशीन लगाकर ड्रिल करना शुरू किया वैसे ही वहाँ जोरदार धमाका हुआ। जिससे ड्रिल कर रहे तीनों कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। कोल कर्मियों ने बताया कि बीती रात जो 45 बारूद का विस्फोट किया गया था उसमें शायद एक बारूद का विस्फोट नहीं हुआ और वह बच गया था जो बुधवार की सुबह ड्रिल करने के दौरान ब्लास्ट कर गया। फिलहाल तीनों घायल कोल कर्मियों को ईसीएल के सकतोड़िया अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज जारी। घायल कर्मियों का नाम सुरेश मुंडा, कुलदीप सिंह और मनाल मांझी है।

## मेदिनीनगर नगरपालिका बाजार की दुकानों में फिर हुई चोरी, चाभी सौंपने टाऊन थाना पहुंचे दुकानदार

**पलामू :** मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र के नगरपालिका बाजार में फिर दो दुकानों में चोरी हुई है जबकि एक दुकान में चोरी का प्रयास किया गया है। इससे आक्रोशित क्षेत्र के सारे दुकानदार बुधवार को शहर थाना पहुंचे और दुकानों की चाभी थाना में सौंपने की बात कही। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले भी नगर पालिका बाजार में ही तीन दुकानों में चोरी हुई थी। कुछ दुकानों में चोरी का प्रयास किया गया था। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी को सूचित किया गया




था। मामला दर्ज कराया गया था। सुरक्षा का आश्वासन मिला लेकिन किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई। दुकानदारों के मुताबिक, नगर पालिका बाजार में कुंआ के पास दुकानदार सुजीत कुमार की मिठाई दुकान से सात हजार नकदी, रूई पट्टी में अरुण प्रसाद की दुकान से 1500 नकदी चोरी की घटना हुई जबकि सुरेन्द्र प्रसाद की दुकान में चोरी का प्रयास किया गया। इसकी जानकारी बुधवार को जब दुकान खोलने पहुंचे तब हुई। सूचना मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व वार्ड पार्षद राजकुमार गुप्ता एवं नवीन गुप्ता आदि मौके पर पहुंचे। पूरी जानकारी ली और फिर शहर थाना पहुंचकर आक्रोश जताया। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि दो जवानों की तैनाती नगरपालिक बाजार में की गयी है। चोरों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

उपलब्धि | शिक्षक से सेना और सेना से वैराग्य जीवन को अपनाया

# राष्ट्रपति पद्मश्री आवार्ड से करेंगे सम्मानित

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** प्रणामी मिशन के प्रमुख संत परमहंस स्वामी सदानंद महाराज को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा 28 मई को पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। पुज्य गुरुदेव को पद्मश्री आवार्ड देने की घोषणा से क्षेत्र के प्रणामी समुदाय में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। मानव जीवन का ये सार-तुम सेवा से पाओगे पार को जीवन का मुख्य उद्देश्य बनाते हुए पुज्य गुरुदेव ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण दीन-दुखियों की सेवा में लगा रखा है। परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज का जन्म 1 अगस्त 1945 को हरियाणा के जिला भिवानी के गांव जुई में हुआ था। वह एक ब्राह्मण परिवार से थे। उनके पिता बृजलाल और माता शिव बाई हिंदू संस्कृति और परंपराओं के कट्टर अनुयायी थे। उन्होंने धीरे-धीरे धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में रुचि लेना शुरू कर दिया, जिसके परिणाम स्वरूप उनके बहुमुखी चरित्र ने बहुत ही निर्णायक तरीके से



आकार लिया। वह कम उम्र में ही बहुत गतिशील हो गए और उनमें अपार क्षमताएं प्रदर्शित हुई। बचपन में ही गुरुदेव राधिकादास जी ने उनका अभिषेक और जागरण किया था। शिक्षा प्राप्त करके शिक्षक बनें। हालाँकि नियति उन्हें कहीं और ले गई। राष्ट्र की सेवा करने की आंतरिक इच्छा ने उन्हें सेना में शामिल कर दिया। वहां वे अधिक धार्मिक हो गए और उनमें 'वैराग्य' की भावना विकसित हुई। भारतीय सेना में आठ साल तक सेवा करने के बाद इस्तीफा देना पड़ा। 1972 में बसंत पंचमी के शुभ दिन पर गुरुदेव मंगलदास जी की उपस्थिति में, युवा भानु ने विकारों और सांसारिक सुखों को त्यागने की पवित्र शपथ ली और 'ब्रह्मचर्य' को अपनाया - संत बनने की दिशा में पहला कदम। इसी दिन गुरुदेव मंगलदास जी ने भानु को सदानंद नाम दिया था। स्वामी सदानंद जी महाराज ने देश के प्रत्येक जिले में जाकर प्रणामी धर्म की जागनी करते हुए लोगों को सेवा कार्य में जोड़ा। नेपाल में भी उन्होंने हिंदू धर्म का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ सेवा कार्य में लोगों को लगाया। इसके चलते नेपाल व भारत में अनेक संस्थाओं से समय-समय पर उनको सम्मान मिलता रहा है। नेपाल का सर्वोच्च पुरस्कार वहां की सरकार द्वारा उनको दिया जा चुका हैं। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

### आरपीएफ ने 16 लाख के गांजा के साथ छह तस्कर को किया गिरफ्तार

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से 32 किलो गांजा के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में बिहार के रोहतास निवासी दुलार चंद्र राम, रामगढ़ के मांडू निवासी बबलू कुमार यादव, निखिल कुमार यादव, हेमंत मित्रा, बिनीत कुमार और पश्चिमी दिल्ली निवासी इकबाल खान शामिल है। बुधवार को ऑपरेशन नारकोस के तहत आरपीएफ पोस्ट हटिया के अधिकारी और कर्मचारी, फ्लाइंग टीम रांची और जीआरपी हटिया के साथ प्लेटफॉर्म तीन पर चेकिंग में लगे हुए थे। चेकिंग के दौरान देखा कि छह व्यक्ति चार ट्रॉली बैग और एक बड़े आकार के बैग के साथ एस्केलेटर के पास संदिग्ध तरीके से बैठे थे। संदेह के आधार पर उनके सामानों की जांच करने पर गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजा का बाजार मूल्य 16 लाख रुपया आंका गया है। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि राउरकेला से इकबाल खान ने उन्हें उक्त गांजा उपलब्ध कराया।

## एनआइसी कक्ष में गिरिडीह लोस संसदीय क्षेत्र के मतदान कर्मियों का हुआ दूसरा रेंडमाइजेशन

स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित एनआइसी कक्ष में बुधवार को सामान्य प्रेक्षक, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र अरूण महेश बाबु एवं निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन में पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री मतदान कर्मियों का नाम शामिल है। मौके पर कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी गोमिया सह एसी मो. मुमताज अंसारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी




बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निवार्ची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी चंदनकियारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार,कार्मिक कोषांग की नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय हो कि, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान आगामी 25 मई 2024 को होना है। इसमें कुल 6860 मतदान कर्मियों (पुरूष मतदान कर्मी), 198 (महिला मतदान कर्मी) को लगाया गया है। इसमें पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री मतदान कर्मी व रिजर्व कर्मी शामिल हैं।

# संपादकीय



## एनआईए जांच के फंदे में केजरीवाल!

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कथित शराब घोटाले मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। केजरीवाल पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस से देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई की एवज में 1.6 करोड़ डॉलर बतौर चंदा लेने का आरोप है। एलजी को शिकायत मिली थी कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) को देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई की सुविधा देने और खालिस्तान समर्थक भावनाओं को बढ़ावा देने के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से भारी धनराशि-16 मिलियन अमरीकी डॉलर प्राप्त हुई थी।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आशु मोंगिया के साक्ष्य-आधारित आरोप के मद्देनजर एनआईए जांच की अनुशंसा की है। केजरीवाल पहले से ही आबकारी नीति मामले में जेल में हैं, जिसमें जमानत पर मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया। इसके एक दिन पहले जांच की सिफारिश की गयी है। ताजा आरोप केजरीवाल के वर्तमान और भविष्य के लिए एक नये फंदे की तरह है। गौर करनेवाली बात है कि पंजाब के खालिस्तान आंदोलन के दौरान भुल्लर का रक्तरंजित इतिहास रहा है। वह खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट से जुड़ा कुख्यात आतंकी है, जिसने दिल्ली की रायसीना रोड स्थित युवा कांग्रेस मुख्यालय के सामने 11 सितम्बर, 1993 को बम विस्फोट कर राजधानी को दहला दिया था। इसमें 11 लोग मौके पर ही मारे गये थे। जाहिर तौर पर यह मामला मौजूदा कानून के मुताबिक देशद्रोह की कोटि में आता है। ऐसे में चंदे का आरोप सिद्ध हो गया, जैसा कि उपराज्यपाल का मोंगिया के सुपुर्द किये साक्ष्यों के आधार पर दावा है, तो केजरीवाल राजनीतिक बियावान में जा सकते हैं।

एक वीडियो में खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को यह कहते सुना-देखा गया है कि केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सरकार को 2014 से 2022 के दौरान खालिस्तान समर्थक समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की फंडिंग मिली थी। फिर भी आप को इसमें राजनीतिक षड्यंत्र लगता है। इसका मकसद आम चुनाव से केजरीवाल को दूर रखना है। उसे लगता है कि उपराज्यपाल भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें सांविधानिक एजेंट के रूप में काम करना चाहिए। बात केवल चुनावी चंदे ही नहीं बल्कि विदेशों से मिलने वाले चंदों की भी है। आज सवाल बहुत बड़ा है और वह है भारत की राजनीति को प्रत्यक्ष विदेशी प्रभाव से बचाना। आम आदमी पार्टी पर जिन कथित भारत-विरोधी विदेशी ताकतों से भारी राशि लेने के आरोप लगे हैं, वह हमारी समूची चुनाव प्रणाली के लिए चुनौती है। उपराज्यपाल के पद की व्यवस्था केंद्र-राज्य सरकारों के बीच समन्वयक एवं संकटमोचक दायित्व-पूर्ति के लिए की गयी है। आप ने यह खुलासा नहीं किया है कि उसके आरोप का आधार क्या है? पर ऐसे गंभीर आरोप किसी भी पार्टी या सरकार की मुखिया के विरुद्ध लगे तो उसकी जांच की सिफारिश उपराज्यपाल का संवैधानिक दायित्व है। इसे केवल चुनाव या जमानत पर सुनवाई की टाइमिंग या इस बिना पर भी स्थगित नहीं किया जा सकता कि ये आरोप किसी खास संगठन की तरफ से लगाये जा रहे हैं। अपने आप में एक विडंबना ही है कि सिद्धांतों और नीतियों पर आधारित राजनीति की बात करना आज एक अजूबा लगता है। यह सही है कि व्यक्ति के विचार कभी बदल भी सकते हैं, पर रोज कपड़ों की तरह विचार बदलने को किस आधार पर सही कहा जा सकता है?

### अध्यात्म पथ

## खाटू श्याम को गुलाब का फूल व इत्र चढ़ाने से पूरी होती है हर मनोकामना



**राजस्थान** के सीकर जिले में खाटू श्याम जी का मंदिर है। खाटू श्याम को हारे का सहारा, तीन बाण धारी और लख्तादार जैसे कई नामों से जाना जाता है। इसके साथ ही खाटू श्याम को श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार भी माना जाता है। दरअसल, खाटू श्याम महाबली भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक हैं। श्रृंगार आरती के दौरान खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार किया जाता है। इस श्रृंगार में सुगंधित फूलों के साथ इत्र का भी इस्तेमाल किया जाता है। जिस वजह से खाटू श्याम बाबा का गर्भगृह फूलों की महक और इत्र की सुगंध से महकता है। वहीं इसके पीछे एक खास वजह भी है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि श्याम बाबा को इत्र चढ़ाने का क्या महत्व है।

पौराणिक मान्यता के मुताबिक, जब बर्बरीक छोटे थे, तो उनके जन्मस्थान के पास एक नगरी थी। जहां पर गुलाब के बहुत सारे पौधे थे। ऐसे में बर्बरीक जी अपना ज्यादातर समय वहीं बिताना पसंद करते थे। इसके अलावा उनको गुलाब के फूलों के साथ खेलना भी काफी पसंद था। तभी से गुलाब खाटू श्याम के प्रिय बन गये। तभी से खाटू श्याम बाबा को प्रिय पुष्प गुलाब के फूल या फिर इनसे बना इत्र चढ़ाने की परंपरा शुरू हो गयी।

इसके अलावा खाटू श्याम बाबा को गुलाब के फूल या इससे बना इत्र चढ़ाने की यह भी वजह मानी जाती है कि हिंदू धर्म में गुलाब के फूल को प्रेम का प्रतीक माना जाता है। जब भक्त अपने श्याम बाबा को गुलाब का फूल या गुलाब से बना इत्र चढ़ाते हैं, तो यह भगवान और भक्त के बीच अटूट प्रेम और विश्वास को दर्शाता है।

मान्यता के मुताबिक, खाटू श्याम बाबा को जो भी भक्त सच्चे मन से गुलाब अर्पित करता है। बाबा उसकी सभी गतलियां माफ कर देते हैं। इसके साथ ही जातक की हर मनोकामना पूरी होती है। वहीं खाटू श्याम के मंदिर से इत्र घर लाने से घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। गुलाब और इत्र के साथ-साथ बाबा खाटू श्याम को खिलौने भी चढ़ाये जाते हैं। कहा जाता है कि यदि कोई निःसंतान दंपत्ति बाबा श्याम को बांसुरी, खिलौने और मोर छड़ी चढ़ाकर गोद भरने की कामना करते हैं। उनकी मनोकामना जल्द पूरी होती है। इसके अलावा नारियल बांधकर भी परिवार को सुख-समृद्धि की कामना की जाती है।

## धर्मयुद्ध है यह आम चुनाव

मृत्युंजय दीक्षित

> पूर्व कांग्रेस नेता कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा है – कांग्रेस कभी भगवान राम को मानने वाली नहीं हो सकती। उसने तो भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। श्रीराम मंदिर का फैसला आने के बाद एक गोपनीय बैठक में अमेरिका में रहने वाले अपने नजदीकी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि यदि उनकी सरकार आयी तो वह सुपर पावर कमीशन बनाकर शाहबानो प्रकरण की तरह राम मंदिर का फैसला बदल देंगे। आचार्य प्रमोद का कहना है कि वह कांग्रेस में 32 साल रहे हैं। भगवान श्रीराम को लेकर कांग्रेस में क्या चलता है, वह जानते हैं। मंदिर का फैसला आने के बाद राहुल गांधी ने अपने नजदीकी लोगों की बैठक बुलायी थी। इसमें राम मंदिर को लेकर अपनी योजना जाहिर की थी। आचार्य प्रमोद लोकसभा चुनाव को साधारण चुनाव नहीं बताते, अपितु वह इसे धर्मयुद्ध बता रहे हैं।

**तीसरे** चरण का मतदान सम्पन्न होने के पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उनके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि पर निर्मित दिव्य-नव्य रामलला मंदिर में पूजा-अर्चना की। दोनों ने प्रभु श्रीराम को साष्टांग दंडवत करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। जहां राष्ट्रपति ने अपनी अनुभूतियां सोशल मीडिया पर साझा कीं, वहीं प्रधानमंत्री रामलला के दर्शन के उपरांत जनता का आशीर्वाद लेने के लिए रोड शो पर निकले। स्वाभाविक रूप से विगत दशक में राम मंदिर आंदोलन के राजनीतिक खेवनहार रहे मोदी का रोड शो देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। राम मंदिर पर उमड़ने वाला यह जन समुद्र कांग्रेस, सपा, बसपा और इंडी गठबंधन में शामिल अन्य दलों को रास नहीं आता, यही कारण है कि वे प्रभु श्रीराम व उनके भव्य मंदिर से लेकर सनातन तक पर लगातार हमले करते रहते हैं। सनातन के प्रति कांग्रेस व इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों का खुलासा भी कांग्रेस के ही नेता व प्रवक्ता कर रहे हैं। पूर्व कांग्रेस नेता कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा है - कांग्रेस कभी भगवान राम को मानने वाली नहीं हो सकती। उसने तो भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। श्रीराम मंदिर का फैसला आने के बाद एक गोपनीय बैठक में अमेरिका में रहने वाले अपने नजदीकी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि यदि उनकी सरकार आयी तो वह सुपर पावर कमीशन बनाकर शाहबानो प्रकरण की तरह राम मंदिर का फैसला बदल देंगे। आचार्य प्रमोद का कहना है कि वह कांग्रेस में 32 साल रहे हैं। भगवान श्रीराम को लेकर कांग्रेस में क्या चलता है, वह जानते हैं। मंदिर का फैसला आने के बाद राहुल गांधी ने अपने नजदीकी लोगों की बैठक बुलायी थी। इसमें राम मंदिर को लेकर अपनी योजना जाहिर की थी। आचार्य प्रमोद लोकसभा चुनाव को साधारण चुनाव नहीं बताते, अपितु वह इसे धर्मयुद्ध बता रहे हैं।

कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुईं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने भी साक्षात्कार में खुलासा किया है कि कांग्रेस में प्रभु श्रीराम व सनातन के प्रति कितनी नफरत भरी हुई है। राधिका खेड़ा का कहना है कि अयोध्या में राम मंदिर बन जाने के फोटो सोशल मीडिया में साझा करने के बाद से ही उन्हें कांग्रेस से सिर्फ नफरत मिली। पार्टी ने उन्हें चुनाव की अवधि में मंदिर जाने से रोका, लेकिन वह खुद को रामलला के दर्शन करने से नहीं रोक पायीं। जब से मैंने अपने घर पर राम ध्वजा लगायी तब से कांग्रेस ने मुझे तिरस्कृत करना प्रारम्भ कर दिया। इंडी गठबंधन में शामिल सभी दल राम विरोधी, सनातन विरोधी हैं, यह प्रतिदिन साबित हो रहा है और इसी कारण बार-बार कहा जा रहा है कि रामभक्त सनातन समाज उठो-जागो और मतदान केंद्र तक पहुंचकर अपने मतों का सही प्रयोग करके ऐसी ताकतों को ध्वस्त कर दो, जो हिंदू सनातन समाज की परंपराओं को नष्ट करने की ताक में बैठे हैं। अभी विगत वर्ष विधानसभा चुनाव के पहले द्रमुक नेता सनातन के उन्मूलन की बात कर रहे थे। बिहार के चारा चोर लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव का कहना है कि जब देश का प्रधानमंत्री हिंदू, राष्ट्रपति हिंदू, सभी मुख्यमंत्री, राज्यपाल व सेना के तीनों प्रमुख हिंदू हों तो फिर सनातन को कैसा खतरा। यह वही तेजस्वी है जिनके पिता लालू यादव ने रामरथ यात्रा को रुकवाने के लिए भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आज राम मंदिर भी बनकर खड़ा हो गया है और आडवाणी को भारत रत्न का सम्मान भी मिल चुका है। यह वही कांग्रेस है जिसके तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा ने 6 दिसंबर 1992 की शाम राष्ट्रपति भवन में आंसू बहाये थे और उन्हीं आसुओं की धार में सनातन समाज से बदला लेने के लिए अपनी तथाकथित संवैधानिक तानाशाही का अभूतपूर्व परिचय देते हुए उत्तर प्रदेश की कल्याण सिंह सरकार सहित चार प्रांतों की भाजपा सरकारों को भंग कर दिया था। आज की कांग्रेस की नजर में उस समय संविधान सुरक्षित हो गया था। यह वही कांग्रेस है जो समय-समय पर देश के सर्वोच्च न्यायालय में प्रभु श्री राम को काल्पनिक बता चुकी है।

तीसरे चरण के मतदान के मध्य में समाजवादी नेता रामगोपाल यादव ने बयान दिया कि अयोध्या का राम मंदिर तो बेकार है, मंदिर कैसे बनाये जाते हैं? मंदिर ऐसे नहीं बनते है। दक्षिण से उत्तर तक देख लीजिये नक्शा ठीक से नहीं बना है। समाजवादी पार्टी तो सदा से ही राम मंदिर विरोधी रही है। राम भक्त कारसेवकों का नरसंहार करने के निकृष्टतम पाप से लेकर उसके बाद जितने भी ऐतिहासिक अवसर आये हर बार समाजवादी नेताओं ने राम मंदिर के खिलाफ नफरत भरी आग उगली है। भूमि पूजन से लेकर प्राण-प्रतिष्ठा तक हर समय सपा, बसपा व कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन में शामिल सभी दलों के नेता अपने बयानों से हिंदू सनातन समाज व प्रभु राम का अपमान ही करते रहे हैं। रामगोपाल यादव के बयान से राम मंदिर को लेकर राजनीति एक बार फिर गर्म हो गयी है और भारतीय जनता पार्टी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों पर करारा प्रहार किया है। भाजपा का कहना है कि समाजवादी काल में कब्रिस्तान बनवाना अच्छा था। वह उत्तर प्रदेश जो मुख्तार अंसारी, अबू सलेम, अतीक अहमद और छोटा शकील के लिए जाना जाता था, वह उनके लिए अच्छा था। एक समय था जब फिल्में बनती थी यूपी में जिला गाजियाबाद, लखनऊ सेंट्रल, मिर्जापुर अर्थात पूरी अपराध केंद्रित तब ये सब अच्छा था। यहां पर भी ध्यान देने योग्य है कि एक समय था जब अवध की पहचान केवल और नवाबों की संस्कृति तक ही सीमित हो गयी थी। एक समय वह भी था जब गंगा-जमुनी तहजीब के नाम पर अवध का भव्य सनातन इतिहास और हमारी संस्कृति को दबाया जा रहा था। समाजवाद व कांग्रेस की नजर में वह समय अच्छा था, जब गंगा-जमुनी तहजीब के नाम पर लव जिहाद और धर्मांतरण का गजब का खेल चरम सीमा पर चल रहा था। वही समाजवादी पार्टी राम मंदिर को बेकार का कह रही है जिसके नेता मुलायम सिंह यादव ने राम भक्तों का संहार कराया था। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल अब शराब घोटाले में जेल में बंद हैं और रिहाई की भीख मांग रहे हैं। उनकी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया व संजय सिंह ने रामभक्त चंपत राय पर फर्जी जमीन घोटाले का आरोप लगा दिया था। लक्षित वितरण कार्यक्रम पर तंज कसते हुए इन लोगों ने कहा था कि भाजपा युवाओं को रोजगार देने की बजाय घर-घर अक्षत बांट रही है।

वास्तविकता ये है कि अब उत्तर प्रदेश में अयोध्या, मथुरा और काशी सहित सभी हिंदू तीर्थस्थलों में भक्तों की भारी भीड़ आ रही है, जिसके कारण निवेश बढ़ रहा है और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। किंतु वह सब कुछ समाजवादियों को बेकार लग रहा है। आज सपा से भाजपा पूछ रही है कि वैज्ञानिक ढंग से इतना शानदार और भव्य सूर्य तिलक हुआ, राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर ही एक लाख करोड़ से अधिक का व्यापार हो गया, अयोध्या में एयरपोर्ट बना, रेलवे स्टेशन भव्य बन गया, वहां पर मेडिकल कालेज भी विस्तृत हो रहा है तो क्या यह सब कुछ बेकार है? आम जनमानस को अच्छी तरह से याद है कि रामपुर में यह लोग किस प्रकार अपने चहेते आजम खां जन्मदिन मनाने जाते थे। विदेश से केक मंगाया जाता था और सैफई में कैसे बॉलीवुड नायिकाओं का नृत्य आयोजन किया जाता था। समाजवाद की नजर में वह सब कुछ समाजवाद था और अच्छा था। एक समय था जब समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया ने रामकथा का प्रचार-प्रसार प्रारम्भ किया था और आज के फर्जी समाजवादी राम मंदिर व उसकी प्राण-प्रतिष्ठा ही नहीं अपितु तुलसीदास रचित रामचरित मानस व वाल्मीकि कृत रामायण को भी अपमानित करते हैं। सपा के पूर्व नेता स्वामी प्रसाद मौर्य तो रामचरित मानस जैसे पवित्र गंथ के खिलाफ हल्ला भी बोल चुके हैं। सपा, बसपा और कांग्रेस के नेताओं को भगवान राम के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में जाने के लिए समय नहीं है, किंतु माफिया मुख्तार व अतीक के यहां जाकर फातिहा पढ़ने का समय जरूर मिल जाता है। ये आचरण दिखाता है कि ये वास्तव में सनातन राष्ट्र का अपमान करते आये हैं। यह समय रामभक्तों के लिए अत्यंत सावधानी का समय है और उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचकर अपने मत का सही प्रयोग अवश्य करना चाहिए ताकि राम मंदिर पर फिर साजिश का बाबरी ताला न लग सके।

**– (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## चुनावरूपी महायज्ञ बनता जा रहा 'महाभारत'

> देश दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रू-ब-रू है, समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। समाज में बहुत कुछ बदला है, मूल्य, विचार, जीवन-शैली, वास्तुशिल्प सब में परिवर्तन है। चुनाव प्रक्रिया बहुत खर्चीली होती जा रही है। ईमानदार होना आज अवगुण है। अपराध के खिलाफ कदम उठाना पाप हो गया है। धर्म और अध्यात्म में रुचि लेना साम्प्रदायिक माना जाने लगा है। किसी अनियमितता का पर्दाफाश करना पूर्वाग्रह माना जाता है। सत्य बोलना अहम पालने की श्रेणी में आता है।

ललित गर्ग

**लोकसभा** चुनाव का तीसरा चरण पूरा हो गया है, जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं राजनेताओं एवं उम्मीदवारों के दागदार चरित्र की परते खुलती जा रही है। एक समय था कि जब लोग देश के नेताओं के सार्वजनिक जीवन में आचरण का अनुसरण करते थे। नेताओं को भी समाज में अपनी छवि व प्रतिष्ठा की फिक्र रहती थी, लेकिन हाल के वर्षों में राजनीति में कई क्षत्रप परिवारों के ऐसे नेता भी सामने आये हैं जिन्होंने सत्तामद में चूर होकर तमाम नैतिकताओं व मर्यादाओं को ताक पर रखा। पिछले दिनों कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्यूलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के साथ दुराचार के जो गंभीर आरोप लगे, उसने राजनीति में पतन की पराकाष्ठा को दर्शाया है। वहीं, रांची में एक पुराने मामले की जांच कर रही ईडी को रेड में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के घर पर काम करने वाले नौकर के यहां से 39 करोड़ कैश बरामद हुआ है। यौन उत्पीड़न, दुराचार, भ्रष्टाचार एवं देशद्रोह पर सवार नेताओं एवं दागदार उम्मीदवारों से जुड़ा यह चुनाव लोकतंत्र पर एक गंभीर प्रश्न है। हमारी राजनीति एक त्रासदी बनती जा रही है। राजनेता सत्ता के लिए सब कुछ करने लगा और इसी होड़ में राजनीति के आदर्श ही भूल गया, यही कारण है देश की फिजाओं में विषमताओं और विसंगतियों का जहर घुला हुआ है और कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखायी नहीं देती। डर लगता है राजनीतिक भ्रष्टाचारियों से, अपराध को मंडित करने वालों से, सत्ता का दुरुपयोग करने वालों से, देश की एकता एवं अखण्डता को दांव पर लगाने वालों से एवं यौन उत्पीड़न व दुराचार से नारी अस्मिता को नौंचने वालों से।

देश दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रू-ब-रू है, समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। समाज में बहुत कुछ बदला है, मूल्य, विचार, जीवन-शैली, वास्तुशिल्प सब में परिवर्तन है। चुनाव प्रक्रिया बहुत खर्चीली होती जा रही है। ईमानदार होना आज अवगुण है। अपराध के खिलाफ कदम उठाना पाप हो गया है। धर्म और अध्यात्म में रुचि लेना साम्प्रदायिक माना जाने लगा है। किसी अनियमितता का पर्दाफाश करना पूर्वाग्रह माना जाता है। सत्य बोलना अहम पालने की श्रेणी में आता है। साफगोही अव्यावहारिक है। भ्रष्टाचार को प्रश्रय नहीं देना समय को नहीं पहचानना है। चुनाव के परिप्रेक्ष्य में इन और ऐसे बुनियादी सवालों पर चर्चा होना जरूरी है। आखिर कब तक राजनीतिक स्वार्थों के नाम पर नयी गढ़ी जा रही ये परिभाषाएं समाज और राष्ट्र को वीभत्स दिशाओं में धकेलती रहेगी? विकासवाद की तेज आंधी के नाम पर हमारा देश, हमारा समाज कब तक भुलावे में रहेगा? चुनाव के इस महायज्ञ में सुधार की, नैतिकता की, मूल्यों की, सिद्धांतों की बात कहीं सुनाई नहीं दे रही है? दूर-दूर तक कहीं रोशनी नहीं दिख रही है। बड़ी अंधेरी और घनेरी रात है। न आत्मबल है, न नैतिक बल।

महान एवं सशक्त भारत के निर्माण के लिए आयोज्य यह चुनावरूपी महायज्ञ आज महाभारत बनता जा रहा है, मूल्यों और मानकों की स्थापना का यह उपक्रम किस तरह लोकतंत्र को खोखला करने का माध्यम बनता जा रहा है, यह गहन चिंता और चिंतन का विषय है। विशेषतः चारित्रिक अवमूल्यन, आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को प्रश्रय देने का चुनावों में नंगा नाच होने लगा है और हर दल इसमें अपनी शक्ति का बढ़-चढ़कर प्रदर्शन कर रहे हैं। बात केवल चुनावी चंदे ही नहीं बल्कि विदेशों से मिलने वाले चंदों की भी है। आज सवाल बहुत बड़ा है और वह है भारत की राजनीति को प्रत्यक्ष विदेशी प्रभाव से बचाना। आम आदमी पार्टी पर जिन कथित भारत-विरोधी विदेशी ताकतों से भारी राशि लेने के आरोप लगे हैं, वह हमारी समूची चुनाव प्रणाली के लिए चुनौती है। क्या कभी सत्तापक्ष या विपक्ष से जुड़े लोगों ने या नये उभरने वाले राजनीतिक दावेदारों ने, और आदर्श की बातें करने वाले लोगों ने, अपनी करनी से ऐसा कोई अहसास दिया है कि उन्हें सीमित निहित स्वार्थों से ऊपर उठा हुआ राजनेता समझा जाये? यहां नेताओं के नाम उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं न ही राजनीतिक दल महत्वपूर्ण है, महत्वपूर्ण है यह तथ्य कि इस तरह का कूपमण्डूकी नेतृत्व कुल मिलाकर देश की राजनीति को छिछला ही बना सकता है। सकारात्मक राजनीति के लिए जिस तरह की नैतिक निष्ठा की आवश्यकता होती है और इसके लिये राजनेताओं में जिस तरह की परिपक्वता की अपेक्षा होती है, उसका समूचे विपक्षी दलों में अभाव एक पीड़ादायक स्थिति का ही निर्माण कर रहा है। और हम हैं कि ऐसे नेताओं के निर्माण में लगे हैं!

चुनावों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुरूआत मानी जाती है, पर आज चुनाव लोकतंत्र का मखौल बन चुके हैं। चुनावों में वे तरीके अपनाये जाते हैं जो लोकतंत्र के मूलभूत आदर्शों के प्रतिकूल पड़ते हैं। इन स्थितियों से गुरजते हुए, विश्व का अव्वल दर्जे का कहलाने वाला भारतीय लोकतंत्र आज अराजकता के चौराहे पर है। जहां से जाने वाला कोई भी रास्ता निष्कंटक नहीं दिखाई देता। इसे चौराहे पर खड़े करने का दोष जितना जनता का है उससे कई गुना अधिक राजनैतिक दलों व नेताओं का है जिन्होंने निजी व दलों के स्वार्थों की पूर्ति को माध्यम बनाकर इसे बहुत कमजोर कर दिया है। आज ये दल, ये लोग इसे दलदल से निकालने की क्षमता खो बैठे हैं। महाभारत की लड़ाई में सिर्फ कौरव-पांडव ही प्रभावित नहीं हुए थे। उस युद्ध की चिंगारियां दूर-दूर तक पहुंची थीं। साफ दिख रहा है कि इस महाभारत में भी कथित अराजक राजनीतिक एवं आर्थिक ताकतें अपना असर दिखाने की कोशिश कर रही है, जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। इन स्थितियों में अब ऐसी कोशिश जरूरी है जिसमें महान भारत के नाम पर महाभारत की नई कथा लिखने वालों के मंतव्यों और मनसूबों को पहचाना जाये। अर्जुन की एकाग्रता वाले नेता चाहिए भारत को, जरूरी होने पर गलत आचरण के लिए सर्वोच्च नेतृत्व पर वार करना भी गलत नहीं है। यह सही है कि आज देश में ऐसे दलों की भी कमी नहीं है, जो नीति नहीं, व्यक्ति की महत्वाकांक्षा के आधार पर बने हैं, लेकिन नीतियों की बात ऐसे दल भी करते हैं। जनतांत्रिक व्यवस्था के लिए कथनी और करनी की असमानता चिंता का विषय होना चाहिए। हालांकि, आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने में हमारे राजनीतिक दलों ने नीतियों-आदर्शों के ऐसे उदाहरण प्रस्तुत नहीं किये हैं, जो जनतांत्रिक व्यवस्था के मजबूत और स्वस्थ होने का संकेत देते हों, फिर भी यह अपेक्षा तो हमेशा रही है कि नीतियां और नैतिकता कहीं-न-कहीं हमारी राजनीति की दिशा तय करने में कोई भूमिका निभायेंगी।

**– लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार हैं।**

RNI (JHAHIN/2016/69693) स्वत्वाधिकारी स्वदेश मीडिया नेटवर्क के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक मंगल प्रताप पाण्डेय द्वारा 237-बी, रोड़ न.2, अशोकनगर, रांची 834002 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्रा.लि. काठीटांड, (नियर टेंडर बगीचा) रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित। **प्रधान संपादक :** मंगल पाण्डेय, **संपादक :** रौशन कुमार*, **विज्ञापन एवं प्रसार :** 8092174888, 9031730388, **कार्यालय:** 0651-7961780, किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायिक क्षेत्र रांची होगा। ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार* )

# प्रखंड संसाधन केंद्र की ओर से गुरु गोष्ठी का आयोजन

स्वदेश संवाददाता



बड़कागांव। प्रखंड संसाधन केंद्र के द्वारा कन्या मध्य विद्यालय बड़कागांव सभागार भवन में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया । गुरु गोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद एवं संचालन प्रखंड साधन सेवी अभय कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में सभी विद्यालय में जहां मतदान केंद्र बनाया गया है वहां समुचित सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। वार्षिक परीक्षा समाप्त होने के बाद यू डाईस एवं ई विद्या वाहिनी को आदतन करने के लिए सभी विद्यालयों को निर्देश दिया गया। विद्यालय में रीडिंग कॉर्नर को सुसज्जित तरीके से व्यवस्थित करने के लिए बोला गया। पोषक क्षेत्र के सभी बच्चों का सत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में प्रखंड साधन सेवी अभय कुमार, धनंजय कुमार, संकुल साधन सेवी दीपक कुमार, देवता कुमार पाठक ,लखनलाल महतो, रामदेव साहू , तनवीर अख्तर, अजय कुमार, रूम टू रीड से निशांत कुमार शिक्षकों में रवि शंकर पाठक, अशोक कुमार, अवधेश कुमार, सुधीर कुमार, रेणु कुमारी, नरेश कुमार, लालदेव गोप, रविंद्र कुमार, शिवराम शर्मा अन्य कई शिक्षक उपस्थित थे।

## शेमारू में 'कर्माधिकारी शनिदेव' शो में हनुमान के किरदार में दर्श अग्रवाल

स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। शो में एक नए किरदार बाल हनुमान की एंट्री में दर्श अग्रवाल निभाने वाले हैं। मुझे हनुमान जी बहुत पसंद हैं क्योंकि वे बहुत शरारती थे और मुझे वो सारी शरारतें करने का पूरा मौका मिल रहा है। मैं बहुत खुश हूँ कि मेरे दोस्त और दर्शक मुझे इस नए किरदार में देखेंगे। " दर्श अग्रवाल विभिन्न टेलीविजन शोज में दर्शकों के बीच प्रसंशाएं भी हासिल की हैं और 'कर्माधिकारी शनिदेव' शो में उनकी एंट्री हुई। यह कहानी हनुमान द्वारा शनिदेव के दृष्टिकोण की पड़ताल करती है और उनके बीच के बंधन को दर्शाती है और बताती है कि कैसे हनुमान की उपस्थिति शनिदेव के जीवन को प्रभावित करती है।

# कई जगहों पर मारवाड़ी युवा मंच की ओर से की गई प्याऊ की व्यवस्था

स्वदेश संवाददाता




हजारीबाग। जिले में बढ़ते गर्मी को देखते हुए विभिन्न संस्थाओं के द्वारा की प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है। इसी क्रम में हजारीबाग जिले में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाली संस्था मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा शहर के आधा दर्जन से अधिक जगह पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है, जिसमे खंडेलवाल ट्रेडिंग अंसारी मार्ग, फूलचन्द कानी बाज़ार,डॉन लाउंड्री जादो बाबू चौक, टाइटन आई केयर आनंदा चौक, ब्रह्म स्थान मंदिर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक, हनुमान मंदिर कानी बाजार में मंदिर परिसर सहित कई स्थानों पर लगाया गया है। ताकि आने वाले राहगीर रिक्शा चालक सहित आम जनों को सुकून मिल सकें, ऐसी सेवा मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा प्रत्येक वर्ष की जाती है। मारवाड़ी युवा मंच हर सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता बढ़ चढ़कर सुनिश्चित करता है इसी दृष्टिकोण से यह सेवा प्रदान की जा रही है। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सी.ए. विनीत अग्रवाल ने कहा की सेवा ही धर्म के दृष्टिकोण से मारवाड़ी युवा मंच हर कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करता है। आने वाले दिनों में और कई सेवा की जाएगी।सचिव पीयूष खंडेलवाल ने कहा कि लोगों को ना हो तकलीफ जिसके लिए मारवाड़ी युवा मंच है हमेशा तत्पर है,और रहेगा। सेवा ही हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य है। अध्यक्ष सी.ए.विनीत अग्रवाल सचिव पीयूष खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष अनिकेत जैन, उपाध्यक्ष दीपक खंडेलवाल उर्फ मोनू,आदित्य अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## चोरी की स्कार्पिओ के साथ एक युवक हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

स्वदेश संवाददाता




दारु (हजारीबाग )। दारू थाना प्रभारी शफीक अंसारी ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पुनाई पंचायत के जरगा से एक सफेद रंग की स्कार्पिओ के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक नाम सुजीत कुमार पिता वकील ठाकुर है, जो टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो का रहने वाला है जिसे चोरी की सफेद

# स्वीप कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप कोषांग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 8 मई विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आयोजित हुए इस रक्तदान शिविर का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। उपायुक्त ने सभी रक्तदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि सभी ने रक्तदान देकर अपना बहुमूल्य फर्ज निभाया अब मतदान देकर भी अपने जिम्मेवारी का निर्वहन करें। उन्होंने 20 मई 2024 यानी मतदान दिवस के दिन सभी को घर से निकल मतदान देने की अपील की। शिविर के माध्यम से कुल 32 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। इस कार्यक्रम उपायुक्त के आलावा, भू अर्जन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, एलआरडीसी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एपीआरओ, सचिव रेड क्रॉस सोसाइटी उपस्थित रहें।

## मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने किया मुलाकात

स्वदेश संवाददाता



बड़कागांव। झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात की। इस दौरान पूर्व मंत्री ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री से विस्थापन के मुद्दे पर विशेष ध्यान देने एवं विस्थापन आयोग के गठन करने की बात कही। मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में एवं सार्वजनिक मंच से कई बार विस्थापन आयोग गठन करने पर अपनी सहमति प्रदान की है। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह सरकार जल जंगल जमीन से जुड़ी सरकार है इसलिए विस्थापितों को न्याय दिलाने के लिए शीघ्र ही विस्थापन आयोग का गठन किया जाए। वहीं पूर्व मंत्री ने राज्य एवं विधानसभा क्षेत्र के कई गंभीर विषयों पर चर्चा की, इस दौरान उन्होंने बढ़ते अपराध एवं विधानसभा क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में तेजी आने पर चिंता जताते हुए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया।

# कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने लोगों को सुनी समस्याएं, निष्पादन का दिया भरोसा

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने इंडी एलाइंस के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के पक्ष में कटकमदाग प्रखंड के खपारियांवा, नवादा तथा ढेंगुरा, पंचायत बेस पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें संबोधित किया। मौके पर मुन्ना सिंह ने कहा कि हमें हर व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, समझना और उनके साथ मिलकर समाधान ढूंढना है। हम जनता के साथ हैं और उनके विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं। मौके पर विकास रवि, सोनल सत्यम, विशेष, मुकेश, विक्रम, साहिल, शिवा, अभिषेक, सौरभ, अनिकेत, आर्यन, दिनेश, पवन, विवेक, अंशु, सनी, बिक्की, सीताराम दास, जीवन राम, मनीष,बॉबी, जितेन्द्र, चंदन, मनोज, भीम, हरीश, सोनू, राजेंद्र महतो, राजेश कुमार, सलीम अंसारी, सुखदेव महतो, नागेश्र महतो, कृष्ण यादव ,प्रवीण महतो, लूटन महतो सहित अन्य मौजूद थे।

# गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने ली मतदान करने की शपथ

स्वदेश संवाददाता

### लोगों को भी मतदान के प्रति प्रेरित करने का लिया संकल्प



हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के प्रशिक्षुओं ने बुधवार को मतदान अवश्य करने की शपथ ली। इस मौके पर प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षुओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करना ही चाहिए। वैसे भी मतदाताओं के लिए मताधिकार का प्रयोग करना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। प्रशिक्षुओं ने शपथ ली कि वह अपने देश के लोकतंत्र की परंपराओं के मर्यादा को अक्षुण्ण रखेंगे और मतदान के लिए जाति, धर्म, भाषा अथवा किसी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित नहीं होंगे। प्रशिक्षुओं ने मतदान के लिए दूसरे लोगों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके अलावा शिक्षण सहायक सामग्री निर्माण कौशल में दूसरे दिन डॉ मीरा कुमारी के नेतृत्व में जल संरक्षण, वर्षा कुमारी के नेतृत्व में विज्ञान आधारित तथा स्नेहलता खलखो के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुरक्षा पर आधारित कौशल विकास कराया गया। मौके पर आईक्यूएसी की को-ऑर्डिनेटर डॉ बसुंधरा कुमारी, सहायक प्राध्यापिका डॉ पुष्पा सिंह, डॉ पुष्पा कुमारी, कुमारी अंजलि, रचना कुमारी, सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार, जगेश्वर रजक, महेश प्रसाद, अशोक सिन्हा, गुलशन कुमार, एसएस मैती, दिलीप सिंह, संदीप खलखो, डॉ अनुरंजन कुमार, संदीप सिन्हा आदि मौजूद थे।

## पोस्टल बैलेट से 24 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया

स्वदेश संवाददाता




हजारीबाग। लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त चतुर्थ फेज में मतदान की तिथि 13 मई 2024 वाले संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के खूंटी लोकसभा, सिंहभूम लोकसभा, पलामू लोकसभा एवं लोहरदगा लोकसभा के वैसे मतदाता जो विभिन्न निर्वाचन ड्यूटी में हजारीबाग जिले में पदस्थापित हैं उनका मतदान पोस्टल बैलेट के माध्यम से आज प्रारंभ हुआ। इस हेतु प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान,जबरा हजारीबाग को मतदाता सुविधा केंद्र बनाया गया है, विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार निर्वाचन ड्यूटी पर रहने वाले मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मत दिए जाने का प्रावधान है।

## बड़कागांव में पशुपालन विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



स्वदेश संवाददाता

बड़कागांव। प्रखंड मुख्यालय परिसर में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉ लैशराम गोसाई सिंह, ब्लॉक पशुपालन अधिकारी ने किया। इस दौरान डॉक्टर लैशराम गोसाई सिंह ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों को बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए जागरूक किया और दूसरे को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा। इस दौरान लोगों ने बिना लोभ लालच मतदान के लिए शपथ लिया।

# भाजपा महिला मोर्चा की शेफाली गुप्ता ने भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगा

स्वदेश संवाददाता



दारू। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल के पक्ष में हजारीबाग सदर विधानसभा कोर कमिटी की सदस्य शेफाली गुप्ता ने दारू प्रखंड के जिनगा, बडवार, दारू, हरली, महेशरा, बसोबार आदि गांव मे मनीष के पक्ष मे लोगों को भाजपा को वोट देने की अपील की। शेफाली गुप्ता ने केंद्र सरकार की उपलब्धि के बारे मे लोगो को बताया और आगे भी उनका जनहित मे जितने भी कार्य है वह आगे भी जारी रहेगा। यहां लोगो ने बढ़ चढ़ के भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पिछले दस वर्षो मे किए गए कार्यों को सराहा एवं भरपुर समर्थन देने का अश्ववासन दिया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, पूर्व मुखिया लक्ष्मी देवी कंचन कुमारी, स्वेता दुबे, रीना, विकास, संजय सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न गांव में चलाया जन संपर्क अभियान

स्वदेश संवाददाता

### मोदी ने दुनिया भर में भारत का लोहा मनवाया : रघुवीर प्रसाद



बरकट्ठा। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद और बरकट्ठा भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक के नेतृत्व में जन संपर्क अभियान चलाया। क्षेत्र के झुरझुरी, लगनवां, बरकट्ठा दक्षिणी, चेचकपी आदि जगहों पर भाजपा का बूथ समिति सत्यापित किया गया और बूथ समिति को जीत का मंत्र पढ़ाया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद ने कहा कि मोदी है तो हर संभव मुमकिन है। आज भारत का नाम पूरे विश्व में गुंज रहा है। 70 साल तक कांग्रेस ने देश को लूटने का काम किया। कांग्रेस के शासनकाल में देश में दुश्मन गोली और पत्थर बरसाते थे। लेकिन मोदी के भाजपा सरकार में गलत निगाहें उठाने वाले कांपते हैं। उन्होंने लोगों से भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की लहर देखी जा रही है। भाजपा की जीत निश्चित है। मौके पर मीडिया प्रभारी रविन्द्र कुमार, प्रमेश्वर साव, मुकेश यादव,मनी यादव,राजू यादव,अजय मोदी, पिंकू यादव, पिंटू सोनी,राजू यादव, महेश यादव, इंद्रदेव मोदी, सुरेंद्र मोदी, नागेश्वर करमाली समेत आदि लोग उपस्थित थे।

# राहुल गांधी से अंबा प्रसाद ने की मुलाकात

स्वदेश संवाददाता



बड़कागांव। विधायक अंबा प्रसाद ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद लोकसभा राहुल गांधी का राँची एयरपोर्ट पर स्वागत कर भेंट की। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद को आगामी लोकसभा चुनाव पर राहुल गांधी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ और अंबा प्रसाद ने इस दौरान उन्हें विश्वास दिलाया कि इस लड़ाई में हम सभी सड़क से लेकर सदन तक आपके साथ मजबूती से खड़े है। अंबा प्रसाद ने इस दौरान बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र वासियों के विस्थापन के मुद्दे पर अवगत कराते हुए विस्थापितों के साथ केंद्र सरकार मनमानी कर रही है विस्थापितों के हक अधिकार को अनदेखा किया जा रहा है। इस दौरान विधायक ने राज्य और क्षेत्र के विभिन्न गंभीर मुद्दों से अवगत कराया वहीं सहारा इंडिया में देश के लाखों करोड़ों लोगों के जमा पूंजी फंसे होने पर गहरी चिंता जतायी। इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, रांची लोक सभा सीट प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद रहे।

# झूठे मुकदमों के विरुद्ध किसानों ने लिया आंदोलन का निर्णय

स्वदेश संवाददाता

### भूमिहीन किसानों को पुनर्वास, रोजगार एवं उचित मुआवजा का अधिकार : चन्द्र शेखर पाठक



धनबाद। पुटकी तेरह नंबर एवं पुटकी दस नंबर सब्जी बागान के कृषकों के विरुद्ध पुटकी थाने में दर्ज हुए झूठे मुकदमे कांड संख्या - 49/2024 ; दिनांक 7.5.2024 के संबंध में एक अति आवश्यक बैठक पुटकी 13 नंबर सब्जी बागान में हुई। बैठक में सभी ने बीसीसीएल एवं ठेका कंपनी एसटीजी एसोसिएट्स के विरोध में एकजुटता दिखाई एवं भारी आक्रोश व्यक्त किया। दीपक कुमार, महफूज खान एवं अलाउद्दीन खान के ऊपर हुए झूठे मुकदमे के खिलाफ सभी ने एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित कोलियरी श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री चन्द्र शेखर पाठक ने कहा कि बगैर किसी पूर्व सूचना के अलाउद्दीन खान के सब्जी बागान में अचानक मलबा गिराना मानवता के खिलाफ है। यहां सरकार और मानवता के बीच संघर्ष की स्थिति बन गई है। बगैर पुनर्वास रोजगार एवं उचित मुआवजा के विस्थापन की कोशिश करना विधि विरुद्ध है।

मौके पर मुख्य रूप से कोलियरी श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री चन्द्र शेखर पाठक, उमेश राम, इम्तियाज अहमद, संजय कुशवाहा, कृष्णा पासवान, हरेंद्र भगत, धर्म भगत, रामधन भगत, भरत भगत, जितेंद्र भगत, राधिका देवी, सुनीता देवी, नूरजहां खातून अखिलेश भगत पंचा पासवान इत्यादि उपस्थित थे।

# मोदी के हाथों में ही संविधान सुरक्षित : मनोज यादव

स्वदेश संवाददाता



चौपारण। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष चलाया जनसम्पर्क अभियान। चोरदाहा, दैहर व झापा पंचायतों में शक्ति केंद्र प्रमुख व कार्यकर्ताओं संग बैठक कर भाजपा को जिताने का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी की लोकप्रियता ने ही उनको टिकट दिलवाया। राष्ट्रहित के लिए भाजपा को वोट करें। विपक्ष जनता को बरगलाने का काम कर रही है। संविधान की रक्षा मोदी जी ही कर सकते है। मोदी जी जो कहते है ओ जरूर करते है यही मोदी की गारंटी है। मनीष जायसवाल जी भारी मतों से जीत रहे है आप भी इसका गवाह बने और भाजपा को वोट करें। इस दौरान जीप सदस्य राकेश रंजन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरुप पासवान, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, सुखदेव पासवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत सिंह, महामंत्री आशीष सिंह, कैलाश पांडेय, जनमेजय सिंह, अर्जुन सिंह, विजय पांडेय, देवकुमार दाँगी, सुरेश दांगी, मन्नू सिंह, बासुदेव दाँगी, बिनोद भोक्ता, केदार यादव, गोपाल भुइयां, रतन भुइयाँ, अंगीरा देवी, सरिता देवी, बिनय रजक, चोरदाहा में मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार यादव, भाजपा नेता परमेश्वर यादव, कृष्णा पासवान, प्रभात यादव, प्रभु यादव, सुरेन्द्र केशरी, बढो साव, अशोक पासवान, रामबृक्ष यादव, उत्तम गंझू, बंसत सिंह खेरवार। दैहर में महामंत्री आशीष सिंह, कैलास पांडेय, झापा में कपिल साव, नारायण साव, रामप्रसाद भुइयाँ, मिथुन दाँगी, राहुल राणा, सुरेन्द्र पांडेय, जय प्रकाश पोद्दार सहित अन्य।

**दैहर में दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामाः** भाजपा के नीति व सिद्धांत से प्रभावित होकर दैहर पंचायत के दो दर्जन से अधिक लोगों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा। पूर्व विधायक मनोज यादव ने माला पहनाकर व भाजपा का पट्टा देकर पार्टी में स्वागत किया। जॉइन करने वालों में पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय उर्फ कारु पांडेय, रतन पांडेय, शत्रुघ्न पांडेय, कृष्णा पांडेय, प्रमोद पांडेय, कमलेश पांडेय, रामचन्द्र भुइयां, गणेश भुइयां, गणेश चनद्रवंशी, विष्णु भुइयां, कलिंदर भुइयां, बद्री भुइयां, शंकर भुइयां, सुरेन्द्र दांगी, सुरेन्द्र सिंह, चंद्रशेखर दांगी, त्रिभुवन प्रजापति, भुनेश्वर साव उर्फ लाटो साव, रामेश्वर दांगी, अभिमन्यु राणा, परसुराम राणा सहित अन्य मौजूद थे।

# जयप्रकाश भाई पटेल ने बरही प्रखण्ड में चलाया जनसंपर्क

स्वदेश संवाददाता



बरही। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने गुरुवार को बरही प्रखंड क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क किया। इस दौरान भारी संख्या में लोगों ने उनकी सभाओं में उपस्थिति दर्ज की। जगह जगह कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया गया।जनसंपर्क में सैंकड़ों ग्रामीणों ने कांग्रेस के समर्थन की बात कही। जय प्रकाश भाई पटेल ग्रामीणों द्वारा मिले अत्यंत स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत नज़र आये। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका यह प्रेम बता रहा है कि हज़ारीबाग़ से भाजपा का सूपड़ा साफ होने वाला है। कांग्रेस के हक में दिया गया हर एक वोट देश हित में होगा क्योंकि मोदी सरकार देश के सिर्फ बेचने का काम कर रही है। कांग्रेस द्वारा वर्षों से कड़ी मेहनत कर खड़ा किये गए राष्ट्रीय संस्थाओं को अमीरों के हाथों बेच दिया गया है। हर वर्ग के लोगों के साथ अन्याय करने वाली मोदी सरकार अब अपने आखिरी दिन गिन रही है। सिर्फ हज़ारीबाग़ ही नहीं पूरे देश से भाजपा को यहां की जनता बाहर निकालने का काम करेगी। जनसंपर्क से पहले उन्होंने रोमी में कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों संग बैठक की।जनसंपर्क में बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, कांग्रेस एससी सेल प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, देवदयाल कुशवाहा, नीलकंठ महतो, इकबाल राजा, अफरोज आलम, मीनू, अल्ताफ हुसैन, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद छोटू, मोहम्मद वारिस, सुनील साहू, परवेज आलम, मोहम्मद असलम, दीपक गुप्ता, डॉक्टर निजामउद्दीन अंसारी, प्रयाग यादव, विवेक विश्वकर्मा, मीना देवी, पिंकी देवी, मनोज रजक, अनिल रॉय, चरका यादव, संजय यादव, सिकंदर राणा, महादेव यादव, छटू गोप आदि साथ थे।

# पलामू में 13 मई को मतदान के लिए 10 बूथ रीलोकेट

स्वदेश संवाददाता




**पलामू :** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 13 मई को मतदान होना है। इस चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो, इसे लेकर स्वीप अंतर्गत विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वहीं अन्य स्तर पर कई तरह के निर्णय भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 10 मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है। रीलोकेट मतदान केन्द्रों में छतरपुर विधानसभा अंतर्गत डुणडूर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पर बने मतदान केंद्र को तारडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रीलोकेट किया गया है। इसी तरह छतरपुर विधानसभा अंतर्गत रतनाग उत्क्रमित मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र को उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालगड़ा में शिफ्ट किया गया है। छतरपुर विधानसभा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय माड़ादाग को नव सृजत प्राथमिक विद्यालय खडार में रीलोकेट किया गया है। हुसैनाबाद विधानसभा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय माहुर में बने मतदान केंद्र को उतर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय, मोहम्मदगंज, उ. भाग में रिलोकेट किया गया है। हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत प्रतापपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र को स्त्रो.उ.वी. महुदण्ड, उत्तरी भाग में रीलोकेट किया गया है। हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत लोहबणदा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बने मतदान केंद्र को स्त्रो.उ.वि. महुदण्ड, द.भाग में रीलोकेट किया गया है। डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत हरता उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बने मतदान केंद्र को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिजका में रीलोकेट किया गया है। इसी तरह इसी विधानसभा अंतर्गत रा.प्रा.वि. तूरेर में बने मतदान केंद्र को उ.उच्च विद्यालय मदगड़ी ह्यचह्ल में रीलोकेट किया गया है। इसी तरह डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत उत्क्रमित प्रा.वि कूटकु में बने मतदान केंद्र को उ. उच्च विद्यालय मदगड़ी ह्यचह्ल में रीलोकेट किया गया है। डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत उत्क्रमित प्रा.वि खटाई टोला सनेया में बने मतदान केंद्र को उ.उच्च विद्यालय मदगड़ी ह्यचह्ल में रीलोकेट किया गया है। यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने दी।

# ड्यूटी से बचने के लिए स्वस्थ कारणों का बहाना बनाना पुलिसकर्मियों को पड़ सकता है महंगा

स्वदेश संवाददाता

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव में ड्यूटी से बचने के लिए स्वस्थ कारणों का बहाना पुलिसकर्मियों को महंगा पड़ सकता है। अगर कोई पुलिस पदाधिकारी या कर्मी मेडिकली फिट है और स्वस्थ कारणों का उल्लेखकर छुट्टी ली है, तो उन पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में धनबाद एसएसपी ने इससे सम्बंधित आदेश जारी किया है। जारी आदेश में बताया गया है कि लोकसभा चुनाव के अवसर पर स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को धनबाद जिला बल से अन्य जिलों में प्रतिनियुक्त किया जाना है। चुनाव के मद्देनजर कतिपय पुलिसकर्मियों ने अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का उल्लेख करते हुए चुनाव ड्यूटी से वंचित करने के लिए अनुरोध अभ्यावेदन समर्पित किया है। अतः ऐसे सभी पुलिसकर्मी के स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाता है। मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच के क्रम में अगर ये पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मी स्वस्थ अथवा मेडिकल फिट पाए जाते हैं, तो कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

## पुलिस की छापेमारी में रेस्टोरेंट से शराब जब्त, मैनेजर गिरफ्तार



**रांची :** अवैध शराब के खिलाफ ओरमांझी थाना पुलिस ने होटलों और रेस्टोरेंट में बुधवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अतिथि रेस्टोरेन्ट से काफी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया गया। अतिथि रेस्टोरेन्ट मालिक राजदीप साहू, मैनेजर उमेश मण्डल सहित अन्य रेस्टोरेन्ट के सहकर्मी द्वारा अवैध विदेशी शराब की खरीद-बिकी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। मामले में अतिथि रेस्टोरेन्ट के मालिक राजदीप साहू पीछे के तरफ से भाग गये । लेकिन मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से अलग-अलग 26 शराब की बोतल और 14 बीयर, सिगरेट, गुटखा सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

## सेक्टर और पुलिस पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय जरूरी : जिला निर्वाचन पदाधिकारी



स्वदेश संवाददाता

**पलामू :** पलामू लोकसभा के लिए 13 मई को मतदान निर्धारित है। इसी के निमित बुधवार को मेदिनीनगर टाउन हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने चुनाव में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों संग बैठक की। उन्होने सभी प्रखंडों से एक-एक कर सेक्टर पदाधिकारी से उनके क्षेत्राधिकार में पड़ने वालों बूथों की संख्या, बूथों का लोकेशन, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से बूथों की दूरी आदि के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त पी माइनस 1 व पी माइनस 2 में जिनकी ड्यूटी है उनसे भी अवगत हुए। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारियों से उनके बूथों पर एएमएफ के तहत सभी सुविधा बहाल रहे, यह सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न हो, इसके लिये सेक्टर पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षण में बताये गये बातों को मतदान वाले दिन अनुश्रवण करने की बात कही। उन्होंने सभी को रिजर्व ईवीएम के मतदान के दिन प्रयोग और रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके अतरिक्त उन्होंने सभी को उनके दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही पीपीटी के माध्यम से नजरी नक्शा के जरिए उन्हें उनको कार्य वाले लोकेशन से अवगत कराया। बैठक में एसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने को लेकर कई निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद,सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,तीनों एसडीओ,जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत विभिन्न पुलिस पदाधिकारी व सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 1974 की रेल हड़ताल की 50वीं वर्षगांठ पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**रामगढ़ :** ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा के युवा रेलकर्मियों ने बुधवार को विभिन्न डिपुओं में गेट मीटिंग के माध्यम से 1974 की ऐतिहासिक रेल हड़ताल की पचासवीं वर्षगाठ पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर यूनियन के सदस्य तथा स्क्रैप एनपीएस के कन्वेनर अमर कुमार सिंह ने 1974 की हड़ताल पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आज रेलकर्मी जो बोनस प्राप्त कर रहे हैं वह 1974 के अभूतपूर्व आंदोलन से ही संभव हो पाया है। विश्व प्रसिद्ध 1974 रेल हड़ताल उस समय आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के अध्यक्ष जार्ज फर्नांडीस के नेतृत्व में 8 मई को शुरू हुई थी जो 21 दिन तक चली और 28 मई को समाप्त हुई। लाखों रेलकर्मी गिरफ्तार हुए और हजारों को नौकरी से निकाल दिया गया। कुछ रेलकर्मी शहीद हुए, परंतु रेलकर्मियों द्वारा अपने हक की लड़ाई चलती रही। शाखा सचिव एमपी महतो ने कहा कि आज हमें जो बोनस तथा सैलरी मिल रही है वह उस हड़ताल की देन है। 1974 के उन क्रांतिकारियों साथियों की शहादत और जज्बे को हम क्रांतिकारी सलाम करते हैं और शपथ लेते हैं कि आज हमारी जो विशेष मांगें हैं उसके लिए हम सतत संघर्ष करते रहेंगे। इस अवसर पर बरकाकाना शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, हालीम अंसारी, संजय कुमार, सूरज कुमार, अशोक कुमार, एकरार अहमद, बैजनाथ, बिनोद, वकील, महादेव, कुतुबुद्दीन, डीके नायक, महादेव सहित विभिन्न डिपु इंचार्ज अथवा कई रेलकर्मियों ने भाग लिया।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा**
**(जिला निर्वाचन)**

**आम सूचना**

**लोकसभा आम निर्वाचन, 2024**

**लोहरदगा जिला के सभी मतदातागण, कृपया ध्यान दें :-**

भारत निर्वाचन आयोग के प्रेस विज्ञप्ति संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के द्वारा 12–लोहरदगा (अ0ज0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत 72 लोहरदगा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कुल 324 एवं 69–विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र (अंश) के 104 कुल 428 मतदान केन्द्रों में दिनांक 13.05.2024 को पूर्वाह्न 07.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक मतदान कार्यक्रम निर्धारित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड राँची का ज्ञापांक 1146 दिनांक 16.03.2024 के द्वारा मद्य निषेध से संबंधित निदेश प्राप्त है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 'C' में प्रावधानित हैं कि –

**"135C. Liquor not to be sold, given or distributed on polling day.** (1) No spirituous, fermented or intoxicating liquors or other substances of a like nature shall be sold, given or distributed at a hotel, eating house, tavern, shop or any other place, public or private, within a polling area during the period of forty-eight hours ending with the hour fixed for the conclusion of the poll for any election in the polling area."

- उक्त के आलोक में अवसर पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ग) में निहित प्रावधान के आलोक में लोहरदगा जिला अन्तर्गत मतदान के लिए निर्धारित क्षेत्र में 11.05.2024 के अपराह्न 05.00 बजे से मतदान की तिथि के लिए निर्धारित मतदान अवधि (दिनांक 13.05.2024, 7.00 बजे पूर्वाह्न से अपराह्न 05.00 बजे तक) की समाप्ति तक अर्थात् 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक के लिए मद्य निषेध (Dry Day) घोषित किया जाता है।
- उक्त अवधि में मतदान क्षेत्र में किसी किसी निर्वाचन के लिए मतदान समाप्ति होने के लिए नियत समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान उस मतदान क्षेत्र के भीतर, किसी होटल, भोजन, पाठशाला, दुकान में अथवा किसी अन्य लोक या प्राइवेट स्थान में कोई भी स्पिरिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जाएगा न दिया जाएगा और न वितरित किया जाएगा।
- तदनुसार दिनांक 04.06.2024 मतगणना की तिथि को सम्पूर्ण लोहरदगा जिला क्षेत्र में मद्य निषेध (Dry Day) घोषित किया जाता है।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा

PR 324582 Lohardaga(24-25)#D



This may be published in Newspaper and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and up to two days before the date of poll

**Format C-1**

(for candidate to publish in Newspaper)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25111 September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation &Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : Samir Oraon, R/O - Vill. Bishunpur Karamtoli
PO+PS- Bishunpur, District- GUMLA, Jharkhand- 835231

Name of political party : **BHARATIYA JANTA PARTY**

Name of Election : **LOK-SABHA- 2024**

Name of Constituency : **LOHARDAGA**

I **SAMIR ORAON**, a candidate for the above-mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Sections of Act concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **Special Court MP MLA, Civil Court, Ranchi, Jharkhand** | **Dhurwa PS Case no.107 /2023 Dt. 11-04-2023** | **Pending** | **147, 148, 188, 109, 353, 332, 427, 323 of IPC. Allegation for Participating in the public protest against the State Government.** |

**(B) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Sections of Act concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |



**This may be published in Newspapers and TV form the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-2**

( for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs Union of India & Anr.)

Name of Political Party: **BHARATIYA JANATA PARTY**

*Name of Election : **LOK-SABHA- 2024**

Name of State/UT : **JHARKHAND**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl.No | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case no. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
| 1 | **Lohardaga** | **Samir Oraon** | **Smt. Nutan Ekka Spl. JMFC, MP, MLA, Civil Court Ranchi, Dhurwa PS Case no. 107/2023, Pending** | **Allegation for Participating in a public protest against the state government. No coercive allowed by Hon'ble Court. Sec. 147, 148, 188, 109, 353, 332, 427, 323** | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

## संक्षिप्त समाचार

### फिलिस्तीन पर लाइक करती थी पोस्ट, टॉप स्कूल ने महिला प्रिंसिपल को हटाया

**मुंबई एजेंसी।** मुंबई के एक नामी स्कूल ने अपने प्रिंसिपल को पद से हटा दिया है। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि प्रिंसिपल परवीन शेख अकसर फिलिस्तीन पर सोशल मीडिया पोस्ट्स को लाइक करती थीं। स्कूल के मैनेजमेंट का कहना है कि हमने यह फैसला इसलिए लिया है क्योंकि एकता और समावेशी संस्कृति के अपने सिद्धांतों से हम समझौता नहीं कर सकते। परवीन शेख ने हमास और इजरायल युद्ध पर कई पोस्ट्स को लाइक किया था। इसके अलावा फिलिस्तीन के मुद्दे पर अन्य तमाम पोस्ट्स को वह लाइक करती थीं। मुंबई के विद्याविहार इलाके के सोमैया स्कूल की प्रिंसिपल परवीन शेख ने अपनी नौकरी छीने जाने को पूरी तरह अवैध और गलत बताया है। उन्होंने कहा कि राजनीति के तहत यह कदम उठाया गया है, जिससे मैं आहत हूं। वहीं स्कूल मैनेजमेंट ने कहा कि सोशल मीडिया पर उनकी ऐक्टिविटी शिक्षण संस्थान के मूल्यों के विपरीत थी। कहा जा रहा है कि परवीन शेख को मैनेजमेंट ने काफी समय पहले ही कहा था कि वह रिजाइन दे दें। उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया तो फिर उन्हें नौकरी से हटा दिया गया। परवीन शेख की एक करीबी ने बताया कि उनके खिलाफ जांच करने की बात मैनेजमेंट ने कही थी। सोमैया स्कूल के मैनेजमेंट ने मंगलवार को एक्स पर बयान शेयर करते हुए लिखा कि परवीन शेख की सोशल मीडिया ऐक्टिविटीज हमारी वैल्यूज के विपरीत थी। बयान में कहा गया, गंभीरता से विचार करने के बाद मैनेजमेंट ने परवीन शेख की सेवाओं को समाप्त कर दिया है। वह स्कूल में प्रिंसिपल के पद पर थीं, लेकिन उन्होंने मूल्यों के विपरीत काम किया। प्रबंधन का कहना था कि हम ऐसे मूल्यों को बढ़ावा देते हैं, जिसके तहत सभी समुदायों का सम्मान किया जाए। निजी पूर्वाग्रहों से ग्रसित न रहें और संकीर्ण मानसिकता किसी के प्रति न रहे। मैनेजमेंट ने कहा कि हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं, लेकिन इसका इस्तेमाल पूरी जिम्मेदारी से करना चाहिए। इसके अलावा दूसरों का सम्मान भी बरकरार रहना चाहिए।

### हरियाणा में कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार, कांग्रेस कर रही खाता खोलने को संघर्ष

**चंडीगढ़ एजेंसी।** हरियाणा में पिछले लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा ने सभी दस सीटें जीत ली थी। लेकिन प्रदेश में पिछले दिनों जिस प्रकार से राजनीतिक उथल-पुथल हुई है और अभी भी इसका दौर जारी है, इस कारण भाजपा के सामने पिछला प्रदर्शन दोहराना बड़ी चुनौती है। इधर, कांग्रेस आप से गठबंधन करके राज्य में अपना खाता खोलने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने से यह भी माना जा रहा है कि कुछ सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। हरियाणा में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भारी राजनीतिक उथल-पुथल मची। भाजपा की सहयोगी जजपा उससे अलग हो गई। स्थिति यह बनी कि भाजपा को वहां नेतृत्व परिवर्तन भी करना पड़ा। नये मुख्यमंत्री ने निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार चलाई लेकिन अब एक बार फिर स्थितियां बदल रही हैं। राज्य में लोकसभा चुनावों के कुछ ही महीनों के बाद विधानसभा चुनाव भी होने हैं। ऐसे में लोकसभा चुनावों का संदेश विधानसभा चुनावों में भी जा सकता है। इसलिए भाजपा सतर्क है और विपक्षी दल भी अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। हरियाणा में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने रिकार्ड 58 फीसदी मत हासिल किए थे। वहीं कांग्रेस का प्रदर्शन खराब रहा। वह महज 23 फीसदी मत ही ले पाई और सीट एक भी नहीं मिली। ठीक इसके पांच महीने के बाद जब विधानसभा चुनाव हुए तो भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। उसने 40 सीटें जीती और 7 सीटों का नुकसान हुआ। जबकि कांग्रेस का मत प्रतिशत सात फीसदी बढ़ा। उसने 28 फीसदी वोट लेकर 31 सीटें जीती और पिछले चुनाव की तुलना में 16 सीटों की बढ़त भी मिली। इसी प्रकार नई बनी पार्टी जजपा ने भी दस सीटें जीतने में सफलता प्राप्त की। जजपा की मदद से ही भाजपा ने सरकार बनाई, लेकिन राजनीतिक नफा-नुकसान के मद्देनजर जजपा अलग हो चुकी है और लोकसभा चुनाव मैदान में भी उतर चुकी है।

### बंगाल में बारिश और तूफान से भारी तबाही, 12 लोगों की मौत

**कोलकाता एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में आंधी-तूफान और बिजली गिरने से भारी तबाही मची है। इस आपदा की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत हो गई। इस बीच, भारतीय मौसम विभाग के अनुमान ने चिंता और बढ़ा दी है। आईएमडी का कहना है कि अगले कुछ दिनों में आंधी-तूफान का सिलसिला जारी रह सकता है। साथ ही, राज्य के कई जिलों में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। सोमवार को हुई भारी बारिश और आंधी-तूफान के चलते पूर्वी बर्दवान में 5 लोगों की मौत हो गई। पश्चिमी मिदनापुर और पुरुलिया में आंधी-तूफान और बिजली गिरने से 2-2 लोगों की मौत हुई। नादिया में दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई और दक्षिण 24 परगना में 1 व्यक्ति की मौत पेड़ के उखड़ जाने से हो गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आंधी-तूफान, बिजली गिरने और दीवार गिरने से हुई मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर कहा, यह जानकर बहुत दुख हुआ कि सोमवार की रात आंधी और बिजली गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन चौबीसों घंटे आपदा प्रबंधन मोड पर काम कर रहा है। साथ ही दिशानिर्देशों के अनुसार राहत और अनुग्रह राशि प्रदान करने के लिए उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गंभीर संवेदना व्यक्त की। आईएमडी अधिकारियों ने कहा कि बांग्लादेश से लगी सीमा पर साइक्लोनिक सर्कुलेशन डेवलप हो रहा है। साथ ही, झारखंड से राजस्थान तक कम दबाव का क्षेत्र भी बना हुआ है। कोलकाता में ड्रस्ट्र के क्षेत्रीय कार्यालय के सीनियर अधिकारी ने कहा, इस तरह का बदलाव बंगाल की खाड़ी से नमी खींच रहा है और गरज के साथ बारिश व तूफान को बढ़ावा दे रहा है।

# भारतीय आम चुनाव; जहानाबाद में जेडीयू का खेल बिगाड़ेंगे भूमिहार नेता?

**जहानाबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया 7 मई से शुरू हो गई है। जहानाबाद संसदीय क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। नामांकन के पहले दिन राष्ट्रीय जन- जन पार्टी के आशुतोष कुमार सहित पांच प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। जिला निर्वाची पदाधिकारी के मुताबिक आशुतोष कुमार के अलावा मिंता देवी, संजय यादव, उमाशंकर वर्मा एवं मंजय कुमार ने का पर्चा दाखिल किया।

जहानाबाद की सीट की चर्चा इस लिए भी तेज हो गई है। क्योंकि इस एक सीट पर भूमिहार जाति के प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। वैसे बिहार में ज्यादातर सीटों पर एनडीए बनाम महागठबंधन की लड़ाई है। लेकिन जहानाबाद की सीट पर मुकाबला चौतरफा है। आशुतोष कुमार के चुनावी मैदान में आने से लड़ाई और दिलचस्प हो गई है। जहानाबाद सीट भूमिहार जाति के ही बड़े नेता अरुण



कुमार बीएसपी के टिकट पर लड़ रहें। तो वहीं आरजेडी के प्रत्याशी सुरेंद्र यादव और एनडीए-जेडीयू के उम्मीदवार मौजूदा सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी भी चुनावी मैदान में है।आशुतोष कुमार की एंट्री से भूमिहार वोट में सेंधमारी की संभावना बढ़ गई हैं। जिससे जेडीयू को झटका लग सकता है। और इसका फायदा आरजेडी को हो सकता है। आपको बता दें 2019 के लोकसभा चुनाव में बहुत कांटे की टक्कर हुई थी। और जेडीयू के चंद्रश्वेर चंद्रवंशी महज 1751 वोटों से जीत पाए थे। और महज एक फीसदी वोट का अंतर था। आरजेडी के सुरेंद्र यादव ने उन्हें कड़ी टक्कर दी थी। और एक बार फिर से दोनों आमने-सामने हैं। वहीं आरएसपी (एस) के डॉक्टर अरुण कुमार को 34 हजार वोट और नोटा को 27 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। जिससे इस सीट पर टक्कर बहुत नजदीकी हो गई थी। वहीं बीएसपी के नित्यानंद सिंह को 19 हजार वोट मिले थे। नामांकन दाखिल करने अपने समर्थकों के साथ पहुंचे भूमिहार समाज के नेता आशुतोष कुमार ने कहा कि जहानाबाद के लोगों ने अगर मुझे सेवा करने का मौका दिया तो जिले के लोगों का मान सम्मान बढ़ाने का काम करूंगा।

## नीट धांधली में एसआईटी गठित रिमांड पर लिये जायेंगे आरोपी




**पटना , एजेंसी।** नीट यूजी परीक्षा धांधली मामले में पटना पुलिस ने एसआईटी गठित की गई है। सिटी एसपी सेंट्रल के नेतृत्व में गठित एसआईटी में दो डीएसपी रैंक के अफसर, छह इंस्पेक्टर और तकनीकी सेल के पुलिसकर्मी शामिल हैं। वहीं शास्त्रीनगर थाने में दर्ज केस के आईओ दारोगा टीएन सिंह बनाए गए हैं। डीआईजी सह एसएसपी राजीव मिश्रा के मुताबिक, पुलिस एक-एक कर गिरफ्तार आरोपितों को रिमांड पर लेगी और उनसे पूछताछ करेगी। पुलिस छात्र आयुष राज से भी पूछताछ करेगी, जिसने प्रश्नपत्र एक रात पहले ही मिलने का दावा किया था। संजीव सहित अन्य की तलाश पुलिस मास्टरमाइंड संजीव सिंह, उसके गुर्गे रॉकी समेत अन्य की तलाश में जुटी हुई है। संजीव के पकड़े जाने पर कई राज से पर्दा उठेगा। संजीव पर पूर्व में भी परीक्षाओं में धांधली के आरोप हैं। सूत्रों के मुताबिक संजीव की तलाश में पटना और उससे सटे जिलों में छापे मारे गए। संजीव के बेटे पर भी नजर है, जो एक दूसरे राज्य में हुई परीक्षा में गड़बड़ी में जेल जा चुका है। पटना डीआईजी सह एसएसपी राजीव मिश्रा, ने बताया कि पुलिस ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। बारीकी से जांच के बाद जो तथ्य सामने आयेंगे उनके आधार पर कार्रवाई होगी। एसआईटी गिरोह के सभी सदस्यों को गिरफ्तार करेगी।आपको बता दें कि नीट यूजी 2024 का आयोजन 5 मई को देशभर के परीक्षा केंद्रों में और कुछ विदेशों में बने परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई थी।

## बिहार के तीन चरणों में अभी तक भाजपा का खाता तक नहीं खुल रहा; आरजेडी के मनोज झा की भविष्यवाणी

**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के बीच आरक्षण पर घमासान जारी है। पीएम मोदी जहां एक तरह आरक्षण को खत्म



करने का आरोप विपक्ष पर लगा रहे हैं। तो वहीं इंडिया अलांयस मोदी सरकार को इस मामले पर घेर रहा है। और कहा रहा है कि अगर दोबारा मोदी सरकार आई तो संविधान खत्म हो जाएगा। इस बीच लालू यादव की पार्टी आरजेडी के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने बीजेपी पर हमला बोला है। साथ ही अभी तक हुए तीन चरणों में बिहार में बीजेपी की क्या स्थिति है। इसकी भी भविष्यवाणी कर दी है। राजद सांसद सह प्रवक्ता मनोज झा ने कहा कि हम तो अहंकार की भाषा नहीं बोलते। लेकिन एक बात बता दें। प्रधानमंत्री की पार्टी ( बीजेपी ) ज्यादा से ज्यादा 200 सीटों पर संघर्ष करेंगी।

## कन्हैया के सारथी बने सचिन पायलट उत्तर-पूर्वी दिल्ली का ऑब्जर्वर बनाया

**जयपुर , एजेंसी।** अशोक गहलोत के बाद राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को कांग्रेस आलाकमान ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट का ऑब्जर्वर बनाया है। दिल्ली की हॉट सीट उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार चुनाव लड़ रहे है। जबकि दिल्ली की एक और चर्चित चांदनी चौक लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने डॉ. सीपी जोशी को ऑब्जर्वर बनाया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले कांग्रेस आलाकमान ने छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को रायबरेली और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत को अमेठी का वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया गया था। उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को चुनावी मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला मनोज तिवारी से है, जबकि चांदनी चौक से कांग्रेस ने जेपी अग्रवाल को चुनावी मैदान में उतारा है। यहां उनका मुकाबला भाजपा के प्रवीण खंडेलवाल से है। सचिन पायलट और सीपी जोशी इन दोनों सीटों पर चुनाव प्रबंधन और प्रचार अभियान का जिम्मा संभालेंगे।

**This may be published in Newspapers and TV form the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-2**

( for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs Union of India & Anr.)

Name of Political Party: **BHARATIYA JANATA PARTY**

*Name of Election : **LOK-SABHA- 2024**

Name of State/UT : **JHARKHAND**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl.No | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case no. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
| 1 | **Singhbhum** | **Geeta Kora** | **Shri K.K. Mishra CJM Ranchi, Complaint Case no. 2/2012 Lalpur PS, Pending** | **Under Section 276 of the Income Tax Act, 1961 Failure to make Payment or deliver returns or statement or allow inspection.** | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**This may be published in Newspapers and TV form the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-2**

( for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs Union of India & Anr.)

Name of Political Party: **BHARATIYA JANATA PARTY**

*Name of Election : **LOK-SABHA- 2024**

Name of State/UT : **JHARKHAND**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl.No | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case no. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
| 1 | **Khunti** | **Arjun Munda** | **Smt. Nutan Ekka Spl. JMFC, MP, MLA, Civil Court Ranchi, Dhurwa PS Case no. 107/2023, Pending** | **Allegation for Participating in a public protest against the state government. Sec. 147, 148, 188, 109, 353, 332, 427, 323** | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे नीरज





**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है और इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, 'प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज ने भी पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे। चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था। चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।



# खुशी ने रोशन किया औरंगाबाद का नाम

### अंडर 20 भारतीय वॉलीबॉल टीम में मिली जगह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बिहार के औरंगाबाद शहर के गंगटी गांव की खुशी ने न सिर्फ औरंगाबाद का नाम रौशन किया है बल्कि सूबे समेत राष्ट्र को भी गौरवान्वित किया है।खुशी का चयन अंडर 20 भारतीय महिला बॉलीबॉल टीम में हुआ है। टीम में चयन होते ही परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। खुशी को घर आते ही जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। खुशी के पिता गंगटी गांव निवासी संतोष सिंह की मौत 2016 में हो गई थी। पति के मौत के बाद परिवार का सारा दायित्व खुशी की मां पर आ गया। खुशी पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी बेहद रूची रखती थी। खुशी पांच भाई बहनों में सबसे छोटी है।

# शुभमन गिल के स्टार खिलाड़ी ने पाकिस्तान को दिया धोखा

### नहीं खेलेगा टी-20 सीरीज, देखते रह गए बाबर आजम!



नईदिल्ली, एजेंसी। आयरलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया है। लिस्ट में जोश लिटिल का नाम भी शामिल है। हालांकि, रोचक बात यह है कि वह सीरीज खेलेंगे नहीं। वह इस दौरान आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते नजर आएंगे।

**आईपीएल 2024**

## पानी पिलाते-पिलाते फ्रस्टेट हुआ सीएसके का स्टार खिलाड़ी



नईदिल्ली, एजेंसी। चेन्नई सुपर किंग्स टीम का माहौल बहुत शानदार है और मैनेजमेंट टीम की प्लेइंग-11 में बहुत कम बदलाव करता है। यही वजह है कि कई स्टार प्लेयर्स सिर्फ बेंच पर ही बैठ नजर आते हैं। ऐसे ही एक खिलाड़ी हैं मिचेल सेंटनर।

**फुटबॉल**

## माराडोना को 1986 विश्व कप में मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** यह नीलामी के लिए जाने वाली पहली गोल्डन बॉल है और अभी कीमत की पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि 6 जून को नीलामी के दौरान इसकी कीमत लाखों में होगी।अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर रहे दिवंगत डिएगो माराडोना को 1986 विश्वकप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी को



नीलामी में शामिल किया गया है। अगुट्टेस नीलामी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। यह नीलामी अगले महीने फ्रांस में होगी। यह नीलामी के लिए जाने वाली पहली गोल्डन बॉल है और अभी कीमत की पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि 6 जून को नीलामी के दौरान इसकी कीमत लाखों में होगी। माराडोना का देहांत 2020 में 25 नवंबर को हुआ था। उनकी कप्तानी में अर्जेंटीना ने फाइनल में वेस्ट जर्मनी को 3-2 को हराकर 1986 विश्वकप की ट्रॉफी अपने नाम की थी। गोल्डन बॉल ट्रॉफी 1982 विश्वकप से शुरू की गई थी और अर्जेंटीना के ही लियोनल मेसी एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार गोल्डन ट्रॉफी जीती थी।

# संजू ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ की छक्कों की बरसात

### तोड़ डाले एमएस धोनी और रोहित शर्मा के रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के कैच पर भले ही विवाद छिड़ा हो, लेकिन उन्होंने दिल्ली के मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दमदार बल्लेबाजी की और दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए। संजू सैमसन ने दोनों रिकॉर्ड छक्के जड़कर बनाए। एक रिकॉर्ड अपने नाम किया, जबकि एक रिकॉर्ड की उन्होंने बराबरी की। वे आईपीएल में सबसे तेज छक्कों का दोहरा शतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज संजू सैमसन आईपीएल के इतिहास में सबसे कम पारियों में 200 छक्के जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बने हैं। संजू सैमसन ने 159 पारियों में 200 छक्कों का आंकड़ा पार किया, जबकि उनसे पहले एमएस धोनी के नाम पर ये रिकॉर्ड दर्ज था। एमएस धोनी ने 165 पारियों में 200 छक्के आईपीएल में जड़े थे। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहला छक्का जड़ते ही उन्होंने आईपीएल में 200 छक्के पूरे कर लिए थे।

इतना ही नहीं, संजू सैमसन ने रोहित शर्मा का भी एक रिकॉर्ड धराशायी कर दिया। रोहित शर्मा ने 11 बार आईपीएल के इतिहास में एक मैच में 5 या इससे ज्यादा छक्के जड़े हैं, जबकि संजू सैमसन ने 12वीं बार ये कमाल कर दिखाया। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 6 छक्के जड़े। हालांकि, इतनी ही बार केएल राहुल ने भी आईपीएल में एक पारी 5 या इससे ज्यादा छक्के जड़े हैं। ऋषभ पंत 9 बार और एमएस धोनी 8 बार ये कमाल करने में सफल हुए हैं। संजू सैमसन की बात करें तो उन्होंने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2024 के 56वें लीग मैच में 46 गेंदों में 8 चौके और 6 छक्कों की मदद से 86 रन बनाकर आउट हुए। उनका स्ट्राइक रेट इस पारी में 186.96 का था। अगर वे विवादित तरीके से आउट नहीं दिए जाते और वह छक्का होता तो निश्चित रूप से मैच का नतीजा अलग हो सकता था। राजस्थान रॉयल्स को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों 20 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

# मार्श टी20 विश्व कप में गेंदबाजी करेंगे: मैक्डोनाल्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने खुलासा किया कि टी20 विश्व कप के कप्तान मिचेल मार्श टीम के कैरेबियाई दौरे से पहले अंतिम सप्ताह तक गेंदबाजी करने के लिए फिट नहीं हैं, लेकिन टी20 विश्व कप से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे। दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मार्श 3 अप्रैल को आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए हुए मुकाबले के बाद से एक्शन से बाहर हैं। वह अपनी रिकवरी शुरू करने के लिए भारत से पर्थ वापस घर आ गए। अगले दो हफ्तों में मार्श ब्रिस्बेन में दो तीन दिवसीय प्री-टूर्नामेंट प्रशिक्षण शिविरों में से पहला शिविर ऑस्ट्रेलियाई टीम के उन सदस्यों के साथ बिताएंगे जो आईपीएल में नहीं खेल रहे हैं, इससे पहले कि टीम 25 मई को मेगा इवेंट के लिए कैरेबियाई रवाना हो जाए। हालांकि पिछले दो दिनों में मार्श की हैमस्ट्रिंग काफी हद तक ठीक हो गई थी जिससे उन्हें नेट्स पर बल्लेबाजी करने का मौका मिला। हालांकि, मैक्डोनाल्ड को लगता है कि उन्हें गेंदबाजी क्रीज पर लौटने में अभी भी कुछ सप्ताह का समय बाकी है क्योंकि मार्श की रिकवरी उम्मीद से थोड़ी धीमी है। मैक्डोनाल्ड के हवाले से कहा, वह अच्छी प्रगति कर रहा है। शायद उम्मीद से थोड़ा धीमा। लेकिन अब हमारे पास काफी समय है क्योंकि वह आईपीएल से बाहर हो गया है। हमारा पहला मैच अब एक महीने से भी कम समय दूर है। इसलिए उसके पास तैयार होने के लिए पर्याप्त समय है। मैक्डोनाल्ड ने कहा कि पिछले दो महीनों में मार्श के लिए मैच अभ्यास की कमी को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के पास ओमान के साथ शुरुआती मुकाबले से पहले कुछ अभ्यास मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ करेगा।



# अंपायर से बहस करना सैमसन को पड़ा महंगा

### बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शतक से चूकने और टीम की हार के बाद संजू सैमसन को एक तीसरा झटका लगा है। मंगलवार को दिल्ली के खिलाफ मैदानी अंपायरों के साथ तीखी बहस के लिए आरआर कप्तान पर बीसीसीआई ने मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। अरुण जेटली स्टेडियम में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। डीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 221 रन बनाए थे। जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में 201 रन ही बना सकी। सैमसन की 46 गेंदों में 86 रनों की बेहतरीन पारी का अंत विवादित रहा। शाई होप ने मुकेश की गेंद पर बाउंड्री रोप के पास सैमसन का एक शानदार कैच लपका। ऐसा लगा कि होप ने गेंद को सफलतापूर्वक पकड़ लिया था और कई रीप्ले को देखकर भी यही लगा, लेकिन एक ऐसा एंगल भी था जिसने कैच को लेकर थोड़ा संदेह पैदा कर दिया। हालांकि, तीसरे अंपायर ने अंततः पहले दो रीप्ले पर भरोसा किया और सैमसन को आउट घोषित कर दिया। इसके बाद शुरुआत में डगआउट की ओर बढ़ रहे सैमसन रिप्ले देखने के बाद अंपायर के फैसले से



असंतुष्ट दिखे और अंपायरों से बहस करने लगे। हालांकि थोड़ी देर बहस करने के बाद संजू को अंपायर का फैसला मानकर पवेलियन जाना पड़ा। अब बीसीसीआई ने सैमसन के इस व्यवहार के लिए जुर्माना ठोक दिया है। बीसीसीआई की ओर से आधिकारिक बयान में कहा गया है कि, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर 7 मई, 2024 को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमसन ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है और सजा को स्वीकार भी कर लिया है। आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम होता है।

# विश्व कप क्वालिफायर के संभावितों की सूची में फुटबालर झींगन बाहर

### इंडियन फुटबॉल टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे। भारतीय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्वकप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की जिसमें चोटिल डिफेंडर संदेश झींगन का नाम नहीं है। झींगन को जनवरी में सीरिया के खिलाफ भारत के एशियाई कप ग्रुप मैच के दौरान दाहिने घुटने में चोट लगी थी। पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से अभ्यास




शुरू करेंगे। दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे। कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे। भारत का सामना छह जून को कोलकाता में कुवैत से और 11 जून को कतर में मेजबान टीम से होगा। भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी और एएफसी एशियाई कप का टिकट कटाएंगी।

### संभावित खिलाड़ी :

गोलकीपर- पी तेमपा लाचेंपा, विशाल कैथ

रक्षक पंक्ति -आकाश मिश्रा , अनवर अली, मेहताब सिंह, राहुल भेके, शुभाशीष बोस

मध्यपंक्ति-अनिरूद्ध थापा, दीपक टंगड़ी, लालेंगमाविया राल्टे, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, सहल अब्दुल समद ।


अग्रिम पंक्ति- डेविड लालह्लानसंगा, जितिन मदाथिल सुब्रान, लालरिनजुआला, पार्थिब सुंदर गोगोई, रहीम अली, सुनील छेत्री।

## संक्षिप्त समाचार

### विमानों के रद्द होने पर मंत्रालय ने एयरलाइन से मांगी रिपोर्ट, कहा- तत्परता से करें समाधान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उड़ानों को रद्द करने के मामले में नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से रिपोर्ट मांगी है। विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन से तत्परता से मामले का समाधान करने को कहा है। मंत्रालय की ओर से एयरलाइन को डीजीसीए के निर्देशों के अनुसार यात्रियों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करने की सलाह भी दी गई है। इससे पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस की 80 से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, एयरलाइन के चालक दल के सदस्य बड़े पैमाने पर बीमारी का हवाला देकर छुट्टी पर चले गए हैं। ऐसे में ये उड़ाने रद्द की गई हैं। नागरिक विमानन अधिकारी इस मुद्दे पर नजर बनाए हुए हैं। बता दें, टाटा समूह की इकाई एयर इंडिया एक्सप्रेस, एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) का खुद में विलय करने की प्रक्रिया में है। इसी को लेकर, पिछले कुछ समय से इस एयरलाइन के चालक दल के सदस्य नाराज चल रह रहे हैं।

### दुनिया में फसल खराब होने से हर साल 31 लाख करोड़ का नुकसान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कीटनाशक का प्रयोग न करने से दुनिया में फसलों के खराब होने से सालाना 31.5 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होता है। 30 फीसदी फसलें नष्ट हो जाती हैं। बीएएसएफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रमुख रूप से कपास, टमाटर, बैंगन, खीरा और मिर्च खराब होती हैं। बीएएसएफ इंडिया के कृषि सॉल्यूशन के कारोबारी निदेशक गिरिधर रानुवा के मुताबिक, कंपनी ने एफिकॉन लॉन्च किया है। इसका अभी तक केवल ऑस्ट्रेलिया में उपयोग होता है। भारत में इंसेक्टिसाइड का 47 प्रतिशत उपयोग कपास व सब्जी में होता है। कंपनी अब तक भारत में 4.73 लाख किसानों को कीटनाशकों के छिड़काव के बारे में प्रशिक्षित कर चुकी है। 23,900 महिलाएं हैं। यूपी में 10,903 व पंजाब में 11,000 किसान प्रशिक्षित किए गए हैं। कंपनी का मानना है कि भारत में कीटनाशक छिड़काव को लेकर जागरुकता बढ़ रही है।

### देश से खिलौना निर्यात में मामूली गिरावट, गुणवत्ता नियंत्रण जैसे उपायों के बावजूद खास वृद्धि नहीं



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश से खिलौना निर्यात 2023-24 में मामूली घटकर 15.23 करोड़ डॉलर रहा। 2022-23 में यह आंकड़ा 15.38 करोड़ डॉलर था। हालांकि, आयात 2022-23 के 6.23 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 6.49 करोड़ डॉलर पहुंच गया। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक, 2019-20 से 2021-22 तक खिलौना निर्यात 12.96 करोड़ डॉलर से बढ़कर 17.7 करोड़ डॉलर पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के खिलौना निर्यात को अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों से खास लाभ नहीं हुआ। घरेलू उपायों का उद्देश्य स्थानीय उद्योग को बढ़ावा देना था

# महंगा हुआ हेल्थ इंश्योरेंस लेना, एक साल में 25 प्रतिशत तक बढ़ा प्रीमियम




**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोरोना काल के बाद से देश में स्वास्थ्य बीमा को लेकर जागरुकता बढ़ी है लेकिन पिछले एक साल में इसके प्रीमियम का बोझ भी तेजी से बढ़ा है। लोकलसर्किल्स द्वारा किए गए सर्वे में आधे से अधिक पॉलिसीधारकों ने यह माना है कि उनका इंश्योरेंस प्रीमियम पिछले एक साल में 25 फीसदी तक महंगा हुआ है। खास बात ये है कि प्रीमियम इंश्योरेंस सेक्टर के रेगुलेटर इरडा द्वारा बदले गए नियमों से पहले ही प्रीमियम महंगा हो चुका है। ऐसे में अप्रैल में किए गए नियमों में बदलाव के बाद अब ग्राहकों की जेब पर और ज्यादा असर पड़ेगा।

**इरडा ने बदले हैं कई नियम**

इंश्योरेंस से जुड़े कई नियमों में बदलाव करके इरडा ने नई अप्रैल में गाइडलाइन जारी की थी। इसके अनुसार अब स्वास्थ्य बीमा के वेटिंग पीरियड को अधिकतम 4 साल से कम करके 3 साल कर दिया गया है। इसके साथ ही नियमों में बदलाव करके अब सीनियर सिटीजन को भी राहत दी गई है। 65 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को हेल्थ इंश्योरेंस खरीदने में आसानी होने लगी है। इसके साथ ही नियमों के बदलाव के बाद अब गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को भी हेल्थ इंश्योरेंस का लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही अब इरडा ने बीमा कंपनियों को ग्राहकों को इंस्टॉलमेंट का विकल्प देने का भी आदेश दिया है। इरडा द्वारा नियमों में बदलाव के बाद से ग्राहकों को बड़ी राहत मिली है लेकिन बीमा कंपनियों ने अब प्रीमियम रेट में बढ़ोतरी का फैसला किया है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इरडा के नियमों के बदलाव के चलते प्रीमियम में 1000 रुपए तक का इजाफा हो सकता है।

लोकलसर्किल्स ने 11,000 ग्राहकों को अपने सर्वे में शामिल किया है। रिपोर्ट के मुताबिक 52 फीसदी पॉलिसीधारकों ने यह माना है कि पिछले एक साल में उनके हेल्थ इंश्योरेंस का प्रीमियम 25 फीसदी तक महंगा हो गया है। इनमें ने 21 फीसदी ऐसे लोग हैं जिन्होंने यह माना कि पिछले एक साल में उनके प्रीमियम में 50 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। वहीं 31 फीसदी लोगों को मानना है कि उनका प्रीमियम 25 से 50 फीसदी तक महंगा हुआ है। वहीं बचे 31 फीसदी ग्राहकों ने प्रीमियम में 10 से 25 फीसदी के बढ़ोतरी की बात मानी। वहीं 2 फीसदी लोगों का मनना है कि पिछले एक साल में उनका 0 से 10 फीसदी तक महंगा हुआ है।

**बढ़ रहे प्रीमियम से ग्राहकों की बढ़ रही चिंता**

इस सर्वे में पॉलिसीहोल्डर्स ने साल दर साल महंगे होते हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर अपनी चिंता जाहिर की है। कई पॉलिसीहोल्डर्स ने माना है कि उनके हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम में पिछले दो सालों में डबल डिजिट में बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही ग्राहकों ने सर्वे में क्लेम के प्रोसेस में तेजी लाने की बात कही।

## भारत में इस्पात मांग में तेजी जारी रहेगी, अगले कुछ वर्षों में 10 प्रतिशत की दर से होगी वृद्धिः इस्पात सचिव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस्पात सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने बुधवार को कहा कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने से अगले कुछ वर्षों में घरेलू इस्पात की मांग 10 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में 'भविष्य के लिए तैयार तथा हरित विनिर्माण पर सीआईआई सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने से घरेलू इस्पात की मांग दोहरे अंक में बढ़ेगी।

सिन्हा ने कहा, ''वित्त वर्ष 2023-24 में मांग में सालाना आधार 13-14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भविष्य में इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि जारी रहेगी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में कच्चे इस्पात का उत्पादन करीब 14.5 करोड़ टन रहा जो वित्त वर्ष 2022-23 में 12.7 करोड़ टन था। वित्त वर्ष 2023-24 में खपत 13.6 करोड़ टन रही, जबकि 2022-23 में यह 12 करोड़ टन थी।

## मिट जाएगा अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल का नामोनिशान!




**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबे उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल के लिए हिंदुजा ग्रुप की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड ने सबसे बड़ी बोली लगाई थी। कंपनी के लेंडर्स ने पिछले साल जून में इस रेजॉल्यूशन प्लान को मंजूरी दी थी। फरवरी में एनसीएलटी से भी इसे हरी झंडी मिल गई। इस बीच मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हिंदुजा ग्रुप ने रिलायंस कैपिटल और उसकी ऑपरेटिंग कंपनियों की रिब्रांडिंग शुरू कर दी है। कंपनी ने अपने 9,661 करोड़ रुपये के रेजॉल्यूशन प्लान को लागू करने के लिए कंपनियों के नामों में बदलाव का प्रस्ताव रखा है। इसके लिए आरबीआई से मंजूरी मांगी गई है। एनसीएलटी ने इस रेजॉल्यूशन प्लान को लागू करने के लिए 27 मई की डेडलाइन तय की है।

मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि रिब्रांडिंग के तहत होल्डिंग कंपनी रिलायंस कैप का नाम इंडसइंड इंश्योरेंस होल्डिंग कंपनी होगा। हिंदुजा ग्रुप का फोकस रिलायंस कैप के इंश्योरेंस बिजनस को खरीदने पर है। रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का नाम इंडसइंड निप्पन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी होगा। इसी तरह रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी का नया नाम इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस कंपनी होगा। आरएनएलआइसी एक लाइफ इंश्योरेंस वेंचर है जिसमें जापान की कंपनी निप्पन लाइफ की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि रिलायंस कैप के पास 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस का नाम इंडसइंड हेल्थ इंश्योरेंस होगा। इस बीच मिंट की एक न्यूज के मुताबिक आईआईएचएल ने रिलायंस कैप के रेजॉल्यूशन प्लान को लागू करने के लिए कॉरपोरेट स्ट्रक्चर में बदलाव का प्रस्ताव रखा है। नई कंपनियों के नाम का प्रस्ताव आरबीआई को भेजा गया है। जानकारों का कहना है कि डील में नई कंपनियों को शामिल करने के लिए नए सिरे से रेगुलेटरी अप्रूवल की जरूरत होगी।

## भारतीय परिवारों की सेविंग्स पांच साल के न्यूनतम स्तर पर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गोल्ड, रियल एस्टेट और शेयर बाजार में लोग निवेश बढ़ा रहे है, लेकिन कर्ज लेकर तमाम काम करने से उनकी वित्तीय देनदारियां भी बढ़ रही हैं। इसके चलते विशुद्ध वित्तीय बचत घट रही है। पिछले 3 वर्षों में परिवारों की वित्तीय देनदारी दोगुनी से ज्यादा हो गई। वहीं उनकी नेट फाइनैंशल सेविंग्स लगभग 40 प्रतिशत घट गई और यह 5 वर्षों के सबसे निचले स्तर पर आ गई। स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लिमेंटेशन मिनिस्ट्री की ओर से जारी नैशनल अकाउंट स्टैटिस्टिक्स 2024 से यह तस्वीर सामने आई है। पिछले 3 वर्षों में लगभग डेढ़ गुना हो गया। वित्त वर्ष 2021 में 40 हजार 505 करोड़ के मुकाबले वित्त वर्ष 2023 में यह 63 हजार 397 करोड़ रुपये हो गया। शेयरों और डिबेंचरों में निवेश लगभग दोगुना होकर 2 लाख 6 हजार करोड़ रुपये रहा। वहीं म्यूचुअल फंड्स में निवेश लगभग तीन गुना हो गया। एफवाय21 में 64 हजार 84 करोड़ रुपये के मुकाबले एफवाय23 में यह 1 लाख 79 हजार करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स घटकर 2 लाख 38 हजार करोड़ रुपये निवेश 2 लाख 48 हजार करोड़ से के करीब आ गया। वित्त वर्ष 2022 में यह 2 लाख 41 हजार करोड़ रुपये था। 2018-19 में वित्तीय देनदारी 7 लाख 71 हजार 245 करोड़ रुपये की थी। अगले वित्त वर्ष में 7 लाख 74 हजार 693 करोड़ रुपये पर पहुंचने के बाद वित्त वर्ष 2020-21 में यह 7 लाख 37 हजार 350 करोड़ रुपये पर आ गई। हालांकि एफवाय22 में यह बढ़कर 8 लाख 99 हजार 271 करोड़ रुपये हो गई। एफवाय23 में आंकड़ा 15 लाख 57 हजार 190 करोड़ रुपये हो गया और वित्तीय अधिक हो गई।

**Format C-1**

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: ARJUN MUNDA 64A, KHELARISAI, VILL.-KHELARISAI, PO-KHARSAWAN, PS-KHARSAWAN, DISTRICT-SERAIKELA KHARSAWAN, JHARKHAND — 833216

Name of political party : BHARATIYA JANATA PARTY

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election : ELECTION TO THE HOUSE OF THE PEOPLE - 2024

'Name of Constituency : 11— KHUNTI (ST) PARLIAMENTARY CONSTITUENCY

I ARJUN MUNDA (name of candidate), a candidate for the above-mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases


| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MS NUTAN EKKA, JUDICIAL MEGISTRATE 1, RANCHI | FIR NO. 107/23 DT. 11.04.2023. DHURWA PS, RANCHI | APPEAL FOR REVISION FILED VIDE W.P. (Cr) NO. 270 OF 2024 at Jharkhand High Court for quashing of FIR No. 107/23 of Dhurwa PS | SECTION 147, 148, 188, 109, 353, 352, 427, 323 OF I.P.C. Protest against Jharkhand State Government Policy |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NA | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council byMLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# ग्राहकों को चूना लगाने वाले फर्जी रिव्यू पर लगेगी लगाम, सरकार उठाएगी सख्त कदम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले जितनी तेजी से बढ़ रहे हैं उतने ही तेजी से धोखाधड़ी के मामले भी सामने आते रहते हैं। ऐसा अक्सर देखने को मिलता है कि ग्राहक फर्जी रिव्यूज पर भरोसा करके खराब सामान खरीद लेते हैं। इस तरह के स्कैम से ग्राहकों को बचाने के लिए भारत सरकार जल्द कोई बड़ा फैसला ले सकती है। सरकार ने मंगलवार को फर्जी रिव्यू पर लगाम लगाने के लिए क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर पर परामर्श को लेकर ई-कॉमर्स कंपनियों और ऑनलाइन समीक्षाओं से जुड़े संगठनों की बैठक बुलाई। इस बात की जानकारी उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के नोटिस में दी गई।

मंत्रालय ने ऑनलाइन उपभोक्ता समीक्षा (क्वालिटी कंट्रोल) आदेश, 2024 का एक ड्रॉफ्ट भी जारी किया है। इसमें प्रोडक्ट के वेरिफाइड खरीदारों और उपयोगकर्ताओं से ही समीक्षा स्वीकार करने का प्रस्ताव किया गया है। नोटिस के अनुसार, ''गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के तहत ग्राहकों और विक्रेताओं को जोड़ने वाली ई-कॉमर्स कंपनियों और समीक्षा से जुड़े संगठनों को निर्धारित जरूरतों के स्व-अनुपालन की घोषणा करने करने को कहा गया है।''

QCO के ड्राफ्ट में कहा गया है कि संगठन उन रिव्यूज को पब्लिश नहीं करेंगे जो खुद या सप्लायर, विक्रेता या किसी थर्ड पार्टी से खरीदी या लिखवाई गई हो।

**15 मई को होगी बैठक**

नोटिस में कहा गया है, ''संबंधित संगठन को भारतीय मानक ब्यूरो के पास रजिस्टर कराने और नियमों के अनुपालन की घोषणा करने की जरूरत है। इस संबंध में, क्यूसीओ के मसौदे पर चर्चा के लिए सचिव की अध्यक्षता में संबंधित पक्षों की बैठक 15 मई, 2024 को बुलाई गई है।''

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने प्रस्ताव दिया है कि ऑनलाइन उपभोक्ता समीक्षाओं का प्रबंधन और प्रकाशन करने वाले सभी संगठन नियमों का पालन करेंगे। इसमें फर्जी रिव्यूज पब्लिश करने पर रोक भी शामिल है और आदेश में निर्धारित जरूरतों के स्वयं के स्तर पर अनुपालन की घोषणा करते हुए बीआईएस के साथ खुद को 'समीक्षा प्रशासक' के रूप में पंजीकृत करना होगा।



# पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं राहुल गांधी : शाह

एजेंसी

**हरदोई :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक चुनावी रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पाकिस्तान से निकटता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल पाकिस्तान के एजेंडे का आगे बढ़ाने का काम करते हैं। गलती से भी यदि राहुल और अखिलेश सत्ता में आ गये तो ये दोनों शहजादे अयोध्या के राम मंदिर पर बाबरी ताला लगा देंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने बुधवार को हरदोई की चुनावी रैली में कहा कि अभी-अभी पाकिस्तान ने राहुल की प्रशंसा की। एक पत्रकार ने मुझसे पूछा कि राहुल की प्रशंसा पाकिस्तान क्यों कर रहा है? तो मैंने कहा, सर्जिकल स्ट्राइक होती है, राहुल विरोध करते हैं। नक्सली मरते हैं, राहुल विरोध करते हैं। अनुच्छेद-370 हटती है, राहुल विरोध करते हैं। राम मंदिर बनता है, राहुल विरोध करते हैं। राहुल पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं और पाकिस्तान राहुल का। उन्होंने कहा कि कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, चुनाव के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा निकालनी पड़ेगी। राहुल अमेठी से वायनाड गये और वायनाड से रायबरेली आ गये। रायबरेली में भी राहुल गांधी हारने वाले हैं।

## शाह बोले – संविधान विरोधी मुस्लिम आरक्षण को हटाकर पिछड़ा वर्ग को देंगे



**लखीमपुर खीरी :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लखीमपुर खीरी में अजय मिश्रा टेनी के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा को बहुमत ला दीजिये, इस संविधान विरोधी मुस्लिम आरक्षण को समाप्त कर-के हम पिछड़ा वर्ग को देने का काम करेंगे। उन्होंने आरक्षण के मामले में विपक्ष को घेरते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर अगर किसी ने डाका डाला है, तो वो अखिलेश यादव की साथी पार्टी कांग्रेस ने डाला है। कर्नाटक में उनको बहुमत मिला, तो इन्होंने मुसलमानों को पांच प्रतिशत आरक्षण दिया, वो भी पिछड़ा वर्ग का आरक्षण काटकर। आंध्र प्रदेश में भी जब इनकी सरकार थी, तो इन्होंने पिछड़ा वर्ग का आरक्षण काटकर मुसलमानों को आरक्षण दिया। कांग्रेस, सपा और बसपा वाले झूठा प्रचार करके भाजपा और मोदी सरकार को बदनाम कर रहे हैं।

### भाजपा और एनडीए 400 सीटों की ओर मजबूती से आगे बढ़ रही

**उन्होंने** कहा कि तीसरे चरण के चुनाव के बाद पीएम मोदी 190 सीटें पार कर गये हैं और चौथे चरण में उनके नेतृत्व में भाजपा और एनडीए 400 सीटों की ओर मजबूती से आगे बढ़ रही है। सपा, बसपा और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। चुनाव पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के साथ ही तीन करोड़ गरीब बहनों को 'लखपति दीदी' बनाने का चुनाव है। यह चुनाव और तीन करोड़ गरीबों को उनका खुद का घर देने का चुनाव है।

### गृहमंत्री ने विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए को लिया निशाने पर

**गृहमंत्री** ने विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा, कांग्रेस, टीएमसी ये सारे जो इकट्ठा हुए हैं इन्होंने 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले किये हैं। एक दिन पहले ही झारखंड में इस गठबंधन सरकार के मंत्री के निजी सचिव के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपये से अधिक पकड़े गये हैं। कुछ दिन पहले कांग्रेस के एक सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये पकड़े गये थे। उसके कुछ दिन पहले टीएमसी नेता के घर से 51 करोड़ रुपये पकड़े गये थे। मैं राहुल और अखिलेश से कहना चाहता हूं कि भ्रष्टाचार करोगे तो पकड़े भी जाओगे और जेल भी जाओगे। कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि किसानों, युवाओं और माताओं का कल्याण करना चाहते हैं तो भाजपा का वोट करिये।

## सैम पित्रोदा के बयान से भड़का विवाद

# भाजपा हुई हमलावर कांग्रेस ने झाड़ा पल्ला

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अभी तो कांग्रेस पार्टी 'विरासत कर' विवाद पर पर्दा तक नहीं डाल पायी थी, उससे पहले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने एक और विवादित बयान देकर नया बखेड़ा शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि दक्षिण में लोग अफ्रीकियों की तरह दिखते हैं और पूर्व में चीनी की तरह दिखते हैं। जहां चुनाव के बीच भाजपा ने इसे मुद्दा बना लिया है तो वहीं गर्माहट के बीच कांग्रेस ने बयान से पूरी तरह किनारा कर लिया।

दरअसल, पित्रोदा एक साक्षात्कार में भारत की विविधताओं की चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा - हम 75 वर्षों से बहुत खुशहाल माहौल में रह रहे हैं, जहां लोग यहां-वहां के कुछ झगड़ों को छोड़कर एक साथ रह सकते हैं। हम भारत जैसे विविधतापूर्ण देश को एकजुट कर सकते हैं, जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरे जैसे दिखते हैं और शायद दक्षिण के लोग अफ्रीकी जैसे दिखते हैं।

इससे पहले पित्रोदा ने अमेरिका में प्रचलित विरासत कर की अवधारणा के बारे में बोलते हुए विवाद खड़ा कर दिया था और कहा था कि ये जारी किये गये हैं जिन पर चर्चा की आवश्यकता होगी।



### भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

**केंद्रीय** मंत्री और भाजपा उम्मीदवार पियूष गोयल ने कहा - कांग्रेस दिशाहीन है। वे देश को तोड़ने के अलावा कुछ नहीं कर सकते। उनके पास न तो कोई नेता है और न ही नेतृत्व। इस बार कांग्रेस पिछली बार की तुलना में आधी सीटों पर रह जायेगी। वहीं, भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने कहा - यह बार-बार स्पष्ट हो जाता है कि सैम पित्रोदा भारत के बारे में क्या समझते हैं। यह स्पष्ट है कि वह असफल हैं। वह देश को नहीं समझते हैं। वह राहुल गांधी के सलाहकार हैं। मैं अब समझ सकता हूं कि राहुल गांधी बकवास क्यों करते हैं।

### कांग्रेस ने किया किनारा

**कांग्रेस** ने भारत की सामाजिक एवं सांस्कृतिक विविधता पर अपने सहयोगी संगठन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा की आपत्तिजनक टिप्पणी से स्वयं को अलग कर लिया है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा - कांग्रेस स्वयं को श्री पित्रोदा की टिप्पणी से अलग करती है। उन्होंने कहा - सैम पित्रोदा द्वारा भारत की विविधताओं को जो उपमाएं दी गयी हैं, वह अत्यंत गलत और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से अपने आप को पूर्ण रूप से अलग करती है।

## NEWS IN Gallery

### भाजपा ने की तेलंगाना विधान परिषद के उम्मीदवार की घोषणा

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तेलंगाना विधानपरिषद के उप चुनाव में वारंगल –खम्मम –नालगोंडा स्नातक सीट पर श्री गुज्जुला प्रेमेंदर रेड्डी को उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी की ओर से बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है।

### पूर्वोत्तर का अपमान करने पर सैम पित्रोदा के खिलाफ दर्ज करायेंगे केस : बीरेन सिंह

**इंफाल :** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह पूर्वोत्तर के लोगों के बारे में गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी करने के लिए कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायेंगे। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने भारतीय नागरिकों को चेहरे के आधार पर बांटा है। उन्होंने सैम की टिप्पणियों को नस्लवादी और गैरजिम्मेदाराना बताते हुए निंदा भी की और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का फैसला किया। बीरेन सिंह ने कहा कि उत्तर-पूर्व के नागरिक खुद को चीनी नहीं बल्कि वफादार भारतीय मानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैम पित्रोदा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए वह पहले ही वकीलों से सलाह ले चुके हैं।

### भाजपा ने 90 में समर्थन नहीं दिया होता तो ना 'कमंडल' खड़ा होता, ना 'मंडल' : सम्राट चौधरी

**पटना :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राजद अध्यक्ष लालू यादव सिर्फ एक जाति और धर्म के लोगों के पक्ष में रहते हैं। पहले भी जब वे सरकार में थे तब ऐसे कारनामे कर चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि यदि 1990 में भाजपा ने समर्थन नहीं दिया होता तो ना कमंडल खड़ा होता, ना मंडल होता। यही नहीं लालू यादव की राजनीति में उत्पति भी नहीं होती। लालू यादव कभी मुख्यमंत्री नहीं बनते, भाजपा के समर्थन से ही पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। लालू यादव की ओर से मंडल कमीशन लागू करवाने को लेकर दिये गये बयान पर सम्राट चौधरी ने आगे कहा कि लालू यादव बुजुर्ग हो गये हैं, इस कारण उनको ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा – वीपी सिंह जब प्रधानमंत्री थे तब उनके 146 सांसद थे, जबकि कांग्रेस के करीब 200 सांसद थे। भाजपा के 85 सांसद थे। वाजपेयी जी और आडवाणी जी ने मंडल कमीशन को समर्थन देकर पिछड़ों को न्याय देने का काम किया। लालू प्रसाद यादव झूठ बोल रहे हैं।

### अरुणाचल प्रदेश में भूकंप से डोली धरती

**नई दिल्ली :** अरुणाचल प्रदेश में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किये गये। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, सुबह 4:55 बजे लोअर सुबनसिरी में भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गयी। भूकंप के झटके की वजह से लोगों की नींद खुल गयी और सभी घरों से बाहर निकल गये। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, अभी तक इस भूकंप से किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप की वजह से लोग सहमे जरूर नजर आये।

## कपिल सिब्बल ने साधा पीएम मोदी पर निशाना, कहा –

# धर्म के नाम पर मांग रहे वोट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी धर्म के नाम पर जनता से वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा - प्रधानमंत्री मोदी धर्म के नाम पर लोगों से वोट मांग रहे हैं। ताज्जुब तो इस बात को लेकर है कि उम्मीदवार उन्हें खुद बुला रहे हैं और उन्हें इस बात से कोई आपत्ति नहीं है कि उनका कोई स्टार कैंपेनर धर्म के नाम पर उनके संसदीय क्षेत्र में वोट मांग रहा है। उन्होंने आगे कहा - प्रधानमंत्री मोदी विवादित मुद्दों को लेकर अपने लिये सत्ता का सेतु तैयार कर रहे हैं, जो कि किसी भी मायने में उचित नहीं है।



सिब्बल ने महिलाओं और बच्चों को लेकर प्रधानमंत्री की खामोशी पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा - प्रधानमंत्री बच्चों और महिलाओं के मामले में हमेशा ही चुप्पी साधे रहते हैं। मणिपुर में महिलाओं के साथ इतना बड़ा अत्याचार हो गया, लेकिन प्रधानमंत्री ने एक शब्द तक नहीं कहा। वहीं, महिला पहलवानों ने जिस पर यौन शोषण का आरोप लगाया, उसी के बेटे को बीजेपी ने टिकट दे दिया। कपिल सिब्बल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल में अस्पतालों के लिए भी कुछ नहीं किया।

# बैतूल के चार मतदान केंद्रों पर होगा पुनर्मतदान

- **मतदान के बाद चुनाव कर्मियों को लेकर लौट रही बस में आग लगने से जल गयी थीं ईवीएम**

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के चार मतदान केंद्रों की ईवीएम जलने के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने चुनाव आयोग को मुलताई के चार पोलिंग बूथ पर पुनर्मतदान कराने का प्रस्ताव भेजा है। मुलताई विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम गौला के पास मंगलवार रात लोकसभा चुनाव के छह मतदान केंद्रों से पोलिंग पार्टी के साथ बैतूल लौट रही बस में अचानक आग लग गयी थी। बैतूल के पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया ने बताया कि मंगलवार को तीसरे चरण में चुनाव सम्पन्न होने के बाद छह मतदान केंद्रों से मतदान दल ईवीएम और मतदान सामग्री लेकर लौट रहे थे। मंगलवार रात करीब 11.30 बजे बस के गियर बॉक्स में आग लग गयी। आग लगते ही उसमें सवार कर्मचारियों ने सामने का दरवाजा लॉक होने के कारण पीछे के दरवाजे और खिड़की को तोड़ा और बस से कूदकर अपनी जान बचायी, लेकिन ईवीएम समेत मतदान सामग्री को नुकसान पहुंचा है। इसी दौरान सूचना मिलने पर मुलताई और बैतूल से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो गयी। इस हादसे में दो ईवीएम जल गयी हैं, जबकि कुल चार ईवीएम को कुछ नुकसान पहुंचा है। बस में 36 लोग सवार थे।



# पांचवें चरण में 695 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का होगा फैसला

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए 20 मई को होने वाले मतदान में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में होंगे। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को बताया कि पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, बिहार और ओड़िशा की पांच-पांच, झारखंड की तीन और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख की एक-एक सीट पर चुनाव होगा।

इस चरण के लिए 1586 नामांकन पत्र दायर किये गये थे। तीन मई को नामांकन पत्र दायर करने की अंतिम तिथि थी और नामांकन पत्रों की जांच के बाद 749 नामांकन सही पाये गये थे। नाम वापस लेने के बाद अब कुल 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, महाराष्ट्र की 13 सीटों के लिए सबसे अधिक 512 नामांकन पत्र दायर किये गये थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के लिए 466 नामांकन पत्र दाखिल किये गये। झारखंड की चतरा संसदीय सीट के लिए सबसे अधिक 69 नामांकन जमा कराये गये। उत्तर प्रदेश की लखनऊ सीट के लिए दूसरे सबसे अधिक 67 नामांकन पत्र दायर किये गये। पांचवें चरण में एक सीट के लिए औसतन 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

# एनडीए सरकार ने महिलाओं की प्रगति का मार्ग किया प्रशस्त : नितिन गडकरी

एजेंसी

**पटना/बेगूसराय :** बिहार में बेगूसराय लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में भाजपा नीत एनडीए की सरकार ने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं सहित सभी के प्रगति और सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया है।

गडकरी ने कहा कि राजमार्गों के निर्माण से बिहार का अपेक्षित विकास संभव हो रहा है। विकास को प्राथमिकता देते हुए मटिहानी की जनता इस बार भी गिरीराज सिंह को चुनकर भाजपा-राजग को विजयी बनायेगी, यह मुझे विश्वास है। उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस-राजद की सरकार में जो काम 60 साल में नहीं हुआ वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस वर्ष के शासनकाल में हमने करके दिखाया है। दस साल में बिहार में नेशनल हाईवे का जाल बिछाया गया है। गंगा नदी सहित अनेक नदियों पर लंबे-लंबे पुल का निर्माण हुआ है। गडकरी ने कहा कि अच्छी सड़क, बिजली और टेलिकम्युनिकेशन से रोजगार और उद्योग बढ़ता है। बेरोजगारी, भूखमरी और गरीबी भी दूर होती है।



# संविधान के रक्षकों और भक्षकों का युद्ध है लोकसभा चुनाव : अखिलेश

एजेंसी

**शाहजहांपुर :** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव संविधान मंथन का चुनाव है जिसमें एक तरफ संविधान की रक्षक इंडिया समूह है तो दूसरी ओर संविधान के भक्षक की भूमिका में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग हैं। श्री यादव ने यहां एक चुनावी जनसभा में कहा - जो लोग संविधान को बदलना चाहते हैं हम उन्हें बदल देंगे एक तरफ संविधान के रक्षक हैं तो दूसरी तरफ संविधान के भक्षक, आप सभी लोगों को संविधान बचाना है। उन्होंने दावा किया कि तीन चरण में समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनता ने समर्थन देकर सबसे ज्यादा सीटों पर जीतने का फरमान सुना दी है। पहले चरण से जो हवा चली थी, उसने भारतीय जनता पार्टी को पलट दिया और जो झूठ के शहंशाह के खिलाफ मतदान कर करके उनका सफाया करने का काम किया। सपा मुखिया ने कहा - अभी यहां पर कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री भी आकर जा चुके हैं। लखनऊ वाले और दिल्ली वालों ने मिलकर के जो झूठी बातें की हैं जो झूठे आपके वादे किये हैं उनका हिसाब किताब करने का समय आ गया है और पिछले 10 साल का हिसाब किताब निकाले भारतीय जनता पार्टी के लोगों की हर बात झूठी निकलेगी।

## हमलावर | केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सैम पित्रोदा के बयान को बताया अपमानजनक, कहा -

# जाति, धर्म और अब रंग के आधार पर भारत को बांट रही कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी के मेंटर द्वारा भारतीयों को चीनी, अफ्रीकन, अरब और अंग्रेज कहना बेहद शर्मनाक और अपमानजनक है। इससे एक बार फिर स्पष्ट होता है कि कांग्रेस ने कभी पूरे भारत को एक नहीं माना बल्कि हमेशा टुकड़ों में देखा है। जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने की कोशिश के बाद अब कांग्रेस भारतीयों को उनकी चमड़ी के रंग के आधार पर बांटना चाह रही है। कभी जातिवाद, कभी क्षेत्रवाद, कभी धार्मिक आधार पर भेद-भाव, कभी उत्तर-दक्षिण में बंटवारा और अब भारत के निवासियों में रंगभेद-आखिर कांग्रेस भारत को बांटने की राजनीति क्यों करती है? इन घिनौनी साजिशों से कांग्रेस क्या हासिल करना चाहती है? अनुराग ठाकुर ने यह बातें बुधवार को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में चुनावी दौरे के बीच मीडिया कर्मियों से वातार्लाप के दौरान कहीं। अनुराग ठाकुर ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ जिला बिलासपुर में विशाल पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया। अनुराग ठाकुर ने पूछा कि आखिर राहुल गांधी के गाइड सैम पित्रोदा कब तक भारतीयों का यूं ही अपमान करते रहेंगे। कभी आप भारतीयों की संपत्ति हड़प कर अपने वोट बैंक को देने की बात करते हैं तो कभी भारतीयों की तुलना चीनियों और अफ्रीकियों से करते हैं।



### सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास भाजपा का मूल मंत्र

**अनुराग** ठाकुर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ चली है। मोदी जी ने अपने विकास की योजनाओं में कभी नहीं पूछा कि कौन हिंदू है, कौन मुसलमान है, कौन सिख है और कौन ईसाई है। सभी को समान रूप से विकास का लाभ मिला है। हमारी सरकार में तो सिर्फ वंचित वरीयता में थे। मगर कांग्रेसी धर्म के आधार पर मुसलमान को एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण काट कर देने पर तुले हैं, लेकिन जब तक भारतीय जनता पार्टी है तब तक हम कांग्रेस को हमारे एससी, एसटी और ओबीसी भाइयों का हक छीन कर मुसलमानो को नहीं देने देंगे। हमें धर्म के आधार पर आरक्षण कभी भी स्वीकार नहीं है। आरक्षण और संविधान के बारे में कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम बिल्कुल निराधार और बेबुनियाद है। कांग्रेस जहां-जहां राज्य सरकार बनाती है, वहां एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण काटकर अपने वोट बैंक को देती है। उन्होंने जहां अब तक सबसे ज्यादा 62 बार संविधान संशोधन किये हैं, वहीं पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी के सशक्तिकरण के एक नये युग की शुरुआत की है।

# मोदी सरकार ने दी सिर्फ महंगाई और बेरोजगारी : प्रियंका गांधी वाड्रा

एजेंसी

**रायबरेली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने दस साल के कार्यकाल में देश को महंगाई और बेरोजगारी के सिवा कुछ और नहीं दिया। अपने भाई और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के पक्ष में बुधवार को जनसंपर्क करने यहां पहुंची श्रीमती वाड्रा ने बछरांवा और थुलवासा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार का एकमात्र उद्देश्य चुनिंदा पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाना, उनके कर्जे माफ करना है। वहीं, दूसरी ओर आम जनता को पांच किलो मुफ्त राशन का प्रलोभन देकर सरकार ने उन्हे महंगाई और बेरोजगारी के दलदल में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के प्रति संघर्षरत राहुल गांधी को रोकने के भाजपा सरकार ने तमाम प्रयास किये। उन्हे संसद भवन से बाहर निकाला, यहां तक कि उन्हें घर से भी बेदखल कर दिया, मगर देश की आजादी के सूत्रधार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलते हुए श्री राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्याकुमारी और मणिपुर से मुबंई तक की हजारों किमी की पदयात्रा कर लोगों की समस्यायों को समझा और उनकी आवाज बुलंद की।



श्रीमती वाड्रा ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार ने महंगाई और बेरोजगारी के दंश से आम जनता को बचाने के लिए तमाम योजनायें चलायीं, मगर मौजूदा सरकार सिर्फ चंद पूजीपंतियों के लिये योजनायें चला रही है। उसे देश की गरीब जनता की दुख तकलीफ से कोई सरोकार नहीं है। खाद, बीज महंगे हो रहे हैं।